CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 06°C

मुरादाबाद, शनिवार 24 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 161 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

चुनाव प्रबंधन निकायों का तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न पेज 2

सुधार की गुंजाईश हमेशा रहती है: अभिषेक शर्मा खेल टाइम्स

बालिकाओं के साथ बढ़ते हैवानियत के मामले चिंताजनक सम्पादकीय

ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनकर फैमिली बिजनेस बढ़ाया पेज 12

अहमदाबाद प्लेन क्रैश हुए विमान में पहले से खराबी थी

नई दिल्ली। अहमदाबाद में 12 जून 2025 को क्रैश हुए एयर इंडिया के बोइंग 787 विमान में पहले से कई गंभीर तकनीकी दिक्कतें थीं। चार साल पहले प्लेन में आग भी लगी थी।

अमेरिका स्थित फाउंडेशन फॉर एविएशन सेफ्टी (एफएएस) ने दावा किया है कि विमान में इलेक्ट्रिकल सिस्टम फेल होने से एक के बाद एक कई सिस्टम बंद हुए। हो सकता है कि यही हादसे की वजह बना हो। विमान टेकऑफ के कुछ ही सेकेंड बाद अहमदाबाद के रिहायशी इलाके में गिर गया था। इस हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी। सिर्फ एक शख्स जिंदा बचा था। एफएएस के मुताबिक, यह बोइंग 787 विमान 2014 से उड़ानों में इस्तेमाल हो रहा था। व्हिसलब्लोअर के दस्तावेजों के आधार पर संगठन का दावा है कि विमान में शुरुआत से ही बार-बार तकनीकी और सिस्टम से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। 2022 में एक बार उड़ान के दौरान विमान में आग भी लगी थी।

उत्तर भारत में यकायक बदला मौसम का मिजाज, लौटी ठंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से मौसम बदल गया है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में देर रात से बारिश हो रही है। तेज हवाएं चल रही हैं। कई जिलों में तापमान घट गया है। हिमालय के राज्यों में भी बारिश-बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है।

हिमाचल के शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। इससे साढ़े तीन महीने से चल रहा ड्राई स्पेल खत्म हो गया है। जम्मू-कश्मीर के मैदानी और पहाड़ी जिलों में बर्फबारी जारी है। श्रीनगर

■ राजस्थान-यूपी में जमकर बारिश, शीतलहर चली, शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी, श्रीनगर एयरपोर्ट पर चार इंच बर्फ, सभी फ्लाइट्स कैंसिल, वैष्णो देवी यात्रा रुकी, कई स्थानों पर तापमान में भारी गिरावट

एयरपोर्ट पर 4 इंच तक बर्फ जम गई है, इसके कारण शुक्रवार के लिए सभी फ्लाइट कैंसिल कर दी गई हैं। श्रीनगर-जम्मू हाईवे भी बंद है। नवयुग टनल के पास ट्रैफिक रोक दिया गया है। मुगल, सिंथन रोड भी बंद हैं। कटरा में बर्फबारी के कारण वैष्णो देवी यात्रा रोक दी गई है। राजौरी, पुंछ और कठुआ में स्कूल बंद हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, 26 जनवरी को दूसरा स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। इससे उत्तर भारत के 9 राज्यों में बारिश और पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ या वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, पश्चिम से आने वाली हवा और बादलों का एक सिस्टम होता है। इसके एक्टिव होने से पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी, मैदानी क्षेत्रों में बारिश होती है। तापमान में गिरावट, पाला और कोल्डवेव के हालात बनते हैं। जम्मू-कश्मीर में उधमपुर पुलिस ने बर्फबारी में फंसे महिलाओं और बच्चों समेत 12 लोगों को सफलतापूर्वक बचा लिया। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोग चोचरू गल्ला इलाके में खराब मौसम के कारण फंस गए थे। चोचरू गल्ला इलाके से लगभग 12 किलोमीटर दूर संघ में पुलिस पोस्ट को एक इमरजेंसी कॉल मिली। इसके बाद अधिकारियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। उधमपुर पुलिस अधिकारियों को उस इलाके तक पहुंचने में तीन घंटे लगे जहां स्थानीय लोग फंसे हुए थे। शिमला में भी सीजन की पहली बर्फबारी हुई। घरों के बाहर सड़कों पर खड़ी गाड़ियों पर मोटी बर्फ की परत जम गई है। हिमाचल के मनाली में शुक्रवार सुबह से बर्फबारी शुरू हो गई, जिससे पूरी घाटी सफेद चादर से ढक गई है।

संक्षिप्त समाचार

छगन भुजबल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 20 साल बाद बरी

मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से चले आ रहे एक बड़े कानूनी मामले में राकांपा नेता और मंत्री छगन भुजबल को बड़ी राहत मिली है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने महाराष्ट्र सदन निर्माण से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें आरोपों से बरी कर दिया है। अदालत ने साफ कहा कि भुजबल के खिलाफ आरोप तय करने लायक ठोस सबूत पेश नहीं किए जा सके। यह मामला वर्ष 2005-06 का है। उस समय भुजबल महाराष्ट्र सरकार में लोक निर्माण विभाग के मंत्री थे। आरोप था कि नई दिल्ली में महाराष्ट्र सदन के निर्माण का ठेका एक निजी कंपनी को गलत तरीके से दिया गया। ईडी ने दावा किया था कि इस सौदे के बदले भुजबल और उनके परिजनों को कथित रूप से रिश्वत मिली थी, जिसे मनी लान्ड्रिंग बताया गया। ईडी का आरोप था कि निर्माण कंपनी केएस चमनकर ने भुजबल परिवार को किकबैक दिया। जांच एजेंसी के मुताबिक यह पैसा उन कंपनियों में भेजा गया, जिनमें भुजबल के बेटे पंकज भुजबल और भतीजे समीर भुजबल निदेशक थे।

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में जैश का आतंकी ढेर

कठुआ। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में शुक्रवार शाम सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी को मार गिराया। आईजीपी जम्मू ने आतंकी के मारे जाने की पुष्टि की है। सूत्रों के मुताबिक मारे गए आतंकी नाम उस्मान है। अभी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। सुरक्षाबलों की मुठभेड़ आतंकियों के ग्रुप से हुई है। बिलावर इलाके में अभी भी एनकाउंटर जारी है। सुरक्षाबलों की जाइंट टीम ने बिलावर इलाके में आतंकियों के 3 ठिकानों का भंडाफोड़ किया था।

बारिश के बीच गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल

नई दिल्ली। नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर शुक्रवार को बारिश के बीच गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। बारिश के बावजूद सेना के जवानों ने कदमताल करते हुए मार्च किया। रिहर्सल में कई मंत्रालयों और विभागों की झांकियां भी शामिल रहीं। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर और संस्कृति मंत्रालय ने वंदे मातरम् थीम पर झांकी निकाली। बारिश के बावजूद दर्शक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उन्होंने छाते लेकर परेड और झांकियां देखीं।

जज को उसकी लिमिट बताने वाले वकील को सीजेआई ने लगाई फटकार

आंख दिखाना चाहता है, तो दिखाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उस वकील को कड़ी फटकार लगाई, जिसने जज को लिमिट बताने की कोशिश की थी। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने वकील से कहा कि अगर वह आंखें दिखाना चाहता है तो दिखाए, हम भी यहां बैठे हैं। हम भी देखेंगे। वकील का नाम महेश तिवारी है।

उन्होंने पिछले साल कोर्टरूम की कार्यवाही के दौरान झारखंड हाईकोर्ट के एक जज के साथ मौखिक बहस के लिए जारी किए गए आपराधिक अवमानना नोटिस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। दरअसल, वकील महेश तिवारी 16 अक्टूबर को झारखंड हाईकोर्ट के जज राजेश कुमार के साथ बहस की थी। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। बहस के दौरान वकील महेश तिवारी ने जस्टिस कुमार से कहा था कि वे अपनी हद पार न करें। इसके बाद झारखंड हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना घ्का नोटिस जारी किया। इस पर वह सुप्रीम कोर्ट चले गए। हालांकि, अब सुप्रीम कोर्ट से वकील तिवारी को झटका लगा है। सीजेआई सूर्यकांत ने हाईकोर्ट की अवमानना कार्यवाही के खिलाफ अपील करने के लिए वकील महेश तिवारी को फटकार लगाई और कहा कि वह बस सुप्रीम कोर्ट से एक आदेश चाहता है, ताकि यह दिखा सके कि मेरा क्या बिगाड़ लिया। मामला तब सुलझ गया जब महेश तिवारी ने अपनी क्लाइंट को 50,000 रुपये जमा करने पर सहमति जताई। हालांकि, तिवारी का मामला खत्म होने के बाद यह मुद्दा और बढ़ गया। जैसे ही कोर्ट ने अगला मामला लिया, जस्टिस कुमार ने कथित तौर पर महेश तिवारी के तर्क पेश करने के तरीके के बारे में टिप्पणी की। इसके बाद कोर्ट ने उस वक्त अदालत में ही मौजूद झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन से वकील के आचरण का संज्ञान लेने को कहा। इसके बाद तिवारी खड़े हुए, बेंच के पास गए, और जज की ओर इशारा करते हुए कहा कि मैं अपनी तरह से बहस कर सकता हूं, आपके बताए तरीके से नहीं। कृपया इस बात का ध्यान रखें, किसी भी वकील को अपमानित करने की कोशिश न करें, मैं आपको बता रहा हूं। इस पर जज ने पलटकर जवाब दिया और कहा कि आप यह नहीं कह सकते कि कोर्ट अन्याय कर रहा है। इसके बाद वकील महेश ने कहा कि क्या मैंने ऐसा कहा। इसके बाद जज से लाइव वीडियो रिकॉर्डिंग देखने के लिए कहा, यह इशारा करते हुए कि यह कोई और वकील था, जिसने बहस की वह लाइन इस्तेमाल की थी, जिसे जस्टिस कुमार ने अपमानजनक पाया। बयान अधिवक्ता महेश तिवारी द्वारा अदालत की कार्यवाही के दौरान दिया गया बताया जा रहा है। वकील ने कहा कि कृपया रिकॉर्डिंग देखिए। मैंने केवल आपके समक्ष प्रार्थना की थी, देश न्यायपालिका को लेकर जल रहा है, ये मेरे शब्द हैं। किसी भी अधिवक्ता को अपमानित करने की कोशिश मत कीजिए, आप जज हैं, इसलिए सब जानते हैं और हम अधिवक्ता कुछ नहीं, मैं अपने तरीके से बहस करूंगा, सीमा पार मत कीजिए।

■ वकील महेश तिवारी ने जस्टिस कुमार से कहा था कि वे अपनी हद पार न करें

अगर वह माफी मांगना चाहता है, तो उसे माफी मांगनी चाहिए

नई दिल्ली। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अगर वह माफी मांगना चाहता है, तो उसे माफी मांगनी चाहिए, अगर वह जजों को आंखें दिखाना चाहता है, तो वह आगे बढ़ सकता है। हम यहां बैठे हैं, और हम भी देखेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट से यह भी कहा कि अगर वह माफी मांगता है, तो सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाए। महेश तिवारी का जस्टिस राजेश कुमार के साथ तीखी बहस तब हुई, जब वह अपनी क्लाइंट (एक विधवा) के लिए राहत मांग रहे थे, जिसकी बिजली लाइन 1.30 लाख रुपये के बकाया के कारण काट दी गई थी। सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा था कि उनकी क्लाइंट कनेक्शन दोबारा लगवाने के लिए 25,000 रुपये जमा करने को तैयार है। हालांकि, जस्टिस कुमार ने एक न्यायिक मिसाल का हवाला दिया, जिसमें कुल बकाया राशि का 50 प्रतिशत जमा करने की आवश्यकता थी।

तमिलनाडु में डीएमके सरकार का काउंट डाउन शुरू: पीएम

तिरुवनंतपुरम। पीएम मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु और केरल का दौरा किया। यहां उन्होंने दो रैलियों को संबोधित किया। केरल के तिरुवनंतपुरम में 55 मिनट की स्पीच में पीएम ने कहा कि 1987 के पहले गुजरात में बीजेपी एक हाशिए की पार्टी थी। अखबार में दो लाइन नहीं छपती थीं। 1987 में पहली बार अहमदाबाद में नगर निगम में जीत हासिल की, वैसे ही बीजेपी ने तिरुवनंतपुरम में हासिल की। यहां से केरल में भाजपा की नींव पड़ गई है।

तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में पीएम ने कहा कि राज्य के लोग डीएमके के कुशासन से मुक्ति चाहते हैं। डीएमके सरकार का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। पीएम ने गांधी परिवार का नाम लिए बिना कहा कि तमिलनाडु सरकार बस एक परिवार की जी हुजूरी में लगी है। पीएम का तमिलनाडु और केरल का दौरा इसलिए भी खास है क्योंकि इसी साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। मोदी नेकहा कि डीएमके ने वादे बहुत किए, लेकिन काम जीरो रहा। डीएमके सरकार को लोग भ्रष्ट सरकार बोल रहे हैं। यानी करप्शन माफिया और क्राइम को बढ़ावा देने वाली सरकार। तमिलनाडु की जनता डीएमके को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। यहां एनडीए की डबल इंजन सरकार बनना तय है। डीएमके में

वही आगे बढ़ता है जिसके पास करप्शन रूट, एब्यूज वूमेन रूट और एब्यूज अवर कल्चर रूट हैं। यही कारण है कि डीएमके में वहीं लोग आगे बढ़ रहे हैं जिन्हें ए सब काम आते हैं। तमिलनाडु का बच्चा बच्चा जानता है कि कहां कितना करप्शन हो रहा है और ये कमाई किसकी जेब में जा रही है। बीते 11 सालों में एनडीए की केंद्र सरकार ने अभूतपूर्व काम किया है। 2014 से पहले दिल्ली में जब कांग्रेस गठबंधन की सरकार थी। तब तमिलनाडु के विकास के लिए कम फंड दिया जाता था। पिछले 11 साल में एनडीए सरकार ने 3 लाख करोड़ रुपये तमिलनाडु को दिए हैं। ये कांग्रेस सरकार की तुलना में करीब 3 गुना है। एनडीए सरकार ने तमिलनाडु के वेलफेयर के लिए करोड़ों रुपये दिए हैं। कांग्रेस गठबंधन के कार्यकाल में गरीब, एससी, एसटी, ओबीसी के वेलफेयर के नाम पर सिर्फ घोटाले होते थे।

धार की जमीन ने दिया धीरज का परिचय

धार। धार की भोजशाला में शुक्रवार को पड़ी वसंत पंचमी शांति से संपन्न हो गई। कड़ी सुरक्षा के बीच भोजशाला में मां सरस्वती की पूजा और नमाज अदा कराई गई। इस दौरान किसी भी तरह से विवाद को स्थिति निर्मित नहीं हो पाई। तय संख्या में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने नमाज पढ़ी और भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक मां सरस्वती की पूजा और हवन जारी रहा।

पूर्णाहूति के बाद हवन पूर्ण हुआ और धारवासियों ने चौन की सांस ली। आस्था और इबादत की दोनों धाराएं शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच एक जगह और एक समय पर मिलीं, लेकिन इस बार विवाद नहीं हुआ। न पत्थर चले और न ही आंसू गैस के गोले छोड़े गए। बीते वर्षों में जब भी वसंत पंचमी शुक्रवार को आई थी,

■ विवादित भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक हुई पूजा, अमन-चैन के बीच जुमे की नमाज भी अदा कराई गई

धार के हालात बिगड़े थे, लेकिन इस बाद प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी थी और धार के लोगों ने भी धीरज धरा। वसंत पंचमी और जुम्मे की नमाज निर्विघ्न तरीके से सम्पन्न हुई। भोज उत्सव समिति ने धर्मसभा भी आयोजित की। जिसमें वर्ष 2034 तक धार में भव्य मंदिर बनाने की बात कही गई। शांतिपूर्ण तरीके से पूजा और नमाज कराना प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश ने राह आसान कर दी। भोजशाला की मस्जिद में दोपहर 2 बजे नमाज भी अदा कराई गई। वज्र वाहन में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों को सुरक्षा के साथ लाया गया। 20 मिनट तक नमाज अदा होने के बाद समाजजनों को वापस ले जाया गया। 15 से अधिक संख्या में मुस्लिम समाज के लोग आए थे। इसके लिए प्रशासन ने पास भी जारी किए। वसंत पंचमी पर धार शहर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। भोजशाला जाने वाले हर रास्ते पर पुलिस का पहरा था और बैरिकेड लगाए गए थे। आसमान पर ड्रोन मंडरा रहे थे। घरों की छतों से लेकर गलियों तक कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। धार में जब-जब शुक्रवार और वसंत पंचमी का मिलन हुआ, धार में तनाव और संघर्ष ने भी दस्तक दी, इसीलिए प्रशासन ने सुरक्षा में कोई कसर बाकी नहीं रखी।

पाक को लेकर बड़ा खुलासा

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ लड़ने का एक खतरनाक और सस्ता युद्ध मॉडल अपनाया है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, इस ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान की तरफ से 800 से ज्यादा ड्रोन भारतीय हवाई सीमा में भेजे गए। इसे लो लेवल ड्रोन वॉरफेयर (कम ऊंचाई पर ड्रोन युद्ध) कहा जाता है।

सूत्र बताते हैं कि यह सिर्फ इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं हैं, बल्कि भारत की एयर डिफेंस और एंटी ड्रोन शील्ड परखने की सैन्य रणनीति का संकेत है। ये ड्रोन कम ऊंचाई पर उड़ते हैं, जिससे रडार को चकमा दे सकते हैं। ज्यादातर ड्रोन राजस्थान और पंजाब की सीमा पर देखे गए। भारतीय सुरक्षा बलों ने 800 में से करीब 240 ड्रोन मार गिराए। 5 ड्रोन में हथियार या युद्ध से जुड़ा सामान मिला। 160 से ज्यादा

■ भारत की एंटी ड्रोन शील्ड चेक कर रहा पाकिस्तान, ऑपरेशन सिंदूर के बाद से 800 ड्रोन भेजे

ड्रोन दूसरे सामान गिराने के लिए आए थे, जबकि करीब 72 ड्रोन नशीले पदार्थ लेकर आए थे। इस साल जनवरी में अब तक ड्रोन घुसपैठ की 12 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। सूत्रों के अनुसार, ज्यादातर ड्रोन सर्विलांस करने आए थे। इनका मकसद भारतीय सेना की तैनाती और उसका पैटर्न पता लगाना था। पाकिस्तान ऐसे सर्विलांस से आतंकियों की घुसपैठ के रास्ते खोजता रहा है। सैन्य संचालन- महानिदेशक स्तर पर हॉटलाइन पर होने वाली वार्ता में भारत ने ड्रोन एक्टिविटी पर आपत्ति दर्ज कराई है।

साढ़े चार करोड़ नौकरियां, लाखों कारोबार दांव पर: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि अमेरिकी टैरिफ से कपड़ा निर्यातकों को भारी नुकसान हुआ है। राहुल ने कहा 4.5 करोड़ से अधिक नौकरियां और लाखों कारोबार दांव पर लगे हैं, लेकिन मोदी ने न तो कोई राहत दी है और न ही अमेरिकी टैरिफ पर कुछ कहा। मोदी जी, आप जवाबदेह हैं, कृपया इस मुद्दे पर ध्यान दें। राहुल ने वीडियो के साथ एक्स (ग) पर किए गए पोस्ट में कहा, अमेरिका में 50 फीसदी टैरिफ और अनिश्चितता भारत के कपड़ा निर्यातकों को बुरी तरह नुकसान पहुंचा रही है। नौकरियां जा रही हैं, फैक्ट्रियां बंद हो रही हैं और ऑर्डर कम हो रहे हैं-यह

■ मोदी जवाबदेह, न राहत दी, न अमेरिकी टैरिफ पर कुछ बोले, यह हमारी डेड इकानोमी की सच्चाई: कांग्रेस सांसद

हमारी डेड इकानोमी की सच्चाई है। राहुल कहा कि भारत के लिए यह बेहद जरूरी है कि अमेरिका के साथ ऐसा व्यापार समझौता किया जाए, जिसमें भारतीय कारोबार और मजदूरों के हित सर्वोपरि हों। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को अपनी कमजोरी का असर अर्थव्यवस्था पर और नहीं पड़ने देना चाहिए। राहुल ने हरियाणा की कपड़ा फैक्ट्री के अपने हालिया दौरे का वीडियो सोशल पर शेयर किया। उन्होंने मजदूरों के बात भी की। गांधी ने यही वीडियो यूट्ड्ब पर भी शेयर किया और उसके साथ एक पोस्ट लिखा। मोदी जी, आप जवाबदेह हैं, कृपया इस मुद्दे पर ध्यान दें! वीडियो में राहुल गांधी कपड़ा फैक्ट्री के विभिन्न हिस्सों का दौरा करते हैं। वहां काम कर रहे मजदूरों और अफसरों से बातचीत करते हैं और कपड़ा काटने की प्रक्रिया में खुद भी हाथ आजमाते नजर आते हैं। राहुल ने कहा कि भारत का कपड़ा उद्योग हमारी अर्थव्यवस्था में दूसरा सबसे बड़ा रोजगार देने वाला सेक्टर है। हमारे कपड़े दुनियाभर में पसंद किए जाते हैं और हमारे कपड़ा कारीगरों की कारीगरी वाकई बेजोड़ है। लेकिन आज यह उद्योग अमेरिकी टैरिफ के कारण गहरी अनिश्चितता और डर का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में 50 फीसदी टैरिफ, यूरोप में गिरती कीमतें और बांग्लादेश व चीन से कड़ी प्रतिस्पर्धा के चलते हमारे कपड़ा निर्यातक हर तरफ से दबाव में हैं। गांधी के मुताबिक इसका सीधा असर रोजगार पर पड़ रहा है- फैक्ट्रियां बंद हो रही हैं, कच्चे माल की खरीद घट रही है और पूरे सेक्टर में भारी उथल-पुथल है। श्री गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार मनमाने कानून बनाकर लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति-एक वोट' के अधिकार को खत्म करना चाहती है। उनकी मंशा है कि हिंदुस्तान के चुने हुए लोगों के पास ही शक्ति हो और वे जिस तरह से चाहें देश को चलाएं। गरीबों को कुचलने का अधिकार भाजपा अडानी-अंबानी को देना चाहती है।

कर्नाटक हाईकोर्ट ने बाइक टैक्सी से बैन हटाया

बेंगलुरु। बेंगलुरु में अब बाइक टैक्सी चल सकेंगी। शुक्रवार को कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को परमिट जारी करने का निर्देश दिया।

चीफ जस्टिस विभु बखरू और जस्टिस सी एम जोशी की बेंच ने सुनवाई की। बेंच ने कहा कि ओला, उबर समेत एप बेस्ड एग्रीगेटर कंपनियों की अर्जी स्वीकारी गई है। मौजूदा कानूनों के तहत जरूरी परमिशन पर बाइक को ट्रांसपोर्ट व्हीकल के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। बेंच ने कहा है कि बाइक टैक्सी चलाने वाले वाहन मालिकों या एग्रीगेटर कंपनियों को जरूरी लाइसेंस के लिए आवेदन करना होगा। राज्य सरकार बाइक टैक्सी रेगुलेशन में शर्तें लगा सकती है, लेकिन सिर्फ इसलिए रजिस्ट्रेशन की अर्जी खारिज नहीं कर सकती कि वाहन बाइक है। अप्रैल 2025 में हाईकोर्ट ने बेंगलुरु में बाइक टैक्सी पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि जब तक राज्य सरकार मोटर व्हीकल्स एक्ट के तहत नियम नहीं बनाती, तब तक इनपर बैन रहेगा।

संक्षिप्त समाचार

शंकराचार्य को स्नान से वंचित करना घोर अपराध: आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वहां की सरकार ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को स्नान से वंचित करके घोर अपराध और पाप किया है। सिंह ने शंकराचार्य से प्रयागराज में शुक्रवार को मुलाकात करने के बाद कहा कि शंकराचार्य को स्नान से वंचित कर उत्तर प्रदेश की सरकार ने घोर अपराध और पाप किया है। उन्होंने कहा कि उससे भी बड़ी अपमानजनक बात यह है शंकराचार्य से शंकराचार्य होने का प्रमाण मांगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग आज तक अपना डिग्री नहीं दिखा पाए वह शंकराचार्य से शंकराचार्य होने का प्रमाण मांग रहे है।

योगी ने दी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धाजंलि

लखनऊ। स्वाधीनता आंदोलन के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हजरतगंज स्थित नेताजी सुभाष चौक पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। योगी ने कहा कि क्रांतिकारियों के सिरमौर के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारत की आजादी की लड़ाई को नई दिशा दी। उनका विराट व्यक्तित्व और अदम्य साहस आज भी हर भारतीय को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' और 'दिल्ली चलो' जैसे नारों ने देशवासियों के भीतर आजादी की अलख जगाई और युवाओं में जोश भर दिया।

उप्र में कौशल क्रांति को मिलेगा नया आयाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और उद्यमिता को नई गति देने के उद्देश्य से नोएडा परिधान निर्यात क्लस्टर और राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

एमओयू के तहत आगामी पांच वर्षों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 18 जिलों के 128 विकास खंडों और 10,323 गांवों से जुड़े एक लाख युवाओं को 28 विभिन्न क्षेत्रों में अल्पकालिक, रोजगारोन्मुख कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद लगभग 70 हजार युवाओं को औद्योगिक इकाइयों में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

■ पश्चिमी उप्र के 18 जिलों के 128 विकास खंडों और 10,323 गांवों से जुड़े एक लाख युवाओं को 28 विभिन्न क्षेत्रों में रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण दिया जाएगा

इस पहल की एक प्रमुख विशेषता यह है कि कुल प्रशिक्षुओं में 50 प्रतिशत महिलाएं होंगी, जिससे महिला सशक्तिकरण को नई मजबूती मिलेगी।

देश के अग्रणी परिधान निर्यात क्लस्टरों में शामिल एनएईसी, उद्योग की जरूरतों के अनुरूप विशेषकर गारमेंट एवं संबद्ध क्षेत्रों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा। प्रशिक्षण से लेकर प्लेसमेंट तक की पूरी प्रक्रिया एनएईसी के डिजिटल पोर्टल 'कौशल गंगा' के माध्यम से संचालित की जाएगी। इसके साथ ही 'कौशल आजीविका' और 'कौशल बाजार' पोर्टल प्रशिक्षुओं को आजीविका और बाजार से जोड़ने में सहायक होंगे। इस सहयोग में राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद की अहम भूमिका होगी। भारत सरकार के राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) से मान्यता प्राप्त एससीवीटी प्रशिक्षुओं के मूल्यांकन और प्रमाणन का कार्य करेगी। एमओयू के तहत एनएईसी द्वारा प्रति प्रशिक्षु 1,200 रुपए प्रमाणन शुल्क एससीवीटी को दिया जाएगा। साथ ही एससीवीटी स्वयं स्तर पर पाठ्यक्रम विकसित कर उन्हें राष्ट्रीय परिषद से अनुमोदित भी कराएगी।

सरकार का लक्ष्य हर युवा कौशल बने: कपिल

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर युवा कुशल बने और उसे रोजगार के लिए भटकना न पड़े। एनएईसी और एससीवीटी के बीच यह एमओयू उद्योग और शिक्षा के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेगा। एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरि ओम तथा विशेष सचिव एवं निदेशक, एससीवीटी अभिषेक सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल को प्रदेश की कौशल नीति के क्रियान्वयन की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

महाराष्ट्र सरकार जो निवेश गिनाती है, वह जमीन पर क्यों नहीं दिखता: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने महाराष्ट्र की भाजपा सरकार पर निवेश के आपसी समझौतों पर हस्ताक्षर-एमओयू करने के मामले में झूठे आंकड़े देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य के मुख्यमंत्री जो दावे करते हैं, वैसा जमीन पर कहीं कुछ नहीं है।

महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता अतुल लोढ़े पाटिल ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्विट्जरलैंड के दावोस में हमेशा की तरह इस साल भी 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' की बैठक हुई और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस गाजे-बाजे के साथ इस बैठक में भाग लेने के लिए दावोस गए। फडणवीस अब दावा कह रहे हैं कि आने वाले दिनों में महाराष्ट्र में 30 लाख करोड़ रुपए का निवेश आने वाला है। कांग्रेस नेता ने कहा कि 2023-24 में भी इसी तरह के दावे किए गए थे। तब एकनाथ शिंदे राज्य के मुख्यमंत्री थे और उन्होंने 3 लाख 60 हजार करोड़ रुपए निवेश आने की बात कही थी। फिर जब शिंदे को हटाकर फडणवीस मुख्यमंत्री बने, तो 2024-25 में 15 लाख करोड़ का निवेश आने के दावे किए गए और अब 30 लाख करोड़ की बात हो रही है। उन्होंने सवाल किया कि आंकड़ों के मुताबिक पिछले तीन साल में 50 लाख करोड़ का निवेश महाराष्ट्र में आ चुका है और इस हिसाब से महाराष्ट्र की सारी समस्याएं अब खत्म हो जानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है तो इससे सवाल पूछना लाजमी है कि महाराष्ट्र सरकार ने कितने एमओयू पर हस्ताक्षर किए और जो दावे किए जा रहे हैं उनमें से कितने कार्यान्वित हुए। इस प्रक्रिया के तहत कितने किसानों से भूमि का आंवटन उद्योगों के लिए किया गया, कितने एमओयू हकीकत में बदले और कितने लोगों को रोजगार मिला।

सवाल उठाने वालों को अपमानित कर रही भाजपा: सपा

लखनऊ, वार्ता

समाजवादी पार्टी ने सतुआ बाबा का जिक्र किए बगैर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में 'भाजपा की गुलामी करने वालों' को वीआईपी सुविधा और सुरक्षा मिलती है, जबकि धर्म और जनता की आवाज उठाने वालों को अपमानित कर हिंसा का शिकार बनाया जाता है।

शुक्रवार को समाजवादी पार्टी ने अपने मीडिया सेल हैंडिल पर पोस्ट करते हुए कहा कि जो मुख्यमंत्री और भाजपा की गुलामी करेगा, वो चार्टर प्लेन से चलेगा, बड़ी-बड़ी करोड़ों की गाड़ियों से चलेगा और उसके दरवाजे पर अफसर रोटियां बेलेंगे। लेकिन जो गौमाता की रक्षा, गंगा मैया की रक्षा और आम आदमी की बात करेगा, उसे हिंदू विरोधी और कालनेमी कहा जाएगा। गौरतलब है कि प्रयागराज माघ मेले में इस बार सतुआ बाबा अपनी गाड़ियों को लेकर खासे चर्चा में हैं। कभी डिफेंडर तो कभी पोर्शे तो कभी बुलडोजर पर बैठ कर फोटो खिंचाने की तस्वीर ज्यादा वायरल हुई है। सपा ने प्रयागराज के स्नान पर्व में धर्माचार्यों के साथ हुई कथित घटनाओं को 'बेहद शर्मनाक' बताते हुए कहा कि जब सतुआ बाबा और भाजपा के गुलाम बाबाओं का बुलडोजर स्नान स्थल तक जा सकता है, तो सदियों पुरानी परंपरा वाली शंकराचार्य की पालकी क्यों नहीं जाने दी गई। पालकी तो बुलडोजर से छोटी होती है, बुलडोजर से एक्सीडेंट की संभावना होती है, फिर भी प्रशासन ने उसे रास्ता दिया और पालकी रोकी। पार्टी ने आरोप लगाया, ये स्पष्ट रूप से शंकराचार्य की हत्या की साजिश थी, जिसे वक्त रहते शंकराचार्य ने पहचान लिया।

■ जो मुख्यमंत्री और भाजपा की गुलामी करेगा वो चार्टर प्लेन से चलेगा

चुनाव प्रबंधन निकायों का तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न

मतदाता सूचियों की शुद्धता का संकल्प लिया

नई दिल्ली, वार्ता

■ चुनाव संचालन, प्रौद्योगिकी के उपयोग और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में मिल कर काम करने पर सहमति

■ चुनाव प्रबंधन निकायों का तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'दिल्ली घोषणा-2026' के साथ सम्पन्न

चुनाव आयोग द्वारा लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन पर यहां आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईआईसीडीईएम-2026) शुक्रवार को 'दिल्ली घोषणा-2026' के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें 42 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों ने अन्य बातों के अलावा मतदाता सूचियों की शुद्धता, चुनाव संचालन, प्रौद्योगिकी के उपयोग और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में मिल कर काम करने का संकल्प लिया है।

भारत मंडपम में आयोजित इस सम्मेलन के समापन सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और उनके सहयोगी चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी, 42 देशों निर्वाचन प्रबंधन निकायों के प्रमुख, 70 से अधिक राष्ट्रीय संस्थानों के विशेषज्ञ, चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारी तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 36 मुख्य चुनाव अधिकारी उपस्थित थे।

समापन सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार ने 'दिल्ली घोषणा 2026' को पढ़ा और सम्मेलन में शामिल सभी निर्वाचन प्रबंधन निकायों की ओर से इसे सर्वसम्मति से अपनाया गया। इस घोषणा पत्र में चुनाव निकायों ने पांच क्षेत्रों- निर्वाचक नामावलियों की शुद्धता, चुनावों का संचालन, अनुसंधान एवं प्रकाशन, प्रौद्योगिकी का उपयोग तथा प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण-पर मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया है। प्रतिभागियों ने अपनी प्रगति की समय-समय पर समीक्षा करने तथा 3, 4 और 5 दिसंबर 2026 को भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम), नई दिल्ली में पुन: बैठक करने का प्रस्ताव भी पारित किया। चुनाव आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार उपस्थित सभी चुनाव प्रबंधन निकायों ने विश्व के लोकतंत्रों पर सह- संकलित लोकतंत्र विश्वकोश प्रकाशित करने, सात विषयों पर व्यापक रिपोर्ट तथा 36 विषयों पर रिपोर्ट तैयार करने पर का निर्णय लिया है। इनमें सात विषयों पर व्यापक रिपोर्ट तैयार किए जाने का काम वैश्विक अंतर-सरकारी संस्था इंटरनेशनल आईडीईए के नेतृत्व में तथा 36 अन्य विषयों पर रिपोर्ट बनाने के काम का नेतृत्व आईआईआईडीईएम कर रहा है।

प्रक्रियाओं के प्रशिक्षण एवं आदान-प्रदान का भी संकल्प लिया

सम्मेलन में चुनाव आयोग के एकीकृत डिजिटल मंच ईसीआईनेट जैसी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के सह-विकास, और आईआईआईडीईएम के माध्यम से पारदर्शी प्रक्रियाओं के प्रशिक्षण एवं आदान-प्रदान का भी संकल्प लिया, ताकि चुनाव संचालन एवं निर्वाचक नामावली की तैयारी में व्यावसायिकता को बढ़ावा दिया जा सके। कुमार ने कहा कि इस सम्मेलन ने अंतर्राष्ट्रीय निर्वाचन मानकों पर महत्वपूर्ण संवाद को प्रोत्साहित किया है। सम्मेलन के दौरान आयोजित 40 से अधिक द्विपक्षीय बैठकों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन बैठकों से आपसी सहयोग, सामूहिक प्राथमिकताओं और दृष्टिकोणों की समझ का विस्तार हुआ है। चुनाव आयुक्त डॉ. संधू ने कहा कि पारस्परिक सम्मान, खुलेपन और एक-दूसरे से सीखने की इच्छा वैश्विक निर्वाचन समुदाय की परिपक्वता और व्यावसायिकता को दर्शाती है। चुनाव आयुक्त डॉ. जोशी ने कहा कि ईसीआईनेट का शुभारंभ भारतीय तकनीकी प्रगति का प्रतीक है और यह इस बात को रेखांकित करता है कि चुनाव आयोग प्रौद्योगिकी को इस प्रकार अपनाता है, जिससे वह विश्वास को सुदृढ़ करे, न कि उसका स्थान ले।

सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65

सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

अर्थ व्यापार

चांदी रु. 287550
प्रति किलो

शेयर बाजारों में फिर गिरावट सेंसेक्स 770 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को शुरुआती तेजी के बाद बिकवाली हावी होने से बीएसई का सेंसेक्स 769.67 अंक (0.94 प्रतिशत) लुढ़ककर 81,537.70 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 241.25 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की गिरावट में 25,048.65 अंक पर रहा। डॉलर की तुलना में रुपए के कमजोर पड़ने से शेयर बाजार में भी निवेश धारणा प्रभावित हुई। अनंतिम जानकारी के अनुसार रुपया आज 42 पैसे टूटकर पहली बार 92 रुपए प्रति डॉलर तक उतर गया। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों का और बुरा हाल रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.94 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 1.95 प्रतिशत की गिरावट में रहा। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी गई और सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। बैंकिंग, रियलटी, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस, ऑटो, वित्त और मीडिया सेक्टरों पर दबाव अधिक रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर 7.5 प्रतिशत से ज्यादा टूटा। इटरनल में छह फीसदी से अधिक और इंडिगो में चार प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही। एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व और पावर ग्रिड के शेयर दो से तीन प्रतिशत की बीच टूटे। मारुति सुजुकी, बीईएल, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, ट्रेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज में एक से दो प्रतिशत के बीच गिरावट रही। टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर करीब एक फीसदी ऊपर बंद हुआ। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एशियन पेंट्स और टीसीएस में भी तेजी रही।

अब देश में बनेंगे वाणिज्यिक विमान मंगलवार को होगी घोषणा

नई दिल्ली। अडानी समूह 'मेक इन इंडिया' की दिशा में बड़ी पहल करते हुए देश में वाणिज्यिक विमानों का निर्माण शुरू करने वाला है। अडानी समूह की कंपनी अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने इसके लिए ब्राजील की विमान बनाने वाली कंपनी एंब्रेयर के साथ करार करने जा रही है। आगामी 27 जनवरी को यहां राजीव गांधी भवन स्थित नागरिक उड्ड यन मंत्रालय में इसकी घोषणा की जाएगी। दोनों कंपनियों की ओर से मीडिया ब्रीफिंग के लिए जारी संयुक्त आमंत्रण में कहा गया है कि भारत के वाणिज्यिक विमानन की 'मेक इन इंडिया' यात्रा में एक ऐतिहासिक विकास की घोषणा की जानी है। आमंत्रण में यह भी कहा गया है कि यह घोषणा 'एयरोस्पेस में भारत की आत्मनिर्भरता के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर' साबित होगी। इससे पहले मीडिया में इस तरह की खबर आई थी कि दोनों कंपनियों ने भारत में वाणिज्यिक विमानों के निर्माण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। पहले उम्मीद की जा रही थी कि 28 से 31 जनवरी तक हैदराबाद में आयोजित 'विंग्स इंडिया 2026' में इसकी घोषणा की जाएगी। 'विंग्स इंडिया 2026' में एंब्रेयर अपने ई195-ई2 और ई175 विमानों का प्रदर्शन कर रही है। ई195-ई2 एक छोटा नैरोबॉडी वाणिज्यिक विमान है, जिसमें 132.146 सीटें हो सकती हैं।

केंद्र ने वेतन और पेंशन संशोधनों को दी मंजूरी

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख वित्तीय संस्थाओं के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए व्यापक वेतन एवं पेंशन संशोधनों को मंजूरी प्रदान की। यह कदम सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों (पीएसजीआईसी), राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और भारतीय रिजर्व बैंक के मौजूदा तथा पूर्व कर्मचारियों की आर्थिक कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से लिया गया है।

केंद्र सरकार के इस संशोधन से कुल मिलाकर लगभग 46,322 कर्मचारी (23,570 पेंशनर) और 23,260 परिवार पेंशनर लाभान्वित होंगे। वित्त मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि कर्मचारियों के लिए वेतन संशोधन एक अगस्त 2022 की पूर्ववर्ती तिथि से लागू होगा। इसमें मूल वेतन और महंगाई भत्ता में 14 प्रतिशत वृद्धि की गई है, जिससे कुल वेतन खर्च में 12-41 प्रतिशत वृद्धि होगी। इसके अलावा जो एक अप्रैल 2010 के बाद जुड़े कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में कर्मचारियों का योगदान 10 से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया गया है। परिवार पेंशन में भी 30 प्रतिशत की एक समान वृद्धि की गई है, जो आधिकारिक गजट में प्रकाशन की तिथि से लागू होगी। इन संशोधनों से पीएसजीआईसी पर 8,170.30 करोड़ रुपए का वित्तीय असर पड़ने का अनुमान है। पीएसजीआईसी में जो प्रमुख बीमा कंपनियां शामिल हैं उनमें नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और एग्रीकल्चरल इंश्योरेंस कंपनी शामिल हैं। नाबार्ड के ग्रुप ए, बी और सी के लगभग 3,800 वर्तमान और पूर्व कर्मचारी एक नवंबर 2022 से लगभग 20 प्रतिशत बढ़े हुए वेतन और भत्ते के हकदार होंगे। इसके साथ ही नाबार्ड के उन सेवानिवृत्तों के लिए भी पेंशन संशोधन मंजूर किया गया है, जो एक नवंबर 2017 से पहले जुड़े और सेवानिवृत्त हुए थे, ताकि उनकी पेंशन भी पूर्व आरबीआई-नाबार्ड सेवानिवृत्तों के समान हो सके। केवल वेतन संशोधन से वार्षिक वेतन बिल में लगभग 170 करोड़ रुपए की वृद्धि होगी, जबकि बकाया राशि लगभग 510 करोड़ रुपए होगी।

■ प्रमुख वित्तीय संस्थाओं के 95 हजार से अधिक कर्मचारियों, पेंशनभोगियों को मिलेगा लाभ

कफ सिरप तस्कर भोला प्रसाद की 28.50 करोड़ की संपत्ति कुर्क

सोनभद्र। कोडीन युक्त कफ सिरप की जांच कर रही सोनभद्र पुलिस की एसआईटी टीम ने मुख्य अभियुक्त भोला प्रसाद की अपराध जगत से अर्जित की गई 28.50 करोड़ की संपत्ति न्यायालय के आदेश पर कुर्क कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी के मुख्य अभियुक्त भोला प्रसाद के खिलाफ राबर्ट्सगंज कोतवाली में एनडीपीएस व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। इस मामले की जांच एसआईटी द्वारा किया जा रहा है। एसआईटी ने कफ तस्करी के मुख्य अभियुक्त वाराणसी निवासी भोला प्रसाद को कुछ दिन पहले विदेश पलायन के प्रयास के दौरान दमदम एयरपोर्ट, कोलकाता से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार सोनभद्र में निरुद्ध किया गया है। एसआईटी जांच में प्रकाश में यह तथ्य आया कि अभियुक्त द्वारा कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी के लिए संगठित सिंडिकेट का संचालन करते हुए अपराध से अर्जित लगभग 28 करोड़ 50 लाख की चल एवं अचल संपत्ति अर्जित की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त संपत्तियों को चिन्हित करते हुए धारा 107 बीएनएसएस के अंतर्गत कुर्की के लिए न्यायालय में रिपोर्ट प्रेषित की गई थी। न्यायालय द्वारा पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर 22 जनवरी को अभियुक्त की अपराध से अर्जित चल-अचल संपत्तियों को कुर्क किए जाने का आदेश पारित किया गया।

इस आदेश के अनुपालन में आज 23 जनवरी को इण्डियन बैंक शम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय शाखा, वाराणसी में जमा 53 लाख 93 हजार 276 रुपए और 60 लाख रुपए की फिक्स डिपॉजिट और अन्य दो खाते में जमा 68 लाख 96 हजार, एक मर्सिडीज बेंज कार अनुमानित कीमत एक करोड़ 22 लाख 15 हजार रुपए, तीन अचल संपत्ति अनुमानित कीमत एक करोड़ 98 लाख रुपए समेत 23 करोड़ की संपत्ति को जब्त किया गया है। गौरतलब है कि सोनभद्र पुलिस ने कोलकाता से सरगना शुभम जायसवाल के पिता भोला जायसवाल को गिरफ्तार किया था। दोनों ने मिलकर उत्तर प्रदेश के साथ बंगाल और बांग्लादेश तक प्रतिबंधित कफ सिरप का नेटवर्क फैला रखा था। शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला प्रसाद जायसवाल ने शैली ट्रेडर्स फर्म तथा अन्य फर्मों के जरिए करोड़ों रुपए का काला कारोबार प्रतिबंधित कफ सिरप के माध्यम से किया।

आजादी में बोस के योगदान को मिटाने के कांग्रेस ने किए प्रयास: भाजपा

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कांग्रेस और जवाहर लाल नेहरू सरकार पर देश की आजादी के लिए किए जाने वाले प्रयासों में बाधा डालने और उनके योगदान को मिटाने और कम आंकने का आरोप लगाते हुए निशाना साधा।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पंडित जवाहरलाल नेहरू पर यह आरोप लगाए और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा उन्हें संरक्षण प्रदान करने का भी आरोप लगाया। त्रिवेदी ने नेताजी को लेकर कांग्रेस के साथ-साथ कम्युनिस्ट और तृणमूल कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है, जिसे हम सब पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हैं। नेताजी ने 1943 में भारत की पहली निर्वासित सरकार बनाते समय किसी वायसराय या गवर्नर जनरल से शपथ नहीं ली थी, जबकि पंडित नेहरू को सरकार बनाते समय दो सितंबर 1946 को वेवल ने और 15 अगस्त, 1947 को माउंटबेटन ने शपथ दिलाई थी। श्री त्रिवेदी ने कहा कि आज पूर्ण स्वतंत्र विचारों से स्वतंत्र भारत की पहली स्वतंत्र सरकार स्थापित करने के प्रथम प्रतीक सुभाष चन्द्र बोस के स्मरण का पर्व है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता में अनेक लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। उसमें नेताजी का योगदान सर्वाधिक अग्रणी और अविस्मरणीय है लेकिन उसे विस्मृत करने के अनेक कुत्सित प्रयास भारत के इतिहास में हुए हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने 1955 में बीबीसी को दिए अपने साक्षात्कार में कहा है कि भारत को जो आजादी मिली, वो इसलिए मिली, क्योंकि भारतीय सेना के सैनिकों की वफादारी अंग्रेजों के प्रति नहीं रह गई थी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भारतीय सैनिकों की अंग्रेज सरकार के प्रति वफादारी कभी नहीं बदलेगी, ऐसा वो सोचते थे, लेकिन सुभाष चंद्र बोस की वजह से अंग्रेजों का यह सपना पूरी तरह से चकनाचूर हो गया था। त्रिवेदी ने कहा कि 1939 में द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने के बाद नेताजी सुभाष चंद्र ने कहा था कि यही मौका है, हमें ब्रिटिश सरकार पर दबाव बनाना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने उस समय उनके विचार को नजरअंदाज कर दिया।

उन्होंने पूछा कि कांग्रेस ने उस समय दबाव क्यों नहीं बनाया और तीन साल तक क्यों इंतजार किया। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि कांग्रेस कार्य समिति में 14 जुलाई, 1942 को एक प्रस्ताव पारित किया गया था जिसमें कहा गया था कि ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध जो नकारात्मक भाव है, उसे सहयोग और सकारात्मक में बदलेंगे और हम एवं ब्रिटेन मिलकर दुनिया के लोगों और भारत के लोगों के लिए सकारात्मक वातावरण बनाएंगे, आपकी फौजें यहां रहें, इसके लिए कांग्रेस पूरी स्वेच्छा से समर्थन के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यही मूल कारण था कि कांग्रेस ने 1931 से लेकर 1947 तक 1942 को छोड़कर कोई भी आंदोलन नहीं किया।

इच्छाधारी चुनावी हिंदू हैं अखिलेश: भाजपा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हालिया बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि अखिलेश यादव इच्छाधारी चुनावी हिंदू हैं। सनातन संस्कृति को लेकर जब वो कुछ बोलते हैं, तो हंसी आती है। भाजपा के प्रवक्ता आनंद दूबे ने शुक्रवार को कहा कि अखिलेश यादव इच्छाधारी चुनावी हिंदू हैं, जो केवल चुनाव नजदीक आते ही हिंदुत्व का चोला ओढ़ लेते हैं। ये वही लोग हैं जिन्होंने अयोध्या को कारसेवकों के खून से लाल कर दिया था। जैसे ही चुनाव करीब आता है, वैसे ही समाजवादी पार्टी के नेताओं का छद्म हिंदू स्वरूप सामने आ जाता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यही लोग दिव्य और भव्य महाकुंभ पर सवाल उठाते हैं और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर जैसी ऐतिहासिक परियोजनाओं पर भी आपत्ति जताते रहे हैं। चुनावी समय में ये स्वयं को सनातनी बताकर समाज में घूमते हैं, जबकि इनका आचरण और इतिहास इसके विपरीत रहा है।

जनपद में झमाझम बारिश से मौसम में बदलाव

विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ने दम तोड़ा, फाल्ट ठीक नहीं कर पाए विद्युतकर्मी

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। तीन दिन की तेज धूप के बाद आज जनपद में झमाझम बारिश से मौसम में फिर बदलाव हो गया। ठण्ड एक बार फिर लौट आई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पिछले डेढ़ महीने से कड़ाके की ठण्ड पड़ रही थी। घने कोहरे एवं कड़ाके की ठण्ड ने जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित करके रख दिया था। लेकिन पिछले तीन दिनों से मौसम में बदलाव महसूस किया जा रहा था। दिन में धूप निकल रही थी। हर रोज धूप में तेजी आ रही थी। जिससे ठण्ड से राहत मिली थी। लेकिन मौसम वैज्ञानिकों की भविष्यवाणी सही साबित हुई और बीती शाम से ही हवा चलनी शुरू हो गई थी। आज सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे और पहले हल्की बूंदाबांदी हुई। इसके बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश की वजह से बाजार ठंडे पड़ गए और सड़कों पर सन्नाटा छा गया। एक बार फिर ठंड ने अपनी आमद का अहसास करा दिया है। इस बारिश को जहां फसलों के लिए फायदेमंद बताया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ इससे भीगने से बीमार होने का खतरा भी बताया जाता है।



दूसरी तरफ तेज हवाओं के साथ बारिश होने की वजह से जहां-तहां पेड़ भी टूट कर गिर गए। जनपद में कई जगह विद्युत लाइनों में फाल्ट हो गया। विद्युत विभाग के अभियंताओं व कर्मचारियों के द्वारा अपनी लाइनों का रख-रखाव ठीक ढंग से न करने के कारण फाल्टों की लाइन लग गई। जनपद में देर शाम तक कई जगह विद्युत आपूर्ति ठप थी। जनपद मुख्यालय पर भी विद्युत आपूर्ति प्रभावित रही।

छात्रा की इज्जत का लुटेरा मास्टर सुनील गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। शिवाला कलां पुलिस ने नाबालिग छात्रा की इज्जत लूटने वाले चर्चित मास्टर सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार छात्रा ग्राम इनायतपुर निवासी मास्टर सुनील कुमार पुत्र मामचंद के पास ट्यूशन पढ़ने के लिए जाती थी। छात्रा को देख कर मास्टर सुनील कुमार की नीयत में खोट आ गया था और वह उसके साथ सैक्स करने की फिराक में लगा हुआ था। उसने मौका पा कर अन्य छात्राओं को वहां से भेज दिया और पीड़िता की इज्जत लूट ली। पीड़िता के पिता की तहरीर पर

नाबालिग छात्रा को भी नहीं छोड़ा

शिवाला कलां पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 9/26 धारा 65 (1) बीएनएस व धारा 3/4 (2) पॉक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने आरोपी मास्टर सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

गौरतलब है कि इस तरह के अपराधों में पुलिस के द्वारा सख्त कार्यवाही करने के बावजूद अपराधी बाज नहीं आ रहे है। उनके द्वारा लगातार नाबालिगों की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

जिला अध्यक्ष सहित सपा की जिला कमेटी बर्खास्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने जिला अध्यक्ष सहित जनपद की पूरी जिला कमेटी को बर्खास्त कर दिया है। अब देखना यह है कि कब तक नई जिला कमेटी व जिलाध्यक्ष का नाम सामने आता है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। तीन लाइन के पत्र में सिर्फ जिला अध्यक्ष सहित जिला कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग करने की बात कही गई है।

गौरतलब है कि सपा प्रदेश में मुख्य विपक्षी पार्टी है। सपा प्रदेश की सत्ता में वापसी का ख्वाब भी देख रही है। लेकिन सपा में अंदरूनी जो हालात है, वो बाहरी हालात से भी ज्यादा खतरनाक है। सपा में सबसे ज्यादा खींचतान एवं चुगलखोरी हो रही है। सपा का हर नेता एवं खासतौर पर मुस्लिम नेता औरतों की तरह एक-दूसरे की कमियां गिनाकर उन्हें नीचा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। सपा के ज्यादातर मुस्लिम नेता जिला अध्यक्ष भी बनना चाहते है। भले ही वह अपने वार्ड का मेम्बर पद का चुनाव भी नहीं जीत सकते हैं। सपा के बड़े नेता भी भाजपा सरकार व पुलिस के डर से घरों से बाहर निकलने को तैयार नहीं है। वह

सत्ता का ख्वाब देख रही सपा में खींचतान व चुगलखोरी चरम पर

विधायक तो बनना चाहते है, लेकिन पार्टी के जनाधार एवं आमजनता के मुद्दों की उन्हें कोई फ्रिक नहीं है। जनपद के जो हालात है, उसे देख कर लगता है कि अगले विधानसभा चुनाव में जनपद में पार्टी का शायद खाता ही न खुल पाए। एक तरफ भाजपा का मजबूत संगठन व जनाधार है, तो दूसरी तरफ आजाद समाज पार्टी व मजलिस का संभावित गठबंधन सपा को ठिकाने लगाने के लिए काफी है। वैसे सपा को ठिकाने लगाने के लिए उसके डरपोक बड़े नेता एवं गुटबाजी में लगे हुए दूसरी लाइन के नेता ही काफी हैं। जनपद में बेहद गलत संदेश जा रहा है।

सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर रैली

स्कूली बच्चों ने लिया हिस्सा

शाह टाइम्स संवाददाता

राजा का ताजपुर। तारा चंद पब्लिक स्कूल से नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर धूमधाम के साथ रैली निकाली गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जंयती पर स्कूली बच्चों की रैली का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान व उतर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की कोषाध्यक्ष आलिशा हुसैन सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। रैली ताजपुर के अलग-अलग मौहल्लों से होकर गुजरी। रैली में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सुभाष चन्द्र बोस, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, अशफाक उल्ला खां, सरदार भगत सिंह, राम प्रसाद बिस्मिल, सदगुरु की झांकियां आकर्षक केंद्र बनीं हुई थी। रैली का मौहल्ला पुराना कुआं पहुंचने पर

मुस्लिम समाज के लोगों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व जिला पंचायत सदस्य इमरान भैया, डॉ. अनीस अहमद अंसारी, डॉ. आफताब आलम, डॉ. आयुष दिवाकर, सरफराज सिद्दीकी, समाजसेवी निसार, ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी मकसूद अहमद ठेकेदार, शाहरुख फरीदी, डॉ. शौकत अली, प्रदीप त्यागी, अंकित शर्मा, सुरेश कुमार सैनी, निटू आर्य, मनोज कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

इस मौके पर पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष अलिशा हुसैन सिद्दीकी को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

वाहन की टक्कर से बिजली तंत्र ध्वस्त, सप्लाई बाधित

शाह टाइम्स संवाददाता

झालू। नगर के नसीरयान मौहल्ले में रविवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से विद्युत तंत्र को भारी नुकसान पहुंचा। 250 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर से वाहन टकराने के बाद उसमें आग लग गई, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षा कारणों से तत्काल बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी, परिणामस्वरूप आसपास के कई मौहल्लों में अंधेरा छा गया।

हादसे में दो सीसी पोल और एक एसटीपी पोल क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं ट्रांसफार्मर के आंतरिक उपकरणों को भी गंभीर क्षति पहुंची है। नसीरयान मौहल्ले में कुल दो ट्रांसफार्मर स्थापित हैं, जबकि इस फीडर से जुड़े तीनों ट्रांसफार्मरों की सप्लाई एहतियातन बंद कर दी गई है। घटना के बाद क्षेत्र में रहने वाले लोगों को रातभर परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली घर प्रभारी सुदेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही विभागीय टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाते हुए क्षतिग्रस्त हिस्सों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य के लिए आवश्यक सामग्री मंगाई जा रही है और पोल व ट्रांसफार्मर की मरम्मत के बाद ही चरणबद्ध तरीके से बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के कारण पहले भी हादसे हो चुके हैं। नागरिकों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति सुचारू की जाए और भविष्य में ऐसे हादसों से बचाव के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाएं।

के.एस. एकेडमी में बसंत पंचमी हर्षोल्लास व श्रद्धा से मनाई

शाह टाइम्स संवाददाता

कोतवाली देहात। के.एस. चिल्ड्रंस एकेडमी में आज बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ज्ञान, विद्या और कला की देवी माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत कविता-पाठ, भाषण, गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने अपने संबोधन में बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को ज्ञान, संस्कार और अनुशासन के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। हिंदी अध्यापिका चंचल त्यागी ने बसंत पंचमी पर्व को क्यों मनाया जाता है, इस पर विस्तृत रूप से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। पूरा वातावरण ज्ञान, उमंग और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम का संचालन मानसी अग्रवाल के द्वारा किया गया।

रिश्वत लेने का आरोपी डूडा का जेई बर्खास्त

वीडियो वायरल होने के बाद विभाग ने की कड़ी कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों से अवैध रूप से धन वसूली के आरोप में डूडा विभाग के कनिष्ठ अभियंता (जेई) जितेंद्र कुमार को बर्खास्त कर दिया गया है। मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक स्तर पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित संस्था को जेई को सेवा से पृथक करने के निर्देश जारी किए गए थे, जिस पर अमल कर लिया गया है।

घटना बीते बृहस्पतिवार की बताई जा रही है। आरोप है कि डूडा विभाग में तैनात जेई जितेंद्र कुमार प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से सुविधा शुल्क की मांग कर रहे थे। इसी क्रम में वह सभासद रविशंकर सैनी के आवास पर पहुंचे, जहां लाभार्थियों से धन लेने की बात सामने आई।

मामले की जानकारी मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने पूरे घटनाक्रम की पुष्टि के लिए लाभार्थी सुनील कुमार को अपने पास से 20 हजार रुपये की राशि देकर सभासद के आवास पर भेजा। जैसे ही जेई ने लाभार्थी से पैसे लिए, पहले से मौजूद पालिका अध्यक्ष सहित नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेई को रंगे हाथों पकड़ लिया। इस दौरान पूरी घटना कैमरे में रिकॉर्ड भी की गई।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रकरण ने तूल पकड़ लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए डूडा विभाग के उच्चाधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लिया और प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए जेई को निलंबित कर दिया। इसके बाद जांच प्रक्रिया पूरी होने पर संस्था को जेई को सेवा से बर्खास्त करने के निर्देश जारी किए गए।

इस संबंध में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट वंदना कुश्वाहा ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आते ही विभागीय कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए थे। संस्था द्वारा निर्देशों का पालन करते हुए संबंधित जेई को बर्खास्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उधर, इस कार्रवाई के बाद नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी जनकल्याणकारी योजना में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रशासन सख्त रुख अपनाए हुए है। नागरिकों ने भी कार्रवाई का स्वागत करते हुए मांग की है कि ऐसे मामलों में आगे भी कठोर कदम उठाए जाएं, ताकि गरीबों के हक पर कोई डाका न डाल सके।

बसंत पंचमी हर्षोल्लास के साथ मनाई

विभिन्न संस्थाओं में हुए धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। नगर क्षेत्र में बसंत पंचमी का पावन पर्व श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक व धार्मिक संस्थानों में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज एंड हॉस्पिटल, पीपलसाना धामपुर में बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। पूजा कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के महाप्रबंधक डॉ. एन.पी. सिंह एवं डॉ. शिखा सिंह ने किया। इस अवसर पर कॉलेज की

प्राचार्या डॉ. ममता सिंह ने कहा कि मां सरस्वती ज्ञान, विवेक और संस्कार की प्रतीक हैं तथा उनके आशीर्वाद से विद्यार्थियों में अनुशासन और शिक्षा के प्रति निष्ठा का विकास होता है। कार्यक्रम में डॉ. रविंद्र सिंह सहित कॉलेज एवं हॉस्पिटल के स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

वहीं आदर्श होली हवन समिति के पदाधिकारियों द्वारा बसंत पूजन के उपरांत नगर के मुख्य बाजार में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, गौरव पोसवाल, अंकित कुमार, देवेंद्र भटनागर, संयम जैन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति द्वारा बसंत पंचमी एवं श्री राम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या की स्थापना वर्षगांठ के अवसर पर श्रीराम उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुषमा रस्तौगी द्वारा वीणा वादिनी शारदे माता गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुति से हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं व बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों ने भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और उर्मिला की भूमिकाएं निभाकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। समिति की ओर से प्रतिभागियों को सम्मान पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में दीप प्रज्वलन कर फलों व हलवे का प्रसाद वितरित किया गया।

कुल मिलाकर धामपुर नगर में बसंत पंचमी का पर्व धार्मिक श्रद्धा, सांस्कृतिक रंग और सामाजिक सहभागिता के साथ मनाया गया, जिससे पूरे नगर में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहा।

एक नजर

कैंसर से बुजुर्ग का इंतकाल

राजा का ताजपुर। मौहल्ला खद्दर बाजार जाट वाला बाग निवासी अब्दुल हक (60 वर्ष) का बीती रात ईलाज के दौरान दिल्ली के एम्स में इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। वह पिछले काफी दिनों से कैंसर से पीड़ित थे। उनका ईलाज एम्स में चल रहा था। बीमारी से लड़ते-लड़ते बीती रात उनकी मौत हो गई। लगभग दो साल से कैंसर का ईलाज हर जगह कराया गया, मगर कहीं पर सफलता नहीं मिली। परिजनों का कहना है कि उनके पास इतने पैसे भी नहीं थे कि हम उनका ईलाज महंगे अस्पताल में करा सकें। अब्दुल हक अपने बच्चों का पालन-पोषण ई-रिक्शा चला कर करते थे। अब उनकी मौत से बच्चों के सामने रोजी रोटी का संकट आ गया है। ताजपुर क्षेत्र में कैंसर से पीड़ित दर्जनों लोगों का ईलाज चल रहा है। क्षेत्र में कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

सास व देवर पर मारपीट का आरोप

कालागढ़। इस्लामनगर ग्राम पंचायत नई बस्ती निवासी सुमन देवी ने बताया कि उसके पति की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। उसकी सास व देवर उसे परेशान कर रहे हैं। आएदिन मारपीट करते हैं। घर में हिस्सा मांगने पर मारपीट करते हैं। वही सास और देवर ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि सुमन देवी अपनी मनमर्जी कार्यों में लिप्त रहती है। परिवार के सदस्यों के साथ पारिवारिक तरीके से गुजर बसर नहीं करती है। सुमन देवी आएदिन बूढ़ी सास से वाद विवाद करती रहती है।

अरमान हत्याकांड में दूसरी गिरफ्तारी

बिजनौर। नजीबाबाद पुलिस ने जलालाबाद के चर्चित अरमान हत्याकांड में आसरा आवास कॉलोनी निवासी गफ्फार पुत्र अब्दुल जब्बार को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कल ही जलालाबाद के शमशाद पुत्र अनवार को भी गिरफ्तार किया था। अभियुक्तों ने लकड़ी के डंडों से हमला कर अरमान को मौत के घाट उतारा था। मौहल्ला शेख सराय, जलालाबाद निवासी शहबाज पुत्र महबूब ने अपने भाई अरमान की हत्या की रिपोर्ट शमशाद व गफ्फार के विरूद्ध नामजद दर्ज कराई थी।

ट्रक से टकराकर बाइक सवार की मौत

झालू। थाना हल्दौर क्षेत्र में बीती रात ज्ञानेंद्र पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम सुमालखेड़ी, थाना हल्दौर बाइक से जा रहे थे। वह गोल बाग के सामने चलते एक ट्रक से टकरा गया। हादसे में ज्ञानेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा घायल को उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया है। वहीं, दुर्घटना में शामिल ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर थाना भिजवा दिया है। किशन अवतार, प्रभारी निरीक्षक थाना हल्दौर ने बताया कि घटना के बाद क्षेत्र में कानून व्यवस्था सामान्य है।

दबंगों ने पीटा, कार के शीशे तोड़े

स्योहारा। क्षेत्र के ग्राम रवाना शिकारपुर में पीड़ित अपनी कार गांव की सरकारी खाली पड़ी भूमि पर खड़ी कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही हाजी जमील पुत्र शमीम, हाजी अकील पुत्र शमीम तथा शोएब पुत्र हाफिज जमील एक राय होकर मौके पर पहुंचे और अचानक गाड़ी पर हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने कार के शीशे तोड़ दिए और पीड़ित के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों से उस पर बेरहमी से हमला कर दिया, जिससे पीड़ित को गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने थाना स्योहारा में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

हार्टअटैक से किसान की मौत

अफजलगढ़। ग्राम मेघपुर निवासी नसीम अहमद उर्फ समलदिया (65 वर्ष) पुत्र रहमतुल्लाह गुरुवार को रोज की तरह मेहनत-मजदूरी करने के लिए गुरदीप सिंह के खेत पर गया था। खेत में आसपास काम कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि काम करने के दौरान नसीम को अचानक खेत में मरणासन्न अवस्था में पड़ा देखा। ग्रामीणों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। देर शाम परिजनों द्वारा शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

पति सहित सात के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज

नहटौर। ग्राम मारूफपुर थाना हीमपुर दीपा निवासी श्वेता देवी ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा हैं कि उनकी शादी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व नहटौर के नसीरपुर बुजुर्ग निवासी शोले कुमार पुत्र तिलकराम सिंह के साथ हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न हुई थी। शादी में सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज भी दिया गया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष के लोग दिए गए दहेज से असंतुष्ट हो गए। पीड़िता का कहना है कि उनके पति शोले, जेठ भोले, सास रूपा, जेठानी स्वाति, ससुर तिलकराम और ननद-नंदोई (पूनम व आशु) मिलकर उन पर एक कार अथवा 10,00,000 रुपये नकद लाने का दबाव बनाने लगे। पीड़िता के अनुसार मांग पूरी न करने पर उन्हें लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि करीब 6 माह पूर्व ससुराल वालों ने एक राय होकर श्वेता के साथ गाली-गलौच और मारपीट की। इसके बाद उन्हें बिना किसी सामान के घर से बाहर निकाल दिया गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

मंडावर में सड़क हादसे में युवक की मौत, दो घायल

बाइकों से हो रहे ज्यादातर हादसे

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडावर। सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर निवासी अनमोल (20 वर्ष) पुत्र रामगोपाल अपने साथी अंकित पुत्र बुदराम सिंह एवं मोहित पुत्र रामोतार सिंह के साथ बाइक से शाम के समय अपने मामा के यहां ग्राम गैबलीपुर जा रहा था। जैसे ही वह बाइक से ग्राम नारायणपुर के पास पहुंचे, तो उनकी बाइक ट्रक की चपेट में आ गयी। जिसमें अनमोल पुत्र रामगोपाल की मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथी अंकित और मोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों घायल युवकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसमें अंकित की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे दिल्ली के रैफर कर दिया।

वही समाचार लिखे जाने तक परिजनों की और से कोई तहरीर थाने में नही दी गई थी।

गौरतलब है कि ज्यादातर हादसे ट्रक चालकों की लापरवाही एवं बाइकों की तेज रफ्तार की वजह से हो रहे हैं। बाइकों से होने वाले हादसों में अक्सर जान ही चली जाती है।

सपाईयों ने मनाई नेताजी की जयंती

आजादी की लड़ाई में योगदान को किया याद

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों की उपस्थिति में नेता. जी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा देश के स्वतंत्रता आंदोलन में उनके संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज ऐसे महान क्रांतिकारियों के संघर्ष से ही हम आजादी की सांस ले रहे हैं। उनके

बलिदान व ऐतिहासिक संघर्ष को हमेशा हर भारतवासी नमन कर याद करता रहेगा। देश के अंदर नेता की उपाधि सिर्फ नेताजी मुलायम सिंह यादव और सुभाष चंद्र बोस को ही मिली थी। आज हम सभी समाजवादी उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प ले।

कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव धनंजय यादव ने किया। जिसमें मुख्य रूप से डॉ. रहमान, सत्यपाल सिंह, वीके कश्यप एड., प्रभा चौधरी, डॉ. सत्यपाल सिंह, अखलाक पप्पू, डॉ. योगेंद्र चौधरी, मनोज राजपूत, देवानन्द भुईयार, डॉ. इरफान मलिक, अफजाल उल हक, कासिफ खान, सलीम अहमद, नितिन कुमार आदि मौजूद रहे।

भूमि कुर्क कर सरकारी बोर्ड लगाया

स्योहारा। मौहल्ला मिल्कियान जुमरात बाजार में प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से विवादित भूमि को कुर्क कर लिया। यह कार्रवाई उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा के आदेश पर की गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई के दौरान लगभग 38 वर्ग मीटर विवादित भूमि पर सरकारी बोर्ड लगाकर कुर्की का नोटिस चस्पा किया गया। अधिकारियों के अनुसार उक्त भूमि लंबे समय से विवाद के दायरे में थी। मामले की सुनवाई के उपरांत न्यायालय द्वारा उप जिलाधिकारी को कुर्की की कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। बताया गया कि स्योहारा पुलिस ने प्रकरण से संबंधित रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी थी। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में प्रशासन ने यह सख्त कदम उठाया। कुर्की की पूरी प्रक्रिया लेखपाल अनिल कुमार की निगरानी में संपन्न कराई गई। लेखपाल ने बताया कि न्यायालय के निर्देशों के अनुसार भूमि को प्रशासन के कब्जे में लेकर उस पर सरकारी नोटिस लगाया गया है। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर कस्बा इंचार्ज संजय सिंह, उप निरीक्षक प्रमोद शर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि पूरी कार्रवाई प्रशासन और पुलिस के आपसी समन्वय से शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न की गई।

पालिका ने डोर टू डोर किया सर्वे

अफजलगढ़। नगर पालिका परिषद द्वारा डोर टू डोर लोगों को नीले एवं हरी डस्टबिन के बारे में गीला व सूखा कूड़े के बारे में जागरुक करते हुए सर्वे कराया गया। जिन लोगों के डस्टबिन नहीं है, उनको नगर पालिका द्वारा सर्वे कराकर डस्टबिन दिए।

एसआईआर फार्म के सम्बंध में नोटिस प्राप्त होने पर न घबराएं

शाह टाइम्स संवाददाता

स्योहारा। नगर क्षेत्र में एसआईआर फॉर्म से जुड़े मामलों को लेकर कुछ लोगों के बीच भ्रम, आशंका और अनावश्यक चर्चाएं सामने आ रही है। इसी क्रम में स्योहारा नगर से मुरादाबाद मार्ग स्थित मन्नत फार्म हाउस के मालिक शरीफ अहमद राईन ने नगर के सभी संबंधित नागरिकों और लाभार्थियों से एक महत्वपूर्ण और जिम्मेदाराना अपील की है।

शरीफ अहमद राईन ने कहा कि जिन लोगों को एसआईआर फॉर्म के संबंध में किसी भी प्रकार का नोटिस प्राप्त हुआ है, उन्हें घबराने या भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है। यह एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य केवल यह सुनिश्चित करना है कि लाभ सही और पात्र व्यक्ति तक ही पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट

किया कि किसी को वंचित करना या परेशान करना इसका उद्देश्य नहीं है। शरीफ अहमद राईन ने नगर के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों, भ्रामक सूचनाओं या गलत सलाह से दूर रहें। सभी संबंधित लोग निर्धारित तिथि पर स्वयं उपस्थित होकर अपने मूल सही और पूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत करें। समय पर कागजात प्रस्तुत करने से अनावश्यक परेशानी से बचा जा सकता है और मामलों का शीघ्र समाधान संभव हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि कई मामलों में केवल दस्तावेजों की छोटी मोटी कमी या तकनीकी त्रुटि के कारण समस्या उत्पन्न हो जाती है जिसे धैर्य और सही जानकारी के साथ आसानी से दूर किया जा सकता है। इसलिए लोगों को चाहिए कि वे पूरे संयम के साथ प्रक्रिया का पालन करें और सहयोगात्मक रवैया अपनाएं। शरीफ अहमद राईन ने नगर के सभी नागरिकों से अपील की कि वे प्रशासनिक कार्यवाही में पूरा सहयोग करें, समय का विशेष ध्यान रखें और अपने अभिलेखों को पूर्ण एवं दुरुस्त रखें ताकि सभी मामलों का निष्पक्ष पारदर्शी और समयबद्ध समाधान हो सके।

शिव सैनिकों ने मनाई जयंती

चांदपुर। शिवसेना उप राज्य प्रमुख पंडित नरेश शर्मा व शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह के नेतृत्व में शिव सैनिकों ने बसंती देवी धर्मशाला में एकत्र होकर हिंदू ह्रदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे व आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाई। इस दौरान शिव सैनिक बड़ी संख्या में जुलूस के रूप में तहसील में पहुंचकर उप जिलाधिकारी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का ज्ञापन सौपा। इससे पहले उप राज्य प्रमुख पंडित नरेश शर्मा ने कहा कि आजाद हिन्द फौज के संस्थापक व महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं हिन्दू ह्रदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे को भारत रत्न दिए जाने की मांग शिव सैनिक कई वर्षों से कर रहे हैं। चौधरी वीर सिंह ने कहा कि आज केंद्र में हिंदूत्ववादी सरकार कार्य कर रही है। ऐसे में सरकार को पहल करते हुए इन दोनों महापुरुषों को भारत रत्न देना चाहिए। ज्ञापन देने में आईटी सेना प्रदेश प्रभारी ऋतुल शर्मा, विजय मोहन गुप्ता युवा जिला प्रमुख, मुकेश लाम्बा, उप जिला प्रमुख, शोभित गुर्जर, डॉ. दिनेश कुमार, विवेक पाल, शशि कुमार, संजय चौहान, अंतरिक्ष कौशिक, मनीष सैनी, मोहित कुमार, पवन सैनी, कार्तिक, नीरज सैनी, बिट्टू सैनी, पुष्पेंद्र, राजीव अहलावत, पुलकित त्यागी, विकास चौधरी, राहुल त्यागी, भूपेंद्र, लव कुश, सनी, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी पर स्योहारा नगर पालिका सख्त

शाह टाइम्स संवाददाता

स्योहारा। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाभार्थियों के साथ किसी भी प्रकार की ठगी और अवैध वसूली को रोकने के लिए स्योहारा नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है।

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विजेंद्र पाल ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना पूरी तरह नि:शुल्क है और इसके नाम पर एक रुपया भी मांगना कानूनन अपराध है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र के कुल 260 पात्र लाभार्थियों को शासन की ओर से सिंगल बिल प्रणाली के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में धनराशि भेजी जा रही है। इस प्रक्रिया में किसी भी एजेंट, दलाल या निजी व्यक्ति की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति

खुद को इंजीनियर, नगर पालिका कर्मचारी या किसी अन्य पद से जुड़ा बताकर योजना के नाम पर पैसे, कमीशन या सुविधा शुल्क की मांग करता है तो उसकी शिकायत तुरंत नगर पालिका कार्यालय में दर्ज कराई जाए। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर पालिका प्रशासन ने लाभार्थियों को विशेष रूप से सावधान करते हुए कहा है कि वे किसी भी हाल में अपनी बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, पिन नंबर या अन्य बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करें। हाल के दिनों में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा योजना के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें मिली हैं, जिन्हें गंभीरता से लिया जा रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी ने भी लाभार्थियों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के बहक. ावे में न आएं और योजना का लाभ केवल सरकारी प्रक्रिया के माध्यम से ही लें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक अहम जनकल्याणकारी योजना है, जिसमें किसी भी तरह की धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर पालिका प्रशासन ने साफ किया है कि योजना में गड़बड़ी या ठगी करने वालों के खिलाफ बिना किसी दबाव के कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

भज्जावाला में गायत्री यज्ञ

अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के गांव भज्जावाला मे प्रज्ञा पीठ पर नौ दिवसीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। देश की खुशहाली की मंगल कामनाएं करते हुए आहुति प्रदान की गई। इसके साथ ही बसंत पर्व मनाया गया। परिव्राजक हरिशंकर वर्मा ने कहा कि शांतिकुंज हरिद्वार के शताब्दी वर्ष पर दीप प्रज्ज्वलित हुए। उन्होंने बसन्त पर्व की महत्ता पर पर भी प्रकाश डाला। कहा कि इस पर्व पर सरस्वती माता का अवतरण हुआ था। उन्होंने कहा कि शांतिकुंज के संस्थापक व गुरु पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने तीन हजार से अधिक साहित्य लिखें है, उन्हें पढ़कर उनका मनन करना चाहिए। हवन यज्ञ का कार्यक्रम पिंकी रानी, बाला देवी, शिखा देवी ने सम्पन्न कराया। श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुति प्रदान कर देश की खुशहाली की कामनाये की। इसके बाद भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुआं ने भोजन ग्रहण किया।

जमीनी विवाद में युवक ने जहर खाया, मौत

बिजनौर। ग्राम में दो भाइयों के बीच समझौते को लेकर पंचायत चल रही थी। इसी दौरान दुष्यंत अचानक वहां से चला गया। उसके काफी देर तक न लौटने पर परिजन व ग्रामीण उसे तलाशने निकले। ग्राम के बाहर वह गंभीर हालत में पड़ा मिला। उसने जहर खा लिया था। उसे तुरंत रतनगढ़ के एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां से उसे मुरादाबाद के लिए रैफर कर दिया गया। वहां उपचार के दौरान दुष्यंत की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ग्राम पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में लेने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया। परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। सीओ चांदपुर देशदीपक सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों भाइयों के बीच भूमि विवाद था। लेकिन मृतक के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

न्यायिक अधिकारियों को मिला प्रमोशन

बिजनौर। उच्च न्यायालय प्रयागराज के निर्देशानुसार अपर सिविल जज जूनियर डिविजन ईशा त्रिपाठी व उनके पति अपर सिविल जज जूनियर डिविजन नगीना प्रतीक त्रिपाठी को प्रमोशन के बाद झांसी भेजा गया है। अपर सिविल जज ईशा त्रिपाठी को प्रमोशन देकर सिविल जज सीनियर डिविजन (फास्ट ट्रैक कोर्ट) झांसी और प्रतीक त्रिपाठी को प्रमोशन देकर स्थायी जज जज विधिक सेवा प्राधिकरण झांसी बनाया गया है। स्थायी जज विधिक सेवा प्राधिकरण श्रेय शुक्ला को फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश कोर्ट नंबर दो बनाया गया, इसी न्यायालय में तैनात कु. अलका चौधरी को प्रथम फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश, जबकि इसी न्यायालय में तैनात अशोक भारतेंदु को अपर जिला जज, श्रीमती विजय लक्ष्मी यादव सिविल जज जूनियर डिविजन को सिविल जज सीनियर डिविजन फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाया गया है। सिविल जज सीनियर डिविजन/ अपर सीजेएम, अपर सिविल जज सीनियर डिविजन कोर्ट नंबर तीन स्वाती चंद्रा को स्थाई जज विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर बनाया गया है।

पिग फार्म में आग, सौ से अधिक पिग जले

पीली चौकी। ग्राम हादरपुर निवासी आकाश कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह ने ग्राम के पास ही पिग फार्म बना रखा है। बताया जाता है कि फार्म में करीब 125 सुअर पल रहे थे। बीती रात करीब डेढ़ बजे फार्म में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयानक रूप धारण कर लिया। फार्म की छत प्लास्टिक व टाट से बनी हुई थी, इसलिए आग जल्दी भड़क गई। फार्म में मौजूद छोटे-बड़े करीब 125 सुअरों को आग ने चपेट में ले लिया। सुअरों की चीख से फार्म से कुछ दूरी पर रह रहे परिवार के लोगों की आंख खुल गई। उन्होंने फार्म स्वामी को घटना की सूचना दी। फार्म पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इस बीच सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। फार्म स्वामी आकाश के अनुसार अग्निकांड से उसका करीब चालीस लाख रुपए का नुकसान हुआ है। सीओ सिटी संग्राम सिंह के अनुसार पिग फार्म में आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। फार्म स्वामी आकाश के पिता रात को फार्म में सोते थे। वह कल किसी काम से बाहर गए हुए थे। यदि वह बाहर न जाते, तो उनके साथ भी अनहोनी हो जाती। फार्म में आग लगने से आकाश के पिता का बिस्तर भी जलकर खाक हो गया है।

नहटौर में ध्वज पताका यात्रा निकाली

शाह टाइम्स संवाददाता

नहटौर। मौहल्ला पंचायती मंदिर से वसंत पंचमी का ध्वज पताका यात्रा प्रारंभ हुई और मेन बाजार में होली वाले कुंए पर पूजा अर्चना करते हुए बसंत रखा गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला पंचायती मंदिर से बसंत पंचमी के पर्व पर हिंदू समाज के लोगों ने एकत्रित होते हुए पीले वस्त्र धारण करते हुए मेन बाजार से होते हुए बड़ी सब्जी मंडी आदि स्थानों से होते हुए ध्वज पताका यात्रा बाजार में होली वाले कुएं पर पहुंचकर पूजा अर्चना की ढोल नगाड़ों के साथ ध्वज पताका यात्रा निकाली गई।

देशभर के साथ-साथ नहटौर क्षेत्र में भी विद्या की देवी माँ सरस्वती की आराधना का पर्व 'बसंत पंचमी' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस

पारंपरिक तरीके से रखा गया वसंत

अवसर पर स्थानीय निवासियों और भक्तों द्वारा भव्य 'ध्वज पताका' यात्रा निकाली गई, जिसके साथ ही पारंपरिक रूप से 'बसंत' रखने की रस्म पूरी की गई।

सुबह से ही मंदिरों और शिक्षण संस्थानों में पीले वस्त्र धारण किए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। विशेष पूजा-अर्चना के बाद, मुख्य मंदिर से ढोल-नगाड़ों के साथ एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। भक्त हाथों में पीले रंग की ध्वज पताकाएँ लेकर माँ सरस्वती के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

शोभायात्रा के समापन के पश्चात, विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 'बसंत' रखने की विधि संपन्न की गई। इस दौरान जौ की बालियों और पीले फूलों से विधि-विधान से पूजा की गई। मान्यताओं के अनुसार, बसंत पंचमी के दिन बसंत रखने की यह परंपरा प्रकृति के नए आगमन और समृद्धि का प्रतीक मानी जाती है। श्रद्धालुओं ने माँ सरस्वती से ज्ञान, बुद्धि और सुख-शांति की कामना की। कार्यक्रम के अंत में भक्तों के बीच पीला प्रसाद वितरित किया गया। इस धार्मिक आयोजन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना। इस मौके पर विशाल वर्मा, पंकज जैन, शरद जैन, सुनील चौधरी,तेजपाल सैनी,कमल सैनी,अर्पित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

बघाला में तीसरा गुलदार पिंजरे में कैद

शाह टाइम्स संवाददाता

नगीना। ग्राम बघाला के जंगल में लगे पिंजरे में एक और गुलदार कैद हो गया। पिंजरे में बन्द गुलदार की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अपने कब्जे में ले लिया। तीसरा गुलदार पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

नगीना-नहटौर मार्ग स्थित ग्राम बघाला व उसके आसपास के जंगलों में लगातार गुलदार देखे जा रहे थे, जिससे क्षेत्र में दहशत फैली हुई थी। इसी क्षेत्र में घूम रहे गुलदार कई ग्राम वासियों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुके थे। ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने ग्राम बघाला में सरदार साहिब सिंह के गन्ने के खेत में गुलदार पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए थे। गन्ने के खेत में लगाए गए पिंजरे में दो गुलदार पहले ही पकड़ में आए गए थे, परंतु तीसरा गुलदार काफी समय से पकड़ में नहीं आ रहा था

और ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का पर्याय बना हुआ था।

शुक्रवार की दोपहर ग्राम बघाला में सरदार साहब सिंह के गन्ने के खेत में लगे पिंजरे में तीसरा गुलदार भी कैद हो गया। पिंजरे में बंद गुलदार को देखने के लिए ग्रामीणों का हजूम लग गया।

ग्रामीणों ने फोन कर पिंजरे में बंद गुलदार की सूचना वन क्षेत्र अधिकारी प्रदीप शर्मा को दी। सूचना मिलते ही वन क्षेत्र अधिकारी प्रदीप शर्मा अपने साथ वन दरोगा धर्मेंद्र सिंह, नईम अहमद, मोहित कुमार, अभिषेक, लाल सिंह आदि को लेकर मौके पर पहुंचे और भीड़ को तितर बितर कर गुलदार को अपनी निगरानी में ले लिया।

वन क्षेत्र अधिकारी प्रदीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर पकड़ में आये गुलदार को पिंजरे सहित नगीना कोतवाली मार्ग स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में लाकर रख दिया है, जिसकी जानकारी अपने उच्चाधिकारियों को देगें और उन्हीं के दिशा निर्देशों पर अग्रिम कार्रवाई करेंगे।

मौसम का मिजाज बदला

अफजलगढ़। बीते तीन दिनों से तेज धूप निकलने के कारण मौसम में गर्माहट महसूस होने लगी थी, परंतु अचानक ही मौसम ने करवट बदली और शुक्रवार प्रात: से क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदलने शुरू हो गया था। आसमान पर हल्के हल्के बादल छाने लगे तथा हवाओं के साथ बूंदाबांदी का सिलसिला शुरू हो गया था। मौसम के मिजाज में बदलाव आते ही किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। खासतौर पर गन्ना और रबी फसलों की खेती कर रहे किसानों को राहत मिली है। दोपहर बाद से तेज हवा के साथ बारिश में भी तेजी आ गई तथा मौसम पुन: ठंडा हो गया। तापमान और वातावरण में और बदलाव आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार तीन-चार दिनों तक बारिश पड़ने की संभावना व्यक्त की गई है, जिससे ठंड का प्रकोप बढ़ सकता है।

एक नजर

चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

धामपुर। विकास खण्ड अल्हैपुर की ग्राम पंचायत गजुपुरा के पंचायत घर पर ग्राम चौपाल आयोजित कि गई। ग्राम चौपाल में उपस्थित खंड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद ने ग्रामीणों की शिकायतों को सुना तथा उनके निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। ग्राम चौपाल में एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, जल जीवन मिशन, शौचालय निर्माण, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मुख्यमंत्री आवास, सामूहिक विवाह योजना के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। उन्होंने बताया कि पंचायत घर में ग्रामीणों को आय प्रमाण, जाति प्रमाण, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, फैमिली आईडी आदि के ऑनलाइन आवेदनों की सुविधा दी जाती है। उन्होंने ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। ग्राम चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान अनिता देवी ने की तथा संचालन ग्राम पंचायत सचिव अंकुश कुमार ने किया। इस दौरान एडीओ समाज कल्याण सत्येंद्र कुमार गौतम, पंचायत सहायक दिक्षा रानी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

पीयूष राजपूत कमेटी के अध्यक्ष बने

हल्दौर। मौहल्ला भूड़ होली चौक स्थित ऐतिहासिक और पारंपरिक रंग महोत्सव कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक मौहल्ला भूड़ में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नगर के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी ठाकुर पीयूष राजपूत को रंग महोत्सव कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में रंग महोत्सव कमेटी के संरक्षक प्रताप सिंह, विजयपाल सिंह चौहान एवं जंग बहादुर की उपस्थिति रही। सभी सदस्यों ने अध्यक्ष पद के लिए ठाकुर पीयूष राजपूत का नाम प्रस्तावित किया और सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की। संरक्षकों ने कहा कि मौहल्ला भूड़ होली चौक की यह कमेटी अपनी ऐतिहासिक और पारंपरिक पहचान के लिए प्रसिद्ध है। ठाकुर पीयूष राजपूत के नेतृत्व में यह महोत्सव न केवल उत्सव की खुशियों को बढ़ाएगा बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश भी फैलाएगा। अध्यक्ष चुने जाने पर ठाकुर पीयूष राजपूत ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ किया जाएगा। उन्होंने कमेटी के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए बताया कि महोत्सव को शांतिपूर्ण और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाने के लिए शीघ्र ही कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

पेंशन क्रांति महासम्मेलन 15 फरवरी को

एनपीएस-यूपीएस ने केवल शिक्षकों एवं कर्मचारियों को किया ठगने का कार्य: चंद्रहास

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। एसएनएस इंटा कालेज नहटौर में अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर की बैठक जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत एवं हल्दौर ब्लॉक अध्यक्ष मुजफ्फर इस्लाम के संचालन में बैठक आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि आगामी 15 फरवरी को इंदिरा बाल भवन बिजनौर में पेंशन क्रांति महासम्मेलन आयोजित कर टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस का विरोध दर्ज किया जाएगा। क्योंकि एनपीएस-यूपीएस ने शिक्षकों एवं

कर्मचारियों को ठगने का कार्य किया। पुरानी पेंशन में शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व जिला मंत्री पंकज कटारिया, जिला संप्रेक्षक दीपक कुमार एवं नहटौर ब्लॉक अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने कहा कि आगामी 15 फरवरी को हमारा प्रत्येक कर्मचारी महासम्मेलन में प्रतिभाग कर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली के मांग करेगा। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री हेमराज सिंह गौतम, अटेवा जिला महामंत्री सुभाष चंद्र ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के संघर्ष में शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद है। बैठक में अटेवा जिला मंत्री जितेंद्र कुमार, जिला प्रवक्ता एवं विद्युत प्रावैधिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष लौकेन्द्र चौधरी, राम कुमार, आफताब अली, संजीव कुमार, सोनू ठाकुर, अशोक कुमार, अजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, गुड्डू सिंह, गौतम यादव, नरेश कुमार रवि, राजीव कुमार, ओम प्रकाश सिंह, चंद्रशेखर, चंद्रपाल सिंह, शूरवीर सिंह, ह्रदेश कुमार, सूरजमल, महेंद्र सिंह, रोहताश कुमार, नाहर सिंह, सतपाल सिंह, मनोज कुमार, देवेंद्र कुमार, योगेंद्र पाल आदि ने संबोधित किया।

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रिफाकत पुत्र सफाकत निवासी ग्राम काजीवाला, बिजनौर जिसका मकान निर्मित 80 वर्ग मी. खसरा नं. 576 ग्राम काजीवाला बिजनौर में है, का बैनामा खो गया था। जिसकी मैंने रिपोर्ट दर्ज करायी थी और अब मैंने वह मकान अपनी पत्नी फरीदा को दान कर दिया है तथा ऋण के लिए आधार हाउसिंग फाइनेंस लि. में आवेदन किया है। यदि उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक या उत्तराधिकारी को आपत्ति हो तो वह आधार हाउसिंग फाईनेन्स लि. में पैनल अधिवक्ता को 7 दिन के भीतर आपत्ति निम्न पते पर दर्ज करा सकता है।

अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर
मो. न.:- 8445429323, 8958840567

REQUIREMENT
St. Mary's School
Bhikkawala P.O, Afzalgarh, (Bijnor)
Email- stmarybhikkawala@gmail.com
Interview for Teaching Staff on 31/01/2026 at 10 am.
All Subjects
CTET/TET is Compulsory.

एफएमडी के सातवे चरण का शुभारंभ

जनपद में 30 टीमों का गठन

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) का सातवां चरण 22 जनवरी से 10 मार्च तक 45 दिवसीय अभियान का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर से टीकाकरण की टीमों को झंड़ी दिखा कर किया गया।

इस अवसर पर डा. लोकेश कुमार अग्रवाल, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, बिजनौर, डा. अनुपम जैन, उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, प.चि.-सदर-बिजनौर, डा. पुष्पेन्द्र कुमार, उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी (चि. एवं स्वा.), बिजनौर, डा. ब्रहमपाल सिंह, पशुचिकित्साक, (एमवीयू) संजय कुमार, प.प्र.अ., शशिकान्त, प.प्र.अ. एंव मौसम चौधरी, प.प्र.अ. आदि उपस्थित थे।

मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डा. लोकेश कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में कुल 30 टीमों का गठन किया गया है, जो कि ब्लाक वार टीकाकरण कार्य सम्पादित करेंगी तथा पशुपालकों के द्वार पर जा कर पशुओं में एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) का निःशुल्क टीकाकरण करेंगे। जनपद में कुल 570000 टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित है। एफएमडी वैक्सीन कोल्ड चैन मेनटेन करते हुए टीकाकरण किया जायेगा। 08 माह से ऊपर के ग्याभिन पशु तथा 04 माह तक के बच्चे का टीकाकरण नहीं किया जायेगा। प्रथम बार टीका लगने वाले बच्चों को एक माह बाद बूस्टर डोज लगायी जायेगी। किये गये टीकाकरण को उसी दिन भारत पशुधन एप पर अपलोड किया जायेगा तथा पशु स्वामी का नाम व पशु विवरण आदि एफएमडी टीकाकरण पंजिका में भी तिथिवार अंकित किया जायेगा। यह टीकाकरण पशुओं में शत-प्रतिशत किया जायेगा। साथ ही यह भी ज्ञात हो जिन पशुओं में टैगिंग नहीं है, उनकी टैगिंग भी की जायेगी।

टीकाकरण से पूर्व एवं पश्चात निर्धारित ग्रामों से पशुओं के सेम्पल एकत्र किये जायेगे, जिनकों जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जायेगा। खुरपका-मुंहपका रोग एक संक्रामक रोग हैं। इसमे बीमार पशुओं को अन्य पशुओं से अलग रखा जाता है तथा उनका टीकाकरण नहीं किया जाता है।

उन्होंने जिले के के समस्त पशुपालकों से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने सभी पशुओं में निर्धारित समय में टीकाकरण करालें ताकि पशुओं को खुरपका-मुंहपका बीमारी से बचाया जासके तथा एफएमडी टीकाकरण अभियान को सफल बनाया जा सकें।

बाला साहेब ठाकरे और सुभाष चन्द्र बोस को भारत रत्न की मांग

राष्ट्रपति के नाम मांग पत्र सीओ को सौंपा

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। शिव सेना ने बाला साहब ठाकरे की 100वी और सुभाष चन्द्र बोस की 129वी जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई।

शिव सेना के मुरादाबाद मंडल प्रमुख आर.के.आर्य एडवोकेट के नेतृत्व में शिवाजी पार्क में एकत्रित हुए ओर हिन्दू हृदय सम्राट श्रद्धेय बाला साहेब ठाकरे जी की 100वी जयंती ओर आजाद हिंद फौज के संस्थापक सुभाष चंद्र बोस जी की 129 भी जयंती पर खूब आतिशबाजी करते हुए मिठाई बांटी। सीओ अभय पांडे के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन दोनों ही क्रांतिकारियों को भारत रत्न देने की मांग को लेकर दिया।

विकास त्यागी युवा सेना जिला प्रमुख, सोनम त्यागी भवानी सेना जिला प्रमुख, कांति देवी नगर अध्यक्ष धामपुर, विनोद चौहान, क्षेत्रपाल सिंह, ब्रजमोहन प्रजापति, रामपाल सिंह अनिता देवी, विजय लक्ष्मी यादव, राधिका राजपूत, सुमन त्यागी, शांति देवी, सुखिया देवी, अनिता देवी, पूनम देवी, प्रियंका देवी, तनु रानी, साक्षी रानी, रामभजन, मनवीर यादव, कुलदीप सिंह, महेन्द्र सिरोही, अशोक कुमार, हरविंद्र सिंह ,सार्थक, आदित्य, आशु, गौरव कुमार, रोहित कुमार, आदर्श कुमार आदि सैकड़ों शिव सैनिक उपस्थित रहे।

योगासन एवं प्राणायाम कराया

शाह टाइम्स संवाददाता

बुढ़नपुर। श्री सांई इंटर कॉलेज रूपपुर में स्वयं सेवक सेविकाओं की इकाई द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में (NSS) कैंप के विशेष शिविर के द्वितीय दिवस के तत्वावधान में योग कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना था। उसके बाद ग्राम बुढनपुर, पाईन्दापुर तथा रशीदपुर में एक जागरूक रैली का आयोजन किया गया, जिसमे बच्चों द्वारा लोगों को योग के बारे में जानकारी दी गई। अध्यापक कोमल प्रजापति द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ योग क्रियाओं में भाग लिया।

योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि नियमित योग से शरीर स्वस्थ, मन शांत और एकाग्रता में वृद्धि होती है। जिसमे कॉलेज प्रबंधक प्रमोद त्यागी एवं सेवित त्यागी द्वारा बच्चों को योग के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका कुमारी ने कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रूसी एवं शुभम विश्नोई की सराहना की।

अशोक चौधरी ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

लाभार्थियों के चेहरों पर प्रसन्नता देखने को मिली

शाह टाइम्स संवाददाता

चांदपुर। विधानसभा क्षेत्र में ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पुनः कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव अशोक चौधरी ने अपने गांव कौशल्या में अपने साथियों के साथ जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।

इस अवसर पर अशोक चौधरी ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की सेवा करना उनका नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में किसी भी जरूरतमंद को परेशानी न हो, इसके लिए निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे है। कंबल प्राप्त कर लाभार्थियों के चेहरों पर प्रसन्नता देखने को मिली। स्थानीय लोगों ने इस जनसेवी पहल की सराहना करते हुए अशोक चौधरी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में चांदपुर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शीशपाल राठी, युवा विधानसभा अध्यक्ष रवि गांधी, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र प्रधान, जिला महासचिव डॉ. विपिन तोमर, नगर अध्यक्ष मुंजरीम अहमद, वरिष्ठ नेता अकरम उस्मानी, वरिष्ठ नेता डॉ. आलामगीर, डायरेक्टर महेश प्रधान, पूर्व जिला महासचिव चौधरी गजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ नेता कलवा सिंह गुर्जर, वरिष्ठ नेता मा. रमेशचन्द्र शर्मा, युवा नेता निमित चौधरी, वरिष्ठ नेता राजीव चौधरी, मा. जयवीर सिंह, अजयदीप सिंह, गजराज सिंह, देशराज सिंह, नरेश नेताजी, सदाकत अली, विरेंद्र सिंह, ऋषि सिंह, कुलदीप सिंह, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी के द्वारा सर्दी के मौसम मे पुनः क्षेत्र के गरीब परिवारों को कंबल वितरण पर पूरे क्षेत्र भर में प्रशंसा की जा रही है।

एक नजर

डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली पलटी

नांगल सोती। नांगल-चंदक मार्ग पर आज सुबह करीब नौ बजे गांव सौफतपुर निवासी अरुण कुमार गन्ने की ट्रैक्टर ट्राली लेकर बरकातपुर मिल में जा रहा था। गांव महमसापुर एक ईंट भट्टे के समीप पीछे से आ रहे रेत बजरी के डंपर ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी, जिससे ट्राली सड़क के बीचों-बीच पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक अरुण कुमार बाल-बाल बच गया। गनीमत रही की कोई राहगीर ट्राली की चपेट में नहीं आया, जिससे हादसा होने से बच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रॉली को सीधा कराकर सड़क से हटवाया।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

चांदपुर। गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उदिता राजपूत और मौहम्मद आरिफ के निर्देशन मे शासन के आदेश के अनुसार नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। संस्कृत विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार पुंडीर ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि नेताजी एक महान क्रांतिकारी थे और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में नेताजी की महत्वपूर्ण भूमिका थी। उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में नेताजी के दिए हुए नारों की चर्चा की। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि नेताजी के प्रसिद्ध नारे 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' ने उस समय के सभी क्रांतिकारियों में एक भिन्न प्रकार का जज्बा और ऊर्जा भर दी थी। कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप कुमार तालान, डॉ. मौहम्मद साजिद अंसारी, डॉ. कुलदीप, डॉ. संतोष देवी, डॉ. मीनाक्षी चौहान, पूजा राजपूत, राजेश श्रीवास्तव, सौरभ चौहान, गौरव कुमार तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

आरवीआईटी में वसन्त पंचमी की पूजा

बिजनौर। आर.वी. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में वसन्त पंचमी की पूजा का आयोजन किया गया । वसन्त पंचमी के दिन माँ सरस्वती जी की पूजा की जाती है। यह दिन ज्ञान, कला, संगीत और शिक्षा की देवी मां सरस्वती को समर्पित होता है। इस अवसर पर संस्थान में मां सरस्वती की पूजा अर्चना व आरती और हवन कर सभी ने माँ सरस्वती का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल ने सभी छात्रों को शुभकामनायें देते हुए अपने जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। यह पूजा संस्थान के प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल, तकनीकी निदेशक डा.नितिन अग्रवाल, फॉर्मेसी निदेशक डॉ. हितेश कुमार, रजिस्ट्रार विपिन कुमार, सभी विभागाध्यक्ष व समस्त स्टाफ और सभी छात्र-छात्राएं ने मिलकर की ।

होली दहन स्थलों पर बसंत रखा

शेरकोट। बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को नगर में ढोल नगाड़ों के बीच होली दहन स्थलों पर बसंत रख कर बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में भजन कीर्तन के साथ ही भण्डारों का आयोजन किया गया। मौहल्ला शेखान स्थित होली चौक पर भक्त प्रहलाद होली कमेटी के अध्यक्ष विजय वर्मा, सोमेश चन्द्र शर्मा, सुभाष चन्द्र शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ बसंत रखा एवं प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर होली कमेटी से दिनेश वर्मा, रिंकू वर्मा, बिट्टू शर्मा, दिनेश शर्मा, राजू कर्णवाल, मुकेश रुहेला, रजत वर्मा, सुमित वर्मा, कुक्की शर्मा आदि मौजूद रहे। द्रोपदा मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

जिला स्तरीय उद्योग बंधुओं की बैठक

निवेशकों एवं उद्यमियों को नए उद्योगों की स्थापना के लिए करें प्रेरित : डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि जिले में औद्योगिक विकास को अपेक्षित प्रगति देने के लिए सार्थक प्रयास करें और निवेशकों एवं उद्यमियों से मिलकर उन्हें नए उद्योगों की स्थापना के लिए प्रेरित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रही थीं। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित विभागीय प्रकरणों को भी जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश विभागीय अधिकारी को दिए।

उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि जिले में औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से निवेशकों एवं उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद का औद्योगिक विकास और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने एमओयू क्रियान्वयन तंत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में हस्ताक्षरित 294 एमओयू के सापेक्ष जीबीसी के लिए 121 तैयार हैं, 91 में व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो चुका है, 30 पेंडिंग हैं जबकि 253 एमओयू निर्माणाधीन एवं प्रगति पर हैं और 02 एमओयू द्वारा कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है। उन्होंने उपयुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि नए एमओयू को तलाश कर उन्हें निवेश के लिए प्रेरित करें। समीक्षा करते हुए संज्ञान में आया कि एमओयू के अंतर्गत क्रियाशील औद्योगिक यूनिटों में लगभग 58 हजार से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हो चुका है। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा करते हुए पाया गया कि पोर्टल पर कुल 578 आवेदन परिषद प्रदर्शित है, जिनमें से 227 का प्रथम स्तरीय सत्यापन किया जा चुका है जबकि 108 का द्वितीय स्तरीय सत्यापन पूर्ण हो चुका है तथा 85 आवेदन पत्रों पर तृतीय स्तर की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन पोर्टल पर लक्ष्य 1750 के सापेक्ष 2695 आवेदन बैंकों को प्रेषित की जा चुके हैं, जिनमें बैंक द्वारा 1114 स्वीकृत तथा 1087 लाभार्थियों को बैंक द्वारा ऋण वितरण किया जा चुका है जबकि बैंकों स्तर पर 600 आवेदन के लंबित हैं तथा बैंकों द्वारा 1050 आवेदन पत्र अस्वीकृत किए गए हैं।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रयास किया जाए की उद्योग बंधु की बैठक में उठाए जाने वाली प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति के साथ निस्तारित कराना सुनिश्चित करें ताकि औद्योगिक विकास को प्रगति मिल सके और शासन के प्रति भी उद्योग बंधुओं का विश्वास और अधिक दृढ़ हो सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उपयुक्त उद्योग अमित कुमार, जीएसटी, उद्योग, खादी ग्राम उद्योग, पंचायत राज, खाद्य सुरक्षा विभाग, पशु पालन विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी तथा उद्योग एवं व्यापार बंधु मौजूद थे।

सीएमआईएस तथा एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएमआईएस तथा एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले में पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को तत्काल संबंधित विभागीय को हैंड ओवर करना सुनिश्चित करें ताकि उनका उपयोग शुरू किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी परियोजनाएं निर्माण अधीन है, उनका पूर्ण समयबद्धता के साथ पूरा कर संबंधित विभाग को स्थानांतरित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यथासंभव पूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण जन प्रतिनिधियों द्वारा कराया जाए ताकि कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता प्रदर्शित हो। उन्होंने निर्देशित किया कि सूची की सत्यता एवं अद्यतन स्थिति सुनिश्चित की जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यालय में उपलब्ध कराई जाए, जिससे कार्यक्रमों का प्रभावी नियोजन एवं समन्वय सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने निर्देशित किया कि निर्देशित किया कि सभी परियोजनाएं जो अपूर्ण है उन परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाते हुए और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें और जो पूर्ण हो चुकी हैं, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यों सड़क निर्माण, पुल निर्माण में पूर्ण परियोजनाओं की प्रगति, कृषि, सिंचाई, लोनिवि सहित अन्य विभागों की कार्यो की प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जिले को प्रदेश में अग्रणी बनाए रखने के लिए अपेक्षित प्रयास करें और सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ क्रियान्वित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुश्री लक्ष्मी देवी सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

श्री राम मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ पर दीपमाला व श्रीराम संकीर्तन

संकीर्तन से वातावरण हुआ भक्तिमय

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भव्य रूप से निर्मित श्री राम मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज (ध्यान केंद्र) में भक्ति और श्रद्धा के साथ दीपमाला व श्रीराम संकीर्तन का आयोजन किया गया। यह आयोजन रामदास जी महाराज के सानिध्य में तथा नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था श्रीमद हनुमत सेवा समिति (पंजी.) के संयोजन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान संगीतमय हनुमान चालीसा और श्रीराम संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में सनातन धर्मप्रेमी श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए और दीप प्रज्वलन कर भगवान श्रीराम के चरणों में श्रद्धा अर्पित की।

इस अवसर पर बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज (ध्यान केंद्र) के संस्थापक श्री रामदास जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीराम मंदिर का नवनिर्माण 5 अगस्त 2020 को भूमिपूजन के साथ प्रारंभ हुआ था।

कार्यक्रम में सुभाष चन्द्र कौशिक, पंकज भटनागर, मयंक अग्रवाल, डॉ. ए.के. सक्सेना, तरुण शर्मा शास्त्री, यतेंद्र शर्मा एडवोकेट, कपिल तुली, डॉ. अनुज कुमार वर्मा, मेघराज सिंह प्रजापति, महेन्द्र सिंह, महावीर सिंह, अनिल चौधरी, सुनील कुमार, सक्षम गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, मुन्नी देवी, बबीता सक्सेना, विनिता चौधरी, मंजु देवी, सुहासनी, कु. गौरी वर्मा, कु. कुमकुम, कु. आराध्या भटनागर, कु. पीहू गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

कार्यक्रम का समापन मिष्ठान एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

नवीन स्वीकृत गन्ना प्रजाति एवं आधुनिक खेती विषय पर कार्यशाला

धामपुर। धामपुर शुगर मिल एवं गन्ना विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में बसंतकालीन गन्ना बुवाई अभियान के अंतर्गत नवीन स्वीकृत गन्ना प्रजाति एवं आधुनिक खेती विषय पर समीक्षा गोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशेष सत्र में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर अमित कुमार पांडेय, सहायक प्रबंधक (गन्ना) चीनी मिल धामपुर सहित 15 विभागीय गन्ना पर्यवेक्षक एवं चीनी मिल कर्मियों ने भाग लिया। गन्ना समिति परिसर में आयोजित गोष्ठी में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमित कुमार पांडेय ने कहा कि किसान अस्वीकृत प्रजाति के गन्ने की बुवाई ना करें। विभाग की ओर से खेतों में खड़े गन्ने का सत्यापन अभियान पांच फरवरी तक चलेगा। किसी भी दशा में एक प्रजाति का क्षेत्रफल 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। किसान भाई राज्य सरकार द्वारा अनुशंसित की गई नई अगेती प्रजातियों को ही अपनाएं। जैसे कोएस 13235, कोएस 17231, कोएस 18231, कोएस 19231, को. 0118, को.ल. 14201, को.ल. 16202 को अपनाने को कहा। जलभराव वाले क्षेत्रों के लिए को 98014 और को. एस. 13231 की बुवाई कराएं। बुवाई के समय प्रत्येक खेत में ट्राइकोडर्मा का प्रयोग और बीज शोधन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने बताया कि गन्ना समिति में स्थापित फार्म मशीनरी बैंक के यंत्रों के संचालन हेतु कृषकों को अवगत कराएं कि फार्म मशीनरी बैंक से आधुनिक यंत्र आरएमडी, सब-सॉयलर, ट्रेंच ओपनर, पावर स्प्रेयर उचित किराये पर प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर संजय मौर्य, गन्ना पर्यवेक्षक लोकनाथ, दिनेश राजपूत, राजेश सिंह, लोकनाथ सिंह आदि उपस्थित रहे।

धामपुर में निकाली तिरंगा यात्रा

नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाई

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाई गई। इस अवसर धामपुर नगरपालिका द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका से हुआ जो रोडवेज होते हुए सुभाष चौक पर जाकर सम्पन्न हुई। जहां पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और नेताजी के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प भी लिया। जयंती समारोह के लिए सुभाष चौक को रंगोली और फूलों से सजाया गया था। नगर पालिका प्रशासन ने पूरे स्थल को आकर्षक रूप से तैयार किया। स्थानीय नागरिकों और जन प्रतिनिधियों ने भी पुष्प अर्पित कर नेताजी को नमन किया। माल्यार्पण के बाद चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि साहस और संकल्प के प्रतीक थे। उन्होंने 'आजाद हिंद फौज' का गठन कर अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दी थी। अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने युवा पीढ़ी से उनके त्याग और राष्ट्रप्रेम से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। नेताजी का जीवन अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने बताया कि नेताजी ने यह सिद्ध किया कि यदि इरादे मजबूत हों, तो संसाधनों की कमी लक्ष्य प्राप्ति में बाधा नहीं बनती। उनके विचार आज भी एक सशक्त भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।

इस दौरान पवन कुमार, सुनील कुमार, विकास कुमार, पुष्पेंद्र सक्सेना, ओमजीत, अतुल कुमार आदि पालिका स्टाफ मौजूद रहे।

सिरसी- ग्राम सिसौटा के जंगल में महिला का शव मिलने पर जमा भीड़ व पुलिस इंसेट में मृतका।

महिला की सर कुचलकर हत्या

शाह टाइम्स संवाददाता

सिरसी। थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र में महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी कर शव को कब्जे में कर पीएम को भेज दिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम सिसौटा निवासी नन्हे सलमानी के बेटे मुजम्मिल की पत्नी शैबुन्निसा (35) अपनी दो वर्षीय बेटी के साथ जनपद रामपुर रिश्तेदारी में हुई मौत में शामिल होने गई थी और शाम को वहां से कल ही वापस आ गई थी, लेकिन घर नहीं पहुंची। ग्राम सिसौटा के जंगल में मासूम बच्ची को रोता देखकर खेत में

O खेत में शव पड़ा मिलने से गांव व क्षेत्र में फैली सनसनी

O मृतका रामपुर में मौत में शामिल होकर लौट रही थी गांव

O परिजन कर रहे किसी रंजिश से इंकार

काम करने करके घर लौट रहे ग्रामीण ने देखा तब मासूम को साथ ले गया। सुबह को जब ग्रामीण खेतों पर गए तब बुर्का पहने महिला का शव देखा। खेत में शव पड़ा होने की सूचना आग की तरह फैल गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने शव को कब्ज़े में कर पीएम को भेज दिया। मृतका का सर कुचला हुआ था। परिजन किसी रंजिश से इंकार कर रहे हैं। लेकिन उसकी फिर हत्या क्यों की गई। यह संश्य बना हुआ है ओर पुलिस की जांच के बाद ही असलियत सामने आ सकती। गौर तलब है कि मृतका के छह बच्चे है। तथा पति किसी अन्य शहर में काम करता है जो सूचना पाकर सुबह गॉव आया। घटना की तहरीर को देने की बात हो रही थी। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जॉच करने की बात कही है।

नवजातों के लिए शुरू हुई जीवनदायिनी पहल

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। नवजातों के लिए जिले में लैक्टेशन मेनेजमेंट यूनिट की शुरूआत की है। नवजातों के लिए 'जीवनदायिनी' पहल का उदघाटन किया।

शुक्रवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय में लेक्टेशन मेनेजमेंट यूनिट का शुभारम्भ (एलएमयू) किया गया। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने यूनिट का विधिवत उद्घाटन किया। इस जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि एलएमयू शासन की एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल है। जिसका उद्देश्य नवजात शिशुओं को मां का दूध उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि कई माताओं का दूध अधिक आता है या वे स्वेच्छा से दूध दान करना चाहती हैं, ऐसे में यह दूध उन बच्चों को दिया जाएगा जिनकी माताओं को किसी कारणवश दूध उपलब्धा नहीं हो पाता। डीएम ने बताया कि डोनर मदर्स की पहले सीरोलॉजिकल जांच की जाएगी। जांच में स्वस्थ पाए जाने पर ही दूध का कलेक्शन किया जाएगा। इसके बाद दूध की प्रोसेसिंग, टेस्टिंग, पाश्चुरीकरण और सुरक्षित स्टोरेज की व्यवस्था की गई है। एलएमयू में डीप फ्रीजर, सामान्य फ्रीजर, ऑटोमेटिक बर्तन धोने की मशीन और स्टरलाइजेशन यूनिट स्थापित की गई है। साथ ही यहां तैनात एएनएम समेत स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि एलएमयू भविष्य में 'गर्भ संस्कार' केंद्र के रूप में भी कार्य करेगा, जहां माताओं को आहार, विहार और संस्कार से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने समाज में प्रचलित गलत परंपराओं पर चिंता जताते हुए कहा कि नवजात को पहला दूध न पिलाने जैसी भ्रांतियों को दूर करने के लिए भी यहां जागरूकता फैलाई जाएगी। यह पहल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। इस दौरान सीएमओ डा. तरूण पाठक सीएमएस डा. राजेन्द्र सैनी आदि मौजूद रहे।

O दूध उपलब्ध न होने वाली माताओं के शिशुओं को मिल सकेगा अन्य माताओं का दूध

जिला अस्पताल में शुरू हुई यूनिट

सम्भल- जिला अस्पताल में जीवनदायिनी पहल का शुभारम्भ कर जानकारी लेते डीएम।

खोए मोबाइल पाकर खिले चेहरे

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। जनपद में खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए गए विशेष अभियान में जिले की पुलिस को बड़ी सफलता हत्थे लगी। पुलिस ने विभिन्न कंपनियों के खोए फोन को बरामद कर उनके स्वामियों को सौंपे। मोबाइल पाकर चेहरे खुशी से चमक उठे।

पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकीर्ति शर्मा के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार भाटी (आईपीए) के नेतृत्व में जनपद साइबर सेल और साइबर थाना की टीम ने दूरसंचार विभाग द्वारा संचालित सी ई आर पोर्टल की मदद से खोए मोबाइल पाने का अभियान चलाया। पुलिस ने सी ई आर पोर्टल के माध्यम से फोन को ट्रैक कर न सिर्फ जनपद सम्भल

O पुलिस ने किए थे बरामद

बल्कि गैर जनपदों और अन्य राज्यों से भी मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद मोबाइल फोन में वीवो के 107, ओप्पो के 97, सैमसंग के 73, रियलमी के 62, रेडमी के 51, वनप्लस के 29, मोटो के 28, पोको के 15 सहित आईफोन, नोकिया और अन्य कंपनियों के मोबाइल शामिल हैं। मोबाइल बरामदगी अभियान में जनपद के विभिन्न थानों और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस अधिकारियों ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी का मोबाइल फोन खो जाए या चोरी हो जाए तो तुरंत सीईआर पोर्टल पर आईएमईआई नंबर ब्लॉक कराएं और नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि मोबाइल के दुरुपयोग को रोका जा सके और बरामदगी सम्भव हो सके। सम्भल पुलिस की इस कार्रवाई से आम नागरिकों में भरोसा बढ़ा है और साइबर अपराधों पर लगाम कसने की दिशा में इसे एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

बसंत पंचमी प्रमुख हिंदू त्योहार: अनंत अग्रवाल

सम्भल- श्रीबालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान में बसंत पंचमी पर बच्चों को पुरस्कृत करते।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। बसंत पंचमी के पावन पर्व मां सरस्वती का जन्मोत्सव एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती हर्षोल्लाह सेके साथ मनाई गयी।

श्रीबालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान हल्लू सराय में आयोजित कार्यक्रम में अंनत अग्रवाल, कुलदीप गुप्ता, अरुण कुमार अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, दुष्यंत मिश्रा, विमला शर्मा, मीनू रस्तोगी द्वारा मां सरस्वती एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। जबकि छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना पेश की। अन्य छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक बसंत पंचमी गीत, होली के गीत एवं देशभक्ति गीत की सुंदर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मीनू रस्तोगी नेकहा कि बसंत पंचमी को त्यौहार हर साल माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन पीले वस्त्र पहनकर, विद्या आरंभ करने और वीणावादिनी मां सरस्वती की पूजा की परंपरा है। अनंत कुमार अग्रवाल ने कहा कि बसंत पंचमी को मनाया जाने वाला यह एक प्रमुख हिंदू त्योहार है, जो भारत में वसंत श्रृतु के आगमन का सूचक है। इसे श्रृतुराज वसंत का पहला दिन माना जाता है। कुलदीप कुमार गुप्ता ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 उड़ीसा के कटक में हुआ था, यह भारत के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया और 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का नारा दिया। राजकुमार शर्मा ने कहा कि विद्यालय में बसंत पंचमी एवं नेताजी के जन्मदिन पर आयोजित सांस्कृतिक और देशभक्ति कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा को सराहाने का अवसर हम सभी को प्राप्त हुआ। इस दौरान आकांक्षा ठाकुर,अनीता श्रीवास्तव, पायल, अंजलि त्यागी, नंदिनी, ज्योति, रूपाली, प्रियंका, विशाखा ठाकुर, तपस्या ठाकुर, रेखा शर्मा, विमला देवी, मीनू रस्तोगी, दीपक शर्मा, राजकुमार शर्मा, दुष्यंत मिश्रा, दुष्यंत मिश्रा, आकाश चौहान, प्रियांशु अग्रवाल, आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता अरुण कुमार अग्रवाल एवं संचालन विकास कुमार वर्मा ने किया।

19वें दिन धरना स्थल पर पहुंचे उपजिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं

सम्भल-धनारी में भाकियू असली के धरने पर पहुंचे उपजिलाधिकारी वार्ता करते।

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक का धरना 19 वें दिन भी जारी रहा। बारिश में भी भाकियू असली कार्यकर्ता धरना स्थल पर डटे रहे। धरना स्थल पर हुई मासिक पंचायत में उपजिलाधिकारी के धरना स्थल नहीं आने पर स्थान बदलकर गुन्नौर करने की चेतावनी पर उपजिलाधिकारी और धनारी थानाध्यक्ष ने किसानों की मांग को सुना।

किसानों की मांगो को लेकर भाकियू असली का धनारी में 19 दिन से धरना जारी है। शुक्रवार को दिन भर बारिश के बाद भाकियू कार्यकर्ता धरने पर बैठे रहे। इस दौरान पूर्व कार्यक्रम के अनुसार जिला स्तरीय मासिक पंचायत धरना स्थल पर आयोजित की गई। पंचायत में जिलाध्यक्ष राजपालसिह यादव ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि हमारी पंचायत मे उपजिलाधिकारी गुन्नौर नही आते है तो धरना स्थल बदलकर गुन्नौर किया जायेगा। पंचायत में उपजिलाधिकारी गुन्नौर व थानाध्यक्ष धनारी द्वारा किसानो के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओ के बारे मे बिस्तार से जानकारी ली। धारना संचालक राष्ट्रीय प्रमुख सचिव श्रृषिपाल सिह यादव ने जन समस्याओ के बारे बताया कि पशु चिकित्सालय की चार दीवारी व डाक्टर की तैनाती, गायो को सहभागिता के तहत किसानो को देना ,महावा नदी का पुनर्जीवन, जमीन के विवादो को समय रहते निपटारा करना, जनता जूनियर हाईस्कूल धनारी का विकास, शुद्व पेयजल हेतु जल जीवन मिशन योजनानुसार कार्य पूरा किये जाने जाए आदि समस्याओं के बारे में उपजिलाधिकारी गुन्नौर को अवगत कराते हुए 31जनवरी से पहले मागे पूरा कराने की मांग की। उपजिलाधिकारी ने समस्याओ को हल कराने का आश्वासन दिया जबकि अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राम बिरेश यादव ने खनन का मुद्दा उठाया और नियमानुसार खनन कराने की बात रखी साथ पंचायत मे आश्वासन बनाये रखने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर आशि करजा और महाराज सिह ने कृषि क्षेत्र मे तकनीकी से आगे बढने की जानकारी दी इसमोके पर देबेनदरसिह सुलेमान जी वारिस भाई किसनलाल गजराम सिह पूरन सिह बजर सिह जयबीर सिह आदि मौजूद रहे।

एक नज़र इधर भी

बबराला-नगर में विकास कार्यों के शिलापट का अनावरण करते प्रभारी मंत्री।

प्रभारी मंत्री ने सड़क शिलापट का किया अनावरण

शाह टाइम्स,संवाददाता

बबराला। जिले के प्रभारी मंत्री व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार (होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा विभाग) धर्मवीर प्रजापति व भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह उर्फ रिंकू चौधरी के गुन्नौर चेयरमैन खुशबू प्रजापति के आवास पर आने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। उसके बाद उन्होंने नगर में विकास कार्यों के शिलापट का अनावरण किया। मंत्री जी ने कहा कि नगर के विकास को चेयरमैन तत्पर हैं। सरकार विकास कार्यो को तेजी से करा रही है। यहाँ लोगों का अच्छा प्यार मिला। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में सभी को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। देश व प्रदेश में विकास कार्य तीव्रगति से कराये जा रहे हैं। इस दौरान नगर पंचायत गुन्नौर चेयरमैन खुशबू प्रजापति, उनके पति धर्मेंद्र प्रजापति, महिपाल सिंह, सचिन प्रजापति आदि मौजूद रहे।

बूंदाबांदी से बड़ी ठंड

शाह टाइम्स,संवाददाता

बबराला। नगर क्षेत्र में दोपहर अचानक मौसम बदल गया और बूंदाबांदी शुरू हो गई, जिससे ठंड बढ़ गई है। तापमान में गिरावट में गिरावट आ गयी। मौसम विभाग ने अभी बारिश की संभावना जताई है। हवा भी काफी तेजगति से चली। दोपहर बाद अचानक हुई बूंदाबांदी से गेहूं की फसल को फायदा होने की उम्मीद है जबकि सरसों व आलू की फसल को नुकसान होने की आशंका के चलते किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि ओलावृष्टि का डर भी सता रहा है । मौसम विभाग की मानें तो अभी दो दिन बारिश, आंधी व ओलों की संभावना है।

बबराला-राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित प्रतिभागी छात्रो।

राज्य स्तर की प्रतियोगिता में मिला प्रथम स्थान

बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)। नगर के विद्यालय की छात्र को एकल लोक नृत्य में प्रथम स्थान मिला। संस्कृति विभाग के द्वारा उत्तर प्रदेश पर्व-हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव का राज्य स्तर की प्रतियोगिता भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबराला की छात्र नंदिनी ने एकल लोकनृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया।विजयी छात्र अब उत्तर प्रदेश पर्व के अवसर पर अपनी लोककला का प्रदर्शन करेगी और वही सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जायेगा। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने छात्र को बधाई दी और सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि गुरु एक मार्गदर्शक होता है और यही मार्गदर्शन शिक्षिका नेहा यादव ने किया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें धन्यवाद और आभार प्रकट किया कि इतने कम समय में इस प्रतियोगिता के लिए छात्र के साथ तैयारियां की। इस विजय से विद्यालय परिवार में खुशियां का वातावरण बन गया। सभी शिक्षिकाओं ने नंदिनी को बधाई दी

नगर पंचायत बोर्ड की बैठक स्थगित

सिरसी (शाह टाइम्स,संवाददाता)। नगर पंचायत सिरसी की बोर्ड बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। बता दें कि नगर पंचायत सिरसी की 24 जनवरी (आज) बोर्ड की बैठक आयोजित की जानी थी। लेकिन बोर्ड की बैठक को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। नगर पंचायत की ओर से जारी विज्ञिप्ति में समस्त निर्वाचित सदस्यों को सूचित किया गया है कि कार्यालय नगर पंचायत सिरसी में दिनांक 24 जनवरी 2026 दिन शनिवार समय सुबह 11:00 बजे बोर्ड की बैठक आयोजित की जानी थी लेकिन अपरिहारे कारण से स्थगित हो गई है। अब बोर्ड की बैठक 27 जनवरी 2026 दिन मंगलवार को समय प्रात:11: 00 बजे रखी गई है। जिसमें सभी सदस्यगणों का प्रतिभाग करना आवश्यक है।

पीताम्बर वस्त्र धारण कर रंगारंग प्रस्तुतियों संग मनाया बसंतोत्सव

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। महिला शक्ति संगठन की महिलाओं ने बारिश के बावजूद पूरे उत्साह और श्रृद्धा के साथ बसंत पंचमी पर्व एवं संगठन का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया।

हयातनगर स्थित कन्या पाठशाला में आयोजित कार्यक्रम में संगठन की महिलाओं ने पीले रंग की साड़ियां पहनकर मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया और बसंत पंचमी का पर्व मनाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सम्भल सुषमा चौधारी एवं संगठन की अध्यक्ष दीपा वार्ष्णेय ने संयुक्त रूप से संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर केक काटा। इसके बाद महिलाओं ने गीत-संगीत व नृत्य से उत्सव को और भी रंगारंग बना दिया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने शिक्षा से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं संगठन की अध्यक्ष व सदस्यों ने मिलकर परिवार को जागरूक करने के उद्देश्य से एक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें माता-पिता की जिम्मेदारियों और बच्चों की भावनाओं को समझने का संदेश दिया गया।ब्लॉक प्रमुख सुषमा चौधरी ने कहा कि महिला शक्ति संगठन द्वारा सामाजिक जागरूकता और शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहा कार्य सराहनीय है। महिलाओं का संगठित होकर समाज के लिए काम करना न केवल परिवार बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए भी प्रेरणादायक है। दीपा वार्ष्णेय ने कहा कि बारिश के बावजूद महिलाओं का उत्साह यह साबित करता है कि जब नीयत मजबूत हो तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती।

बसंत पंचमी ज्ञान का त्यौहार

शाह टाइम्स,संवाददाता

बबराला। नगर की गायत्री शक्तिपीठ पर बसन्त पंचमी मनाई गई। शांतिकुंज के आचार्य अखिलेश ने यज्ञ में आहुतियाँ मंत्रोचार से कराई। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी हर वर्ष माघ महीने में शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि तो बड़े उल्लास से मनाया जाता है। इसे माघ पंचमी भी कहते हैं। बसंत पंचमी प्रसिद्व त्योहार है। इस दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। इस दौरान इंद्रपाल, सरोज देवी, अतुल वार्ष्णेय, राकेश कुमार आदि रहे। उधर सन्तोषी माता श्रीबांके बिहारी मंदिर में पण्डित श्याम बिहारी ने बताया कि बसंत श्रृतु का आगमन बसंत पंचमी पर्व से होता है। बसंत को श्रृतुओं का राजा अर्थात सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस समय पंचतत्व अपना प्रकोप छोड़कर सुहावने रूप में प्रकट होते हैं। पंचतत्व जल, वायु, धरती, आकाश और अग्नि सभी अपना मोहक रूप दिखाते हैं। वाग्देवी सरस्वती ब्रह्मस्वरूप

कामधेनु तथा समस्त देवों की प्रतिनिधि है। यह ही विद्या, बुद्वि और ज्ञान की देवी है। वागीश्वरी जयंती या श्रीपंचमी नाम से भी यह तिथि प्रसिद्व है। जिन पर सरस्वती देवी का वास होता है वह अत्यंत विद्वान व कुशाग्र बुद्वि होते हैं। जिन पर सरस्वती की कृपा होती है वह ज्ञानी और विद्या के धनी होते हैं। बसंत पंचमी के दिन सरस्वती जी की साधना का ही दिन है। यह ज्ञान का त्यौहार है। इस दिन मस्तिष्क से अंधेरे अज्ञान को हटाकर देवी से ज्ञान का आशीर्वाद मांगा जाता है। बसंत पंचमी से होली की औपचारिक शुरुआत भी हो जाती है। इस दिन लोग एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाते हैं। होली के होलिका दहन के लिए इस दिन से ही लोग लकड़ी को सार्वजनिक स्थान पर रखना शुरू कर देते हैं जो होली की एक दिन पहले एक महूर्त देखकर जलाई जाती है। शास्त्रों के अनुसार भगवान विष्णु ने देवी सरस्वती से खुश होकर उन्हें बरदान दिया था कि बसंत पंचमी के दिन तुम्हारी आराधना की जाएगी।

उद्योग व व्यापार बंधुओं की बैठक में की चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। जनपद स्तरीय उद्योग बंधु व्यापार बंधु की बैठक में उद्योग बंधु के बिन्दुओं पर चर्चा की गयी,जबकि उद्योग विभाग से संबंधित अधिकारी द्वारा बैठक से संबंधित प्रमुख एजेंडा बिंदुओं बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना को लेकर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि लघु स्तर पर भी लोगों को स्वरोजगार के लिए लोन प्रदान किये जाएं तथा प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को उद्योगों के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए इस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए।ताकि युवा इस योजना का लाभ प्राप्त करते हुए अपना स्वरोजगार स्थापित करें एवं देश के विकास में अपनी भूमिका निभाएं। बैठक में पीएम विश्वकर्मा योजना को लेकर चर्चा की गयी।

डीएवी फटिलाईजर स्कूल में एनसीसी ए सर्टिफिकेट का मॉक टेस्ट सम्पन्न

शाह टाइम्स,संवाददाता

बबराला। डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला में एनसीसी कैडेट्स हेतु एनसीसी 'ए' सर्टिफिकेट परीक्षा का मॉक टेस्ट सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। यह मॉक टेस्ट 24 यूपी बटालियन एनसीसी, मुरादाबाद के अधिकारियों की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर सूबेदार सुनील कुमार, नायब सूबेदार सुविंदर कुमार, हवलदार संजय सिंह, हवलदार रंजीत, हवलदार विनय शुक्ला, हवलदार रिासत अली, हवलदार अली बख्श तथा हवलदार सुरेश उपस्थित रहे और कैडेट्स का मार्गदर्शन किया। मॉक टेस्ट का उद्देश्य कैडेट्स को वास्तविक परीक्षा की प्रक्रिया से अवगत कराना तथा उनकी तैयारी का आकलन करना था। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के एनसीसी एएनओ द्वितीय अधिकारी सतीश कुमार सिंह के निर्देशन में

बबराला- डीएवी फर्टिलाइजर में सी सर्टिफिकेट को परीक्षा देते केडेटस।

सुव्यवस्थित रूप से किया गया। अधिकारियों द्वारा कैडेट्स को एनसीसी के विभिन्न रैंकों हवलदार, नायब सूबेदार एवं सूबेदार के कर्तव्यों, अनुशासन एवं नेतृत्व गुणों की जानकारी दी गई। विद्यालय के प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने इस अवसर पर कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करती है। ऐसे मॉक टेस्ट कैडेट्स को परीक्षा के लिए मानसिक रूप से तैयार करते हैं तथा उनका आत्मबल बढ़ाते हैं। कार्यक्रम का समापन कैडेट्स के उत्साहवर्धन एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

हैंड सायरन बजते ही नागरिकों ने ली सुरक्षित स्थानों पर शरण

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयन्ती पर नागरिक सुरक्षा विभाग के तत्वावधान में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

बहजोई में आयोजित मॉक ड्रिल के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में प्रतीकात्मक हवाई हमले की ड्रिल की गई तथा 2 मिनट तक के लिए ऊंची नीची आवाज में हैण्ड सायरन बजाया गया तथा परिसर स्थित समस्त कार्यालयों में विद्युत व्यवस्था को बाधित कर ब्लैक आउट किया गया और सायरन के बजने पर परिसर में उपस्थित नागरिकों द्वारा सुरक्षित स्थान/शेल्टरों में शरण ली गई। सांय 6:10 बजे 2 मिनट के लिए ऊंची आवाज में हैण्ड सायरन को को पुन: ध्वनित किया गया तथा विद्युत व्यवस्था संचालित की गई। सांय 6:15 बजे हवाई हमले की चेतावनी समाप्त होते ही स्वयं सेवकों द्वारा छोटी आग बुझाने का प्रदर्शन किया। जबकि अग्निशमन विभाग द्वारा फायर ब्रिगेड के माध्यम

O मॉक ड्रिल में कलक्ट्रेट में किया गया ब्लैक आउट

से बड़ी आग बुझाने का प्रदर्शन किया गया। सांय 6:25 बजे हवाई हमले से घायल हुए लोगों को स्वयं सेवकों द्वारा प्राथमिक चिकित्सा सीपीआर आदि प्रदान की। एवं सांय 6:30 पर हवाई हमले से अधिक घायल लोगों को एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा गया। इसके अलावा सांय 6:35 पर हवाई हमले में फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने का भी प्रदर्शन किया गया। जबकि सांय 6:40 बजे मॉक ड्रिल समाप्त हुई। जिलाधिकारी ने ब्लैक आउट मॉक ड्रिल के बारे में कहा कि यह अभ्यास आपदा के समय बहुत काम आता है। क्योंकि इस अभ्यास से हम सीखते हैं कि त्वरित कार्यवाही कैसे करें। इसके अंतर्गत सीपीआर आदि छोटी छोटी जानकारियां दी गयीं जोकि आम व्यक्ति के आपदा के समय बहुत काम आ सकती हैं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी एवं डिप्टी कलक्टर नीतू रानी, डिप्टी कलक्टर निधि पटेल, आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ ए. के यादव एवं एनडीआरएफ एवं होमगार्ड्स तथा आपदा मित्र की टीम एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

फर्जी बिल ट्रैडिंग कर 17 करोड़ से अधिक की जीएसटी चोरी करने वाले गैंग का मुख्य सदस्य गिरफ्तार

मुरादाबाद। अपराध शाखा एसआईटी ने फर्जी बिल ट्रैडिंग के जरिए बोगस फर्मों पर करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी कर राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाने वाले गैंग के एक मुख्य सदस्य को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है।गिरफ्तार आरोपी पर लगभग 17 करोड़ 3 लाख 34 हजार 452 रुपये की जीएसटी चोरी का आरोप है।अपराध शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य कर अधिकारी खंड-02, सिविल लाइन मुरादाबाद द्वारा फर्म ए0के0 इंटरनेशनल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी।

आरोप था कि उक्त फर्म द्वारा रेडीमेड कपड़ों का कारोबार दिखाकर बिना वास्तविक माल की खरीद-फरोख्त के फर्जी बिल तैयार किए गए और करोड़ों रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट क्लेम कर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाया गया। इस आधार पर थाना मुगलपुरा में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। एसआईटी की टीम ने अभिसूचना संकलन के माध्यम से जांच को आगे बढ़ाया।विवेचना के क्रम में आरोपी अमजत खान पुत्र अलाउद्दीन खान निवासी मोहल्ला कानून गोयान, किले वाली जियारत के पीछे, थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने अपने नाम से ए0के0 इंटरनेशनल फर्म बनवाई थी, जिसमें फर्जी किरायानामा तैयार कराया गया। उसने बताया कि जावेद नामक व्यक्ति के संपर्क में आकर अधिक मुनाफे के लालच में बिना माल के फर्जी बिल तैयार कर आईटीसी क्लेम किया गया।

आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि फर्म रेडीमेड गार्मेंट्स के लिए पंजीकृत थी, लेकिन मसाले, स्पेयर पार्ट्स, अदरक आदि के फर्जी बिल लगाकर आईटीसी प्राप्त की गई। पुलिस द्वारा अन्य संलिप्त आरोपियों की तलाश और विधिक कार्यवाही जारी है।

नेता सुभाष चंद्र बोस आदर्श पर चलने का किया आभार महानगर सपा ने नेता जी को दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। समाजवादी पार्टी के माननीयके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार महानगर कैम्प कार्यालय, मकबरा फाटक पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं आजाद हिन्द फौज के महानायक नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके अद्वितीय योगदान, राष्ट्र भक्ति और बलिदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने नेताजी के विचारों को आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर लालू परवेज, शन्नू भाई, राशिद हुसैन अंसारी इलियास अंसारी, महमूद भाई, मुख्तार खान, नादिर आलम, दाऊद अंसारी, अकरम अंसारी, इस्लाम अंसारी, जियाउल अरीम, राजा अंसारी, जलीस अहमद, मो. आरिफ, अतुल कुमार, नितिन बाजपेई, अदनान, सालिम, मिस्बाह, मसरूर हसन मामू, सुबहान, शमशाद अंसारी, आशिश शर्मा, संजय कुमार, अखिल अग्रवाल सहित अनेक समाजवादी साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने की तथा संचालन शायर अहमद मुरादाबादी ने किया।

महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन साहस, त्याग और देशप्रेम की अनुपम मिसाल है। उन्होंने कहा कि समा. जवादी पार्टी सदैव देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को आत्मसात कर सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकता के लिए संघर्ष करती रहेगी।कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

एक नजर

यातायात के प्रति लोगों को किया जागरूक

मुरादाबाद। हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज की एन एस एस इकाई द्वारा विशेष शिविर के तीसरे दिन को सड़क सुरक्षा एवं यातायात दिवस के रूप मे मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी द्वारा स्वयं सेवकों को विस्तार से समझाया गया कि हमें सड़क पर यातायात के समय कौनसी सावधानिया वरतनी चाहिए, जिनमें मुख्य रूप से सफर करते समय /वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करना चाहिए, नशे की हालत मे कोई भी वाहन नहीं चलाना चाहिए, सदैव अपनी साइड पर चलना चाहिए, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए, वाहन की स्पीड नियंत्रण मे रहनी चाहिए, चार पहिया वाहन चलाते समय सदैव सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए आदि. कार्यक्रम अधिकारी मुशाहिद हुसैन ने अनेक उदाहरण देकर यात्रा करते समय उनको सामने रखने की सलाह दी.और स्वयं सेवकों को घर घर जाकर आमजन को सुरक्षित यात्रा करने के तरीकों से अवगत कराने का आव्हान किया.क्योंकि आज बड़ी संख्या मे दुर्घटनाएं हो रही है जिन्हे सावधानी बरतने से रोका जा सकता है।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती, बसंत पंचमी व वीर हकीकत राय बलिदान दिवस पर हुआ आयोजन

चन्दौसी। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती, बसंत पंचमी (मां सरस्वती अवतरण दिवस) एवं वीर हकीकत राय के बलिदान दिवस का आयोजन भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने नेताजी के चित्र, मां सरस्वती की मूर्ति एवं वीर हकीकत राय के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर किया। अपने संबोधन में कवि माधव मिश्र ने नेताजी के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, आजाद हिंद फौज की स्थापना तथा 'जय हिंद' के नारे की महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही बसंत पंचमी के धार्मिक महत्व एवं वीर हकीकत राय के धर्मनिष्ठ बलिदान को स्मरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. महेश कुमार गुप्ता ने की तथा संचालन डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने बसंत पंचमी पर किया मां सरस्वती पूजन

चन्दौसी। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में मां सरस्वती पूजन एवं भजन-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सोसायटी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीलम वार्ष्णेय ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर समूह की महिलाओं ने बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए। पूजन उपरांत मां सरस्वती को खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसाद राहगीरों में वितरित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. नीलम वार्ष्णेय, सचिव रूबी वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष शीलू जैन, संरक्षिका इंदु अग्रवाल, मंत्री लीना वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष डोली शर्मा, उषा वार्ष्णेय, शालू अग्रवाल सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

एनकेबीएमजी कॉलेज में मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

चन्दौसी। शुक्रवार को नगर के एन.के.बी.एम.जी. कॉलेज में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को लोकतंत्र में मतदान की भूमिका, प्रत्येक मत के मूल्य और निष्पक्ष चुनाव की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही आगामी चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या अलका रानी अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जागरूक मतदाता ही सशक्त लोकतंत्र की नींव होता है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं मतदान करें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में डॉ. इमराना, डॉ. मनीषा अग्रवाल, डॉ. रीता, डॉ. प्रियंका, डॉ. मोनिका राघव, डॉ. नीता गुप्ता, डॉ. शीतल यादव सहित अन्य शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलर के लिए करें आवेदन

चन्दौसी। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन जनपदीय इकाई जनपद संभल द्वारा परिवार परामर्श केंद्र बहजोई व चन्दौसी में काउंसलर की नियुक्ति के संबंध में सूचना जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार शासनादेश एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों के क्रम में परिवार परामर्श केंद्रों के संचालन हेतु योग्य काउंसलरों की नियुक्ति की जानी है। काउंसलर पद के लिए व्यक्ति का स्नातक या समकक्ष होना आवश्यक है तथा काउंसलिंग व मध्यस्थता का अनुभव होना चाहिए। आवेदक का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं होना चाहिए और वह अधिवक्ता अथवा किसी पुलिस/जिला सरकारी अधिकारी का पारिवारिक सदस्य नहीं होना चाहिए। चयनित काउंसलर को सप्ताह में दो दिन नि:शुल्क सेवा देनी होगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित अर्हताएं पूर्ण करते हुए पांच दिन के भीतर अपना आवेदन संबंधित क्षेत्राधिकारी कार्यालय अथवा परिवार परामर्श केंद्र बहजोई में जमा कर सकते हैं।

टीएमयू संग आत्मीय रिश्तों को और प्रगाढ़ कर गए मशहूर पार्शव गायक सुखविंदर सिंह

मुरादाबाद। बसंत पंचमी से एक दिन पूर्व जाने-माने पंजाबी सिंगर श्री सुखविंदर सिंह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी परिवार के संग अपने प्रगाढ़ रिश्तों को और सुगंधित कर गए। उदीषा चौपाल साहित्योत्सव-2026 में शिरकत करने मुरादाबाद आए श्री सुखविंदर अपनी चहेती तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी आना नहीं भूले। चल छैया-छैया..... और जय हो... सरीखे मशहूर गानों के पार्श्व गायक श्री सुखविंदर का कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और जीवीसी श्री मनीष जैन ने अपने आवास- संवृद्धि में मंगल आगमन पर बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, श्रीमती ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, सुश्री नंदिनी जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। पर्यावरण प्रेमी श्री सुखविंदर कुलाधिपति आवास- संवृद्धि में खिले गेंदों के फूल देखकर गदगद हो गए। श्री सुखविंदर मानते हैं, टीएमयू इन्नोवेटिव विजन, डायनामिक लीडरशिप, पर्यावरण, स्टार्ट अप्स, क्रिएटिविटी, रिसर्च के प्रति बेहद संजीदा है। साथ ही जैन परिवार ऊर्जावान है। जिंदादिल है। अभिनंदन के योग्य है। उल्लेखनीय है, टीएमयू परिवार का पंजाबी सिंगर श्री सुखविंदर से बरसों पुराना आत्मीय रिश्ता है। दीक्षांत समारोह के रॉक ऑन से लेकर कल्चरल नाइट्स में अपनी जादुई आवाज से महफिल लूट चुके हैं।

उल्लेखनीय है, टीएमयू को अपना ही परिवार एवम् कुलाधिपति श्री सुरेश जैन को अजीम शख्सियत मानने वाले श्री सुखविंदर का यूनिवर्सिटी के संग बरसों से दिली लगाव है। कोविड काल के दौरान 2020 में एक अविस्मरणीय वीडियो जारी करके टीएमयू से अपने अंतरंग रिश्तों को सार्वजनिक कर चुके हैं। टीएमयू हॉस्पिटल को तीर्थ की संज्ञा देते हैं। कह चुके हैं, टीएमयू हॉस्पिटल जैन परिवार के लिए धन कमाने की अपेक्षा जनसेवा का जरिया है। उल्लेखनीय है, हॉस्पिटल के सेवा, संकल्प और समर्पण के बूते यूपी सरकार कोविड काल में प्राइवेट हॉस्पिटल्स में उम्दा इलाज के लिए ए श्रेणी का दर्जा दे चुकी है। मैं यूनिवर्सिटी के भव्य एवम् हरित कैंपस के चप्पे-चप्पे से वाकिफ हूं। 2019 में अमर उजाला के कंसर्ट में आए तो उन्होंने कुलाधिपति परिवार को मंच पर बुला लिया। कुलाधिपति से गर्मजोशी में गले मिलते हुए बोले, अब मेरा तन-मन और मेरी आवाज खुशियों से लबरेज हो गई है। यह दिली रिश्ता परस्पर है। 2023 में संवृद्धि आए तो गोल्फ कार्ट से श्री सुखविंदर समेत पूरे परिवार ने कैंपस का भ्रमण कराया, जबकि ड्राइविंग सीट की कमान खुद एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने सभांली।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाई गई

मुख्य अतिथि रहे वन व पर्यावरण राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना

शाह टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। शुक्रवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा 'पराक्रम दिवस' के रुप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा0 अरुण कुमार सक्सेना (वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री, उ.प्र. शासन) रहे। सर्वप्रथम विधि-विधान से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने अपने संबोधन में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए कहा कि आज का दिन युवाओं में पराक्रम और देशसेवा की भावना जगाने का अवसर है। उन्होंने कायस्थ समाज से आह्वान किया कि समाज शिक्षा, संगठन और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक बने। मंत्री ने कहा कि कायस्थ समाज ने देश के प्रशासन, शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और आगे भी संगठित होकर समाज व राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। साथ ही बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये एवं कायस्थ समाज के वरिष्ठ नागरिकों को शील्ड देकर सम्मानित करते हुए उनके स्वस्थ्य व दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम में कायस्थ महासभा के प्रान्तीय अध्यक्ष आनंद जौहरी, संगठन के महामंत्री विपिन जौहरी द्वारा बदायूं से आकर कार्यकारिणी को दिशा-निर्देशित किया गया। इस अवसर पर प्रान्तीय उपाध्यक्ष सुशील सक्सेना, अशोक श्रीवास्तव, आशा बिसारिया, सह संरक्षक मुकेश सक्सेना, उपाध्यक्ष नरेन्द्र सक्सेना, महामंत्री विपिन सक्सेना, प्राचार मंत्री दीप श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी मयंक सक्सेना, संगठन मंत्री सुनील सक्सेना, कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्र माथुर, सहसचिव अवकाश सक्सेना, विधि प्रकोष्ठ एड0 दिवाकर सक्सेना आदि मौजूद रहे।

भूडी चौराहे पर वर्षा से सड़क पर फैली खनन की मिट्टी बनी दल-दल

चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़। तहसील चन्दौसी अन्तर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में बिलारी-आसफपुर रोड़ पर भूडी चौराहे के निकट रोड पर जमी मिटटी बूंदाबांदी होने से भीग कर दलदल बन गई। शुक्रवार को अनेकों बाइकें रोड़ पर फैली मिट्टी में फिसल कर गिर गईं। कई बाइक सवार गिरकर चोटिल भी हो गये। भूडी चौराहे के निकट सम्भल जनपद की सीमा क्षेत्र से खनन माफिया मिट्टी खनन करके बदायूं जनपद की सीमा क्षेत्र में ईंट भट्टों तथा अन्य स्थानों पर ले जाते हैं। ट्रैक्टर ट्राली में ओवरलोड भरी मिट्टी रोड़ पर गिरती हुई जाती है। रोड़ पर फैली वही मिट्टी आज वर्षा होने भीगकर दलदल बन गई है जिससे पैदल राहग. ीरों व बाइक सवारों का निकलना दुश्वार हो गया है। अनेकों बाइकें फिसल कर गिर रहीं हैं।

टीबी के उन्मूलन कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग प्रदान आयुष चिकित्सक

मुरादाबाद। जिला क्षय रोग केंद्र टाउन हाल पुराना मर्दाना अस्पताल पर एचएलएफपीपीटी आयुष चिकित्सको की एक दिवसीय उनमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एन के कुरैचया ने आयुष चिकित्सको का आव्हान किया कि टीबी के उन्मूलन के सरकारी कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

एचएलएफ पीपीटी के डॉ मुहम्मद आसिफ ने टीबी के लक्षण बुखार आना, खांसी, रात को पसीना आना, वजन कम होना, खांसी में खून आना, सीने में दर्द और सांस लेने में कठिनाई, थकान होना जैसे लक्षणों के आधार पर डॉक्टरों को ट्यूबरक्लोसिस का संदेह होना चाहिए।

डॉ आसिफ ने आगे बतलाया की 1962 में राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम शुरू किया गया था। जिसे 1993 में संशोधित कर पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम बनाया गया। और 2020 में राष्ट्रीय टीवी उन्मूलन कार्यक्रम शुरू किया गया था। सुश्री अंजुला सचाल ने टीबी के उच्च जोखिम के विषय बताया 60 वर्ष से अधिक आयु वाले,शुगर रोगी, धूम्रपान और नशा करने वाले, टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले, कैंसर या एचआईवी जैसी स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त हैं जो उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर सकती हैं। कार्यशाला में एच एम ए आई, मुरादाबाद के अध्यक्ष डॉ आर के शर्म तथा नीमा के अध्यक्ष डॉ फिरोज चौहान ने संबोधित किया। कार्यशाला में एच एम ए आई मुरादाबाद के सचिव डॉ कुलदीप शर्मा, सदस्य डॉ धीरज एवं नीमा के सचिव डॉ अथर रऊफ खान, डॉ मजाज अख्तर, डीपिपीएमसी मनोज कुमार, डी पी सी डॉ जावेद,अजमल खान,डॉ रियाज अख्तर डॉ तसमियां परवीन, डॉ जीशान ने भी प्रतिभाग किया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ नरेंद्र कुरेचिया ने की।

कुढ़फतेहगढ़ में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

■ सम्मेलन में एकजुटता और सनातन संस्कृति पर जोर दिया

चन्दौसी/ कुढ़फतेहगढ़। तहसील चन्दौसी अन्तर्गत कुढ़फतेह गढ़ में शुक्रवार को ओपीएस इंटर नेशनल एकेडमी में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में हिंदू समाज के लोगों ने भाग लिया। सम्मेलन में सर्वप्रथम भारत माता के चित्र के समक्ष हरिद्वार से आये महामंडलेश्वर स्वामी रुपेन्द्र प्रकाश तथा संघ सह प्रांत प्रचारक मेरठ प्रांत आनन्द ने दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेशचंद्र शर्मा ने की एवं संचालन आचार्य ऋतु पर्ण शर्मा ने किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि की भूमिका में हरिद्वार से आये महामंडलेश्वर स्वामी रुपेन्द्र प्रकाश ने बोलते हुए कहा कि हिंदू समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने के लिए हम सभी सनातनियों को एकजुट होकर समाज के लिए काम करना होगा। जाति-पाति का भेदभाव त्याग कर हम सभी को आगे आना होगा। सभी सनातनी सहोदर भाई है। हिंदू सम्मेलन के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदू समाज को संगठित व सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है। वहीं संघ सह प्रांत प्रचारक आनन्द ने कहा कि पूर्व समय में आक्रांताओं ने हिंदू समाज के ऊपर बहुत अत्याचार किए हैं, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया। हिंदू समाज को दमन करने का पूरा प्रयास किया गया। पूर्व में हिंदू समाज के लोग अपने लिए हिंदू कहने में संकोच करते थे परन्तु अब हमारा हिन्दू समाज जाग्रत हो रहा है और गर्व से कहता है कि 'मैं हिन्दू हूँ'। हम सभी हिन्दू समाज के लोगों को एकजुट होकर सनातन धर्म के लिए काम करना होगा तभी हमारा भारत देश विश्व गुरु बनेगा। सम्मेलन में कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्राओं ने स्वागत गीत तथा राम भजन 'राम आयेंगे आयेंगे राम आयेंगे' पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। सम्मेलन में आसपास गांवों दियौरा खास, बिचौटा काजी, बेरनी, बोंडा फिरोजपुर, मिठनपुर मौजा, रतनपुर, लालपुर चेंघुरी, दारनी, शहबाजपुर, भगतपुर, मुडिया खेड़ा, छाबड़ा, चंडरौआ, धनुपुरा, रीठ, जहांगीर पुर, अटबा आदि से सैकड़ों की संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव, मंजू दिलेर, सुरेश सैनी, विशाल यादव, चन्द्रपाल सिंह उर्फ पप्पू चौधरी, ग्रीशबंधू, चौधरी ऋषिपाल सिंह, संघ से जिला कार्यवाह अशोक, जिला प्रचारक दीपक, नगर एवं खंड प्रचारक रौनक, सुमित, थान सिंह तथा प्रदीप चौहान, रामनरेश यादव, सुमित कुमार सिंह, जेके शर्मा, लकी मिश्रा, विजेन्द्र सिंह, पुनीत शर्मा, नीरज कुमार, आलोक चौहान, कुलदीप चौहान, बंटी गोस्वामी, रामप्रकाश यादव, राजेन्द्र सिंह, अंशुमान यादव, महेंद्र सिंह पाल, उदयवीर सिंह आर्य, बिटटन सिंह आदि मौजूद रहे।

एक नजर

धार्मिक आयोजन में विवाद कर रहे लोगों के विरुद्ध हुई कार्रवाई

भगतपुर। गुरुवार को एक धार्मिक आयोजन में मारपीट करने वाले अठारह लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार ग्राम कुकुरझुंडी में एक धार्मिक भंडारे के आयोजन में दान को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था जिसमें दोनों पक्षों में मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के दो लोग घायल हो गये जिसमें विवाद के दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाद कर रहे दोनों पक्षों के लवी उर्फ अजय पुत्र ओमप्रकाश व धर्मेन्द्र पुत्र बलवीर निवासी कुकुरझुंडी सहित अठारह व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की है।

बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना के साथ रखा गया वसंत

करनपुर। ब्लॉक डिलारी की ग्राम पंचायत करनपुर में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद हवन यज्ञ का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंडित अमित कुमार शर्मा ने वेद मंत्रों का उच्चारण करते हुए हवन में आहुतियां डलबाई। इसके पश्चात, ग्राम पंचायत करनपुर के होलिका दहन स्थल पर मंत्रोच्चारण के साथ श्होली का बसंतश् स्थापित किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया, सभी श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया।उ इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम पंचायत करनपुर के प्रधान पति डॉ. बाबू सिंह, गजेंद्र सिंह आचार्य, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य इंद्रजीत सिंह, सुधीर कुमार, वंश चौहान, नीटू चौहान, टिकराज सिंह, देवेंद्र सिंह, राम अवतार सिंह, परम सिंह, संजय सिंह, अरुण कुमार, पीतम सिंह सहित ग्राम के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बसंत पंचमी पर सरस्वती माता की पूजा

ठाकुरद्वारा। नगर के पिपल टोला मोहल्ला में स्थित पब्लिक किड्स कॉटेज में बसंत पंचमी के उपलक्ष में मां सरस्वती की पूजा की गई। छात्र-छात्राओं और प्रधानाचार्य ने मिलकर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने मां सरस्वती के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया कि मां सरस्वती विद्या की देवी हैं जिनके बिना सब अधूरा है। मां सरस्वती से ही संगीत और सभी स्वर हैं। मां सरस्वती की नित्य पूजा करने से विद्या का ज्ञान होता है और समाज में मान सम्मान और प्रतिष्ठा भी मिलती है। इस दौरान स्वाति चौहान, अंशुल अग्रवाल, सुहानी, वर्णिका, पुष्पद, नजर खान, शबनम खान, शीना खान, बुशरा खान ,नशरा खानऔर सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कुतुबपुर अज्जू में नेताजी की जयंती पर निकाली प्रभात फेरी

कुंदरकी। कुंदरकी क्षेत्र के गांव कुतुबपुर अज्जू स्थित राधा स्वामी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती एवं बसंत पंचमी के पावन अवसर पर भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर कुतुबपुर अज्जू, चिडियाठेर व मोहनतख्तपुर के विभिन्न मार्गों से होती हुई विद्यालय में संपन्न हुई। प्रभात फेरी के दौरान छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति एवं प्रेरणादायक नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। प्रभात फेरी का ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। पूरे क्षेत्र में देशभक्ति और उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर खेमपाल सिंह, राम औतार सिंह, विमला कुमारी, विनोद भारती, राधे श्याम शर्मा, विशाल कुमार, शुभम कुमार, निक्की, शीतल, सीमा फात्मा एवं पप्पू पत्रकार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कुंदरकी में महिला से मारपीट का मामला, वीडियो वायरल

कुंदरकी। कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव कुतुबपुर अज्जु में शुक्रवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक महिला के साथ सरेआम चौराहे पर मारपीट की गई। घटना का वीडियो किसी ने मोबाइल में कैद कर लिया जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जानक. ारी के अनुसार गांव कुतुबपुर अज्जु निवासी एक महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट और गाली-गलौच का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपा है। पीड़िता ने आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार शुक्रवार की सुबह वह अपने ससुर रनवीर सिंह को देखने गई थी। उसी दौरान उसने देखा कि गांव का उमंग ठाकुर उसके ससुर के साथ मारपीट कर रहा है। जब महिला ने इसका विरोध किया और बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उमंग के साथ मौजूद खुशीराम, उमेश और दो महिलाओं ने मिलकर उस पर भी हमला बोल दिया। आरोप है कि महिला को गाली-गलौच करते हुए चौराहे पर सरेराह पीटा गया। इसी बीच किसी व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वायरल वीडियो में मारपीट और हंगामे की तस्वीरें साफ दिखाई दे रही हैं। पीड़ित महिला ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

संदिग्ध परिस्थिति में युवक की ससुराल में मौत, परिजनों में मचा कोहराम

शाह टाइम्स संवाददाता

ठाकुरद्वारा। संदिग्ध परिस्थिति में एक युवक की ससुराल में मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहरा मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव असलेम पुर निवासी 22 वर्षीय संजू पुत्र महेश गुरुवार की रात निकट के गांव गोपी वाला स्थित अपने तो अन्य साथियों के साथ अपनी ससुराल में गया था। बताया जाता है कि युवक नशे का आदी था। ससुराल में जाकर किसी बात को लेकर कहां सुनी हो गई। इसी दौरान रात्रि 11रू00 बजे के आसपास संजू की मौत हो गई। सूचना पर मृतक के परिजन गोपी वाला पहुंचे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। पूछताछ के बाद पुलिस ने मृतक के शब्द को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया। बताया जाता है कि संजू की शादी 1 वर्ष पूर्व प्रेम प्रसंग के चलते हुयी थी। शुक्रवार की देर शाम युवक का गमगीन माहोल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक युवक के परिजनों का रोते विलखते बुरा हाल था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि किस कारण से मृत्यु हुई है। फिलहाल पुलिस ने कई बिंदुओं पर जांच करनी शुरू करदी है।

बारिश के कारण गिरी विद्युत लाइन, मार्ग अवरुद्ध, राहगीरों को भारी परेशानी

ठाकुरद्वारा। नगर में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। शुक्रवार को कोतवाली तिराहे पर विद्युत लाइन गिर जाने से न केवल बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, बल्कि संबंधित मार्ग भी पूरी तरह बंद हो गया। सड़क पर विद्युत तार गिरने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और आवागमन ठप हो गया।

बारिश के बीच अचानक रास्ता बंद हो जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहन चालक मजबूरी में अपने वाहन वापस मोड़ते नजर आए, जबकि पैदल राहगीरों को वैकल्पिक मार्गों से गुजरना पड़ा। कुछ लोग काफी देर तक मौके पर फंसे रहे। स्थानीय लोगों ने तत्काल मामले की सूचना विद्युत विभाग को दी, लेकिन सूचना के काफी देर बाद तक भी विभागीय टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी। सुरक्षा की दृष्टि से विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि लाइन की मरम्मत के बाद ही बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन समय पर कार्रवाई न होने को लेकर स्थानीय लोगों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी देखी गई। लोगों ने मांग की है कि बरसात के मौसम को देखते हुए विद्युत लाइनों की समय-समय पर जांच कराई जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

नगर में सपा कार्यकर्ताओं ने मनाया शिवपाल सिंह यादव का जन्मदिन, एक दूसरे को खिलाया मिष्ठान

कुंदरकी। नगर में देर शाम समा. जवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व केबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक हाजी रिजवान ने कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव आमजन के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी जनता की आवाज बुलंद करती रहेगी।

इस दौरान सभी ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष जावेद अल्वी, मोईन खान, इलयास खान शमीम अंसारी, दिलशाद, रेहमान खां, इंतजार खान, जमील हसन एवं अब्दुल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खुलेआम जेब पर डाका, एमआरपी से महंगी बिक रही सिगरेट

ठाकुरद्वारा। नगर क्षेत्र में सिगरेट की बिक्री को लेकर दुक. ानदारों की मनमानी लगातार सामने आ रही है। कई दुकानों पर सिगरेट के पैकेट और खुले सिगरेट अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से दो रुपये तक महंगे दामों पर बेचे जा रहे हैं। इस अवैध वसूली को लेकर उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्राहकों का आरोप है कि सिगरेट के पैकेट पर एमआरपी स्पष्ट रूप से अंकित होने के बावजूद दुकानदार तय मूल्य की अनदेखी कर रहे हैं। विरोध करने पर कई दुकानदार बहस करने लगते हैं और मनमाना रवैया अपनाते हैं, जिससे आम उपभोक्ता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। इस संबंध में दुकानदारों से बात करने पर अलग-अलग तर्क सामने आए। दुकानदार सलमान ने बताया कि, "कंपनियों द्वारा रेट बार-बार बदले जा रहे हैं। कई बार पुराने स्टॉक पर नया रेट लागू हो जाता है, जिससे थोड़ा फर्क पड़ जाता है। लेकिन डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा अपना संतों के माध्यम से एमआरपी से अधिक दामों पर गोल्ड फ्लैक, कैप्टन की डिब्बियों पर रेट बढ़ाकर बिकवाया जा रहा है। दुकानदारों को एमआरपी से ऊपर डिब्बी खरीदनी पड़ रही है। इसीके कारण दुकानदारों को भी महंगे में बेचना पड़ रहा है। वहीं दुकानदार पिंटू चौधरी का कहना था कि, "खुले सिगरेट में ट्रांसपोर्ट और नुकसान की भरपाई करनी पड़ती है, इसलिए कुछ दुकानों पर दाम बढ़ जाते हैं।" सफाई देते हुए कहा कि, "ग्राहक खुले में सिगरेट मांगते हैं, ऐसे में कई बार तय रेट से थोड़ा ज्यादा लेना पड़ता है। हालांकि उपभोक्ताओं का कहना है कि दुक. ानदारों को ही एमआरपी से ऊपर सिगरेट खरीदनी पड़ रही है तो ऐसे में वह भी इसका फायदा उठाते हैं। जबकि यह नियमों के विपरीत हैं, क्योंकि कानून के अनुसार एमआरपी से अधिक मूल्य वसूलना पूरी तरह अवैध है, चाहे सिगरेट पैकेट में हो या खुली। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। दुक. ानदारों की इस मनमानी से आम जनता की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है और नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सिगरेट पीने वाले शौकीन लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि सिगरेट की बिक्री को लेकर सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाए तथा एमआरपी से अधिक दाम वसूलने वाले डिस्ट्रीब्यूटर एजेंट के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उपभोक्ताओं को राहत दिलाई जाए।

सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर गोष्ठी आयोजन

मुरादाबाद। जिला बार एसोसिएशन में आज सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर एक विचार गोष्ठी का आर्योजन किया गया। वक्ताओं ने श्री बोस के जीवन चक्र पर प्रकाश डाला। बिट्रीश सरकार से भारत को स्वतंत्रता दिलाने के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।उनका एक नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा,ने जनजन में जोश ला दिया।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शिरीष महरोत्रा भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में अजयगुप्ता डीजीसी सिविल मुरादाबाद, ललित अरोड़ा, अनिल पाल सिंह, जयवीर सिंह, ध्रुव कुमार सक्सेना, हर स्वरूप, भीकम सिंह सैनी,शेर सिंह बौद्ध,, संध्या दीक्षित, गोपाल कृष्ण, एएचजैदी, सोमपाल सिंह, हर स्वरूप, वीरेंद्र चौहान, संजीव सक्सेना आदि ने प्रतिभाग किया।अंत में मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हर प्रसाद ने की संचालन महामंत्री सरदार प्रकाश वीर सिंह ने किया।

सरकारी स्कूल निर्माण से परंपरागत होलिका दहन स्थल को लेकर ग्रामीणों में रोष, स्थान परिवर्तन की मांग

बिलारी। मझोली खास में परंपरागत रूप से होलिका दहन के लिए निर्धारित भूमि पर सरकारी स्कूल का निर्माण कराए जाने को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी का माहौल है इसको लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम बिलारी से शिकायत की है। शिकायत में कहा कि गांव मझोली खास में गाटा संख्या 218, रकबा 0.0120 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में होलिका दहन के नाम से दर्ज है। वर्षों से ग्रामीण परंपरागत रूप से होलिका दहन करते आ रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन द्वारा उक्त भूमि पर सरकारी स्कूल का निर्माण करा दिया गया है, जिससे गांव में सामाजिक और धार्मिक परंपराओं के निर्वहन में बाधा उत्पन्न हो गई है। इससे पूर्व ग्रामीणों द्वारा यह मांग उठाई गई थी कि विद्यालय का निर्माण गाटा संख्या 217 पर कराया जाए, जो पहले से खाली थी, लेकिन उस सुझाव पर ध्यान नहीं दिया गया। वर्तमान में गाटा संख्या 217 पर बाउंड्रीवाल, पेड़ और अन्य निर्माण कार्य करा दिए गए हैं, जबकि होलिका दहन के लिए कोई वैकल्पिक स्थान निर्धारित नहीं किया गया है। इससे आगामी होली पर्व के दौरान गांव में विवाद की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका जताई जा रही है। ज्ञापन देने वालों में हेमराज सिंह,सत्यपाल,राकेश सिंह,सूरज सैनी,चरन सिंह,जग्गू सिंह,हरि शंकर,सुनील कुमार,रोहित कुमार इत्यादि लोग शामिल रहे।

शिवसेना ने बालासाहेब ठाकरे और सुभाष चंद्र बोस की मनाई जयंती

बिलारी। शुक्रवार को शिवसेना कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शिवसेना के जिला उप प्रमुख व अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के युवा नगर अध्यक्ष राजीव सक्सेना के नेतृत्व में शिवसेना के प्रमुख बाला. साहेब ठाकरे व आजाद हिंद फौज के क्रांतिकारी नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े ही धूमधाम से एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। शुक्रवार को बालासाहेब ठाकरे व नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी को नमन करते दीप जलाकर एवं मिष्ठान खिलाकर कार्यक्रम शुरू किया। शिवसेना के जिला उप प्रमुख व अखिल भारतीय कायस्थ महा सभा के युवा नगर अध्यक्ष राजीव सक्सेना ने कहा कि हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि हमारे देश में महान महापुरुषों ने जन्म लिया। इन महापुरुषों के बारे में युवाओं को पढ़ना चाहिए, इनसे सीखना चाहिए। अपने देश के लिए महापुरुषों द्वारा किए गए कार्यों के लिए हम सभी भाई कोटि-कोटि नमन करते हैं। सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजीव सक्सेना, अखिल भारतीय कायस्थ महा सभा के नगर महामंत्री विजय माथुर,संदीप सक्सेना,महेश सिंह ,सुशील शर्मा,संतोष कुमार, हरी बाबू,मनोज गुप्ता, सौरव सक्सेना, राजीव ठाकुर, प्रवीण ठाकुर, दिनेश आजाद, अमन गुरुजी, संजीव सक्सेना, विनोद यादव ,रवि शंकर, विशाल गुप्ता, भूरा भाई, कुश सक्सेना,राजेश ठाकुर, सोनू पुखराज गुप्ता, पुनीत अरोड़ा,मयूर गुप्ता,संजय गुप्ता,रवि शंकर शर्मा, लव सक्सेना,बालकृष्ण सक्सेना,अभिषेक शर्मा आदि सहित भारी तादाद में शिव सैनिक शामिल रहे।

बुर्का प्रकरण मामले में पांच छात्राओं पर मुकदमा

बिलारी। नगर के साहूकुंज कॉलोनी में ट्यूशन पढ़ने आई छात्राओं द्वारा एक धर्म विशेष की छात्रा को बुर्का जबरन पहनाने के मामले में अब भाई की ओर से दी गई तहरीर के बाद पुलिस ने पांच छात्रों पर मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले को लेकर एक वीडियो भी वायरल हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही की है। बिलारी के रहने वाले एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराया कि उनकी बहन कक्षा 12 में पढ़ती है। ट्यूशन पढ़ने वह साहू कुंज कॉलोनी में जाती है। उसके साथ अन्य छात्राएं भी पढ़ाई करती है। जो गैर संप्रदाय से हैं। आरोप है कि वह उसकी बहन को बहला फुसलाकर बुर्का पहनने के लिए विवश करती है, साथ ही मुस्लिम धर्म स्वीकार करने को भी विवश करती है। इस मामले को लेकर थावंला निवासी छात्र के अलावा उसकी चार अन्य साथी छात्राओं के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने पांच छात्राओं पर जबरन धर्म बदलवाने के प्रयास के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आनंद और उत्साह के साथ मनाया गया 'बसंत पंचमी' का त्योहार

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में ज्ञान की देवी माँ सरस्वती को समर्पित ''बसंत पंचमी'' का त्यौहार अत्यंत ही आनंद और उत्साह के साथ मनाया गया। कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने प्रतिकुलपति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा एवं सभी उपस्थितों के साथ मिलकर माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पण कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने सभी शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान हस्तांतरण का शुभ दिन माना जाता है, क्योंकि यह दिन अज्ञानता को दूर करता है। उन्होंने कहा कि बसंत ऋतु के शुभारम्भ के साथ ही सभी लोग नई ऊर्जा के साथ अपने कार्य का सम्पादन करते हुए विद्यार्थियों को भी शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रेरित करें। साथ ही कुलपति प्रो. पाण्डेय ने समस्त स्टाफ के आनन्दमय जीवन हेतु कामना भी की। वहीं कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि बसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा कहा जाता है। उन्होंने समस्त स्टाफ से अपील की कि सभी लोग नई ऊर्जा और उत्साह के साथ मिलजुल कर काम करें। प्रतिकुल. पति डॉ. वर्मा ने बताया कि इस दिन से बसन्त ऋतु का प्रारम्भ होता है तथा मुख्य पंच तत्व (जल, वायु, आकाश, अग्नि एवं धरती) संतु. लित अवस्था में होते हैं, जिससे प्रकृति अत्यन्त सुंदर एवं मनोरम दिखती है। इस मौके पर उपस्थित अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि बसन्त पंचमी पर पीले रंग का अपना महत्व है। स्कूल ऑफ साइंसेज के निद. ेशक डॉ. बी.के. सिंह ने कहा कि आज के दिन माँ सरस्वती को पीले पुष्प अर्पित किये जाते हैं और पीले भोजन का ही भोग लगाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि पीला रंग फसलों के पकने का संकेत भी करता है तथा इस ऋतु में फूल खिलने शुरू हो जाते हैं। इस दौरान वित्त अधिकारी डॉ. कुशलपाल सिंह, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निद. ेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह, सीनियर कैम्पस इंजीनियर श्री सी.एस. नागिला समेत अन्य कई फैकल्टी मैम्बर्स एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्कूली छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेता सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर उनको याद किया

कुंदरकी। स्कूली छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेतासुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर उनको याद किया।

नगर स्थित श्री नरेंद्र भूषण स्कूल में देश के महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेता सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर स्कूल के छात्र छात्राओं ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उनको याद किया, इस अवसर पर नेता सुभाष चंद्र बोस जी के बारे में विचार भी व्यक्त किए गए,स्कूल की प्रधानाचार्या सोफिया हाफिज ने कहा कि नेता सुभाष चंद्र बोस के बिना आजादी की कल्पना अधूरी थी, गरम दल के नेता सुभाष चंद्र बोस जी ने देश में सेना का गठन किया, इन्होंने नारा दिया तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा,,इनके आह्वान पर देश के नौजवान देश के लिए शहीद हो गए, और आज हम जिस आजादी में सांस ले रहे हैं यह सब देश के महान क्रांतिकारियो का बलिदान है इनको कभी नहीं भूलाया जाया सकता है, इस अवसर पर स्कूल के अन्य अध्यापक गण और छात्र-छात्राओं ने भी विचार व्यक्त किए।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

सम्पादक
एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

बसंत पंचमी पर आओ हाथ बढ़ाएंर्चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया विशाल भंडारा

मुरादाबाद। शहर के दिल्ली रोड स्थित रेड कारपेट के सामने बसंत पंचमी के पावन अवसर पर आओ हाथ बढ़ाएं एक पहल मदद की चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में कढ़ी-चावल का विशाल भंडारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे सरदार गुरविंदर सिंह, डॉ. विशेष गुप्ता एवं डॉ. सतवीर सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से संपन्न किया।भंडारे में शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर राजेश रस्तोगी, राघव रस्तोगी, प्रियंका भटनागर, सत्येंद्र गुर्जर, अंकुर गुप्ता, रचित गुप्ता, सनी सेठी, विजय शर्मा, सिद्धार्थ कौशिक, मनमीत सिंह चहल, सुमित सैनी, अनिकेत गुप्ता सहित श्री निर्मल मेहता मौजूद रहे। साथ ही बढ़ते कदम एनजीओ से ऋषि आर्य व सृष्टि अधिकारी, गंगा आरोग्यधाम से डॉ. परवीन व स्वाति शर्मा, श्रीजी फाउंडेशन से नीरज कुमार तथा वर्क फाउंडेशन की टीम ने भी सहभागिता की।ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजलि पांडेय ने बताया कि "आओ हाथ बढ़ाएं" चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक वर्ष बसंत पंचमी पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि त्योहार सेवा, सहयोग और समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देते हैं। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान सेवा, सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदनाओं का सुंदर उदाहरण देखने को मिला, जिसकी सभी ने सराहना की।

उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

विभाग	Electrical (TRD)
टेंडर नं	T-19-TRD-MB-25-26
कार्य का नाम	कॉन्कोर जीसीटी के संदर्भ में पथरी में सामान्य उपयोगकर्ता यातायात सुविधा के लिए टी०आर०डी का कार्य।
निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय	16.02.2026,15:00 hrs
कार्य की अनुमानित लागत	Rs 1,25,65,387.58/- (Including GST@18%)
बिड सिक्यूरिटी राशि	Rs. 2,12,800/-
निविदा प्रपत्र मूल्य	NIL
ऑफर की वैधता (दिन)	60 Days
कार्य पूरा करने की अवधि	04 Months
वेबसाइट एवं कार्यालय का पता	www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad.

निविदा सूचना स.: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-18 दिनांक: 23.01.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 265/26

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

Tender No. Date	295-DRM-MB-25-26 dt. 22.01.2026	296-DRM-MB-25-26 dt. 22.01.2026
Name of work	CTR(S)=7.232 km & TSR(S)=0.44 km and other miscellaneous track activity under Sr. DEN/HQ/MB.	Improvement in chlorination system at MB residential colonies under ADEN/HQ/MB
Tender Closing Date Time	18.02.2026	18.02.2026
Advertised Value (Rs.)	1,28,92,352.73	1,42,05,435.38
Earnest Money (Rs.)	2,14,500.00	2,21,000.00
Tender Cost Rs.)	00	00
Bidding Start Date	04.02.2026	04.02.2026
Period of Completion	06 Month	60 Month

पत्रांक- 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक- 22.01.2026 247/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अल्काराज आसान जीत व सबालेंका संघर्षपूर्ण जीत के साथ चौथे दौर में

मेलबर्न, वार्ता। दुनिया के नम्बर 1 कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को रॉड लेवर एरिना में फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट को सीधे सेटों में 6.2, 6.4, 6.1 से हराकर 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली। महिला वर्ग में वर्ल्ड नम्बर 1 आर्यना सबालेंका ने खराब प्रदर्शन के बावजूद दो टाईब्रेक में अनास्तासिया पोटापोवा को हराया। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने दो घंटे से ज्यादा समय में 7.6 (4), 7.6 (7) से जीत हासिल की। टॉप सीड खिलाड़ी अल्काराज ने लगभग दो घंटे तक चले तीसरे राउंड के एकतरफा मुकाबले में जीत हासिल की। अल्काराज ने मैच के शुरुआती गेम में सर्व ब्रेक करके शुरुआत में ही माहौल बना दिया और पहले सेट में तेज़ी से 5.1 की बढ़त बना ली। हालांकि मौटेट ने थोड़ी देर के लिए संघर्ष किया, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी ने आराम से सेट जीत लिया। दूसरे सेट में भी अल्काराज ने अपना दबदबा बनाए रखा, दो बार सर्व ब्रेक करके बढ़त बना ली।

मौटेट ने लगातार चार गेम जीतकर थोड़ी वापसी की और बढ़त बना ली, लेकिन दुनिया के नम्बर 1 खिलाड़ी ने खुद को संभाला और ज़रूरी गेम जीतकर दो सेट की बढ़त बना ली। अल्काराज़ ने तीसरे सेट में अपना लेवल और बढ़ाया, और दोनों खिलाड़ियों के नए-नए शॉट लगाने से 4.0 की बढ़त बना ली। मौटेट ने एक गेम जीतने में कामयाबी हासिल की, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी को कोई नहीं रोक सका, जिसने बहुत अच्छे से मैच अपने नाम कर लिया। स्पेन के खिलाड़ी ने कोर्ट पर कहा कि ईमानदारी से कहूं तो यह आसान नहीं था। जब आप कोरेंटिन जैसे खिलाड़ी के साथ खेलते हैं, तो आपको नहीं पता होता कि आगे क्या होने वाला है, इसलिए उसे समझना मुश्किल होता है।जैसा कि आप देख सकते हैं, मुझे कोर्ट पर बहुत मज़ा आया। मुझे लगता है कि हम दोनों ने शानदार शॉट लगाए, शानदार पॉइंट्स बनाए। मुझे लगता है कि मैच में कुछ खास बातें थीं। अल्काराज का अगला मुकाबला अमेरिकी टॉमी पॉल से होगा, जो ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब के लिए अपनी कोशिश जारी रखेंगे। इस बीच महिला वर्ग में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने सबालेंका ने रॉड लेवर एरिना में गर्म मौसम में मुकाबला किया और फिर दो घंटे से ज्यादा समय में 7.6 (4), 7.6 (7) से जीत हासिल की। 27 साल की सबालेंका लगातार छठे साल मेलबर्न में दूसरे हफ्ते में पहुंची हैं। सबालें. का ने कहा कि उसने ज़बरदस्त टेनिस खेला। मैं हर पॉइंट के लिए लड़ पाई, और मैं यह जीत पाकर बहुत खुश हूं। दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन ने शुरुआत में ही 2.0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन फिर उसका आम तौर पर मजबूत खेल कई अनफोर्स्ड गलतियों की वजह से बिखर गया। 55वीं रैंक वाली पोटापोवा ने टाईब्रेक के लिए मजबूर किया, लेकिन सबालेंका ने बैकहैंड विनर से पहला सेट जीत लिया और फिर जश्न में ज़ोरदार प्रदर्शन किया। पोटापोवा की अपने करियर में सिर्फ दूसरी बार ग्रैंड स्लैम के अंतिम 16 में पहुंचने की उम्मीदें तब खत्म हो गईं जब सबालेंका ने 4.0 की बढ़त बना ली। मैच अचानक बदल गया जब पोटापोवा ने सुस्त सबालेंका का फायदा उठाया, लेकिन चार सेट पॉइंट गंवाना महंगा पड़ा। सबालेंका का अगला मैच 19 साल की कनाडाई विक्टोरिया म्बोको से होगा, जिन्होंने डेनमार्क की 14वीं सीड क्लारा टॉसन को 7.6 (5), 5.7, 6.3 से हराकर पहली बार ग्रैंड स्लैम के दूसरे हफ्ते में जगह बनाई। कनाडा की टीनेजर विक्टोरिया म्बोको ने 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और चौथे राउंड में पहुंच गईं। 19 साल की विक्टोरिया ने जॉन केन एरिना में टॉसन को हराकर ग्रैंड स्लैम में अपना अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। 17वीं सीड वाली खिलाड़ी ने पूरे मैच में म्बोको की परीक्षा ली, जिसमें मोमेंटम में उतार-चढ़ाव और लंबे बेसलाइन एक्सचेंज देखने को मिले। टॉसन ने शुरुआती सेट में अपनी सर्विस बनाए रखी, लेकिन म्बोको ने कंट्रोल हासिल करके 4.2 की बढ़त बना ली, जिसके बाद डेनमार्क की खिलाड़ी ने जोरदार वापसी की। सेट का फैसला एक तनावपूर्ण टाईब्रेक में हुआ, जिसमें म्बोको का शांत रहना और शॉट चुनना अहम साबित हुआ।

अल्काराज ने बोर्ग के रिकॉर्ड की बराबरी की, जोकोविच, नडाल व फेडरर को पीछे छोड़ा

मेलबर्न। ग्रैंड स्लैम लेवल पर 100 मैचों के बाद, कार्लोस अल्काराज ने एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया है जो उन्हें खास खिलाड़ियों की श्रेणी में रखता है। स्पेनिश खिलाड़ी, जो शुक्रवार को कोरेंटिन माउटेट के खिलाफ जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में पहुंचे, उनके पास मेजर में 87.13 का रिकॉर्ड है, जो ओपन एरा में 100 मैचों में सर्वश्रेष्ठ शुरुआत के लिए ब्योर्न बोर्ग के बराबर है। अल्काराज ने राफेल नडाल और एटीपी नम्बर 1 क्लब सदस्य जॉन मैकनरो सहित दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने अपने पहले 100 मेजर मैचों में 86-14 का रिकॉर्ड बनाया था। एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नम्बर 1 एक ऐसा स्टैंडर्ड सेट कर रहा है, जिस तक खेल के कुछ सबसे बड़े नाम इतनी जल्दी नहीं पहुंच पाए थे। नोवाक जोकोविच, रिकॉर्ड 24 बार के मेजर टाइटलिस्ट और मेलबर्न में 10 बार के चैंपियन, ने अपने पहले 100 स्लैम मैचों में 79-21 का रिकॉर्ड बनाया।

सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है: अभिषेक शर्मा

रायपुर, वार्ता। भारत के टी20 ओपनर अभिषेक शर्मा ने कहा कि एक बैटर के तौर पर वह अभी भी काम कर रहे हैं और उनका मानना है कि नेशनल टीम के लिए एक अग्रेसिव स्टार्टर के तौर पर अपनी भूमिका को बनाए रखने के बावजूद, हमेशा 'सुधार की गुंजाइश' रहती है। क्रिकेट लाइव पर बात करते हुए, अभिषेक ने कहा कि उनकी मुख्य जिम्मेदारी पावर प्ले में विरोधी बॉलर्स पर दबाव डालना और टीम को शुरुआती मोमेंटम देना है। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं अभी पूरी तरह से मैच्योर हो गया हूं, क्योंकि सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है।

लेकिन मुझे लगता है कि मेरा काम पहले छह ओवरों में अग्रे. सिव क्रिकेट खेलना है। मैं इसके लिए बहुत प्रैक्टिस कर रहा हूं। मुझे पता है कि अगर मैं अच्छी शुरुआत देता हूं या शुरुआत में अच्छा इंटेंट दिखाता हूं, तो टीम उस मोमेंटम को फॉलो कर सकती है। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने अपने अप्रोच पर भारत के टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान रो. हित शर्मा के असर को भी माना, और बताया कि टीम मैनेजमेंट उनसे उम्मीद करता है कि वह टॉप ऑर्डर में 'हिटमैन' द्वारा दिखाए गए इंटेंट को दोहराएंगे। अभिषेक ने कहा कि रोहित भाई ने देश के लिए बहुत कुछ किया है। पावरप्ले में वह जो शॉट लगाते थे, उसकी वजह से हमेशा प्रेशर रहता है। जब मैं टीम में आया, तो कोच और कैप्टन मुझसे भी यही चाहते थे। मुझे लगा कि यह मेरे स्टाइल के लिए भी सही है क्योंकि मुझे पहली कुछ गेंदों से ही अटैक करना पसंद है।

उन्होंने यह भी कहा कि वह रोहित के तरीके को फॉलो करके और भारत की सफलता में योगदान देकर खुश हैं। अभिषेक ने मैचों से पहले तैयारी के महत्व पर भी ज़ोर दिया, खासकर आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप के पास आने पर। उन्होंने कहा कि जब मुझे एक हफ्ता या दस दिन मिलते हैं,

तो मैं उन बॉलर्स को ध्यान में रखता हूं जिनका सामना मुझे अगली सीरीज़ या मैचों में करना है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि मैं उन प्लान्स को कैसे लागू करता हूं। आने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भी, मैं उसकी प्रैक्टिस कर रहा हूं। अपनी बैटिंग के टेक्टिकल पहलू पर ज़ोर देते हुए, अभिषेक ने बताया कि फ्लाइन बॉलर्स को शुरू में टारगेट करने से मुकाबला भारत के पक्ष में हो जाता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मुझे इसी तरह खेलना होगा क्योंकि ज्यादातर टीमों में, मेन बॉलर पहले कुछ ओवर फेंकते हैं। अगर मैं उन ओवरों में रन बनाता हूं, तो इससे टीम को उस मोमेंटम को फॉलो करने में मदद मिलती है। इससे बॉलर पर भी प्रेशर पड़ता है। 25 साल के इस खिलाड़ी ने बुधवार को नागपुर में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पहले टी20 में प्लेयर ऑफ द मैच बनकर अपनी काबि. लियत दिखाई, जिसमें उन्होंने सिर्फ 35 गेंदों पर 84 रन बनाए और भारत को 48 रन से जीत दिलाई। अभिषेक की आठ छक्कों वाली पारी ने भारत को बैटिंग के लिए भेजे जाने पर 238/7 का बड़ा स्कोर बनाने में मदद की।

संक्षिप्त खेल समाचार

ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को नौ विकेट से पीटा

विंडहोक। विल बैरोम (14 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबा. जी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने श्रीलंका अंडर-19 को अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप ए मुक. ाबले में शुक्रवार को नौ विकेट से पीट दिया। ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को 18-5 ओवर में मात्र 58 रन पर समेटने के बाद 12 ओवर में एक विकेट पर 62 रन बनाकर मुकाबला आसानी से जीत लिया। स्टीवन होगान ने 27 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 28 और नितेश सैमुअल ने नाबाद 19 रन बनाये। होगान ने विजई चौका मारा। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया ग्रुप में टॉप पर रहा और इस गेम के पॉइंट्स अगले राउंड में ले जाएगा। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने टॉस जीतकर पहले गें. दबाजी करने का सही फैसला किया। श्रीलंका की टीम 13 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद मुकाबले में नहीं लौट पाई। श्रीलंका की तरफ से कविजा गमागे ने 10 और चमिका हीनातिगाला ने 14 रन बनाये। अन्य कोई बल्लेबाज दहाई की संख्या में नहीं पहुंच सका और पूरी टीम 58 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से विल बैरोम ने 6-5 ओवर में 14 रन देकर पांच विकेट झटके जबकि चार्ल्स लचमुंड और कैसी बार्टन को दो-दो विकेट मिले।

कबड्डी चैंपियंस लीग ट्रॉफी रोहतक और गुरुग्राम पहुंची

गुरुग्राम। कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) ट्रॉफी टूर ने 21 जनवरी को रोहतक और 22 जनवरी को गुरुग्राम में रुककर अपनी राज्यव्यापी यात्रा जारी रखी, क्योंकि लीग हरियाणा में कबड्डी के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले फैंस और समुदायों से सीधे जुड़कर अपने पहले सीजन के करीब पहुंच रही है। रोहतक में, केसीएल ट्रॉफी के आने से शहर का प्रतिस्पर्धी कबड्डी से मजबूत जुड़ाव और उन खिलाड़ियों को तैयार करने में उसकी भूमिका सामने आई, जिन्होंने बाद में उच्च स्तर पर टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। फैंस, युवा एथलीट और स्थानीय खेल जगत के सदस्य ट्रॉफी को करीब से देखने के लिए इकठा हुए, जिससे लीग के आने वाले मैचों को लेकर गर्व और उत्साह की भावना और मजबूत हुई। इसके बाद यह टूर गुरुग्राम शहर पहुंचा, जहां ट्रॉफी के दौरे ने केसीएल के कबड्डी की पहुंच को नए और विविध दर्शकों तक बढ़ाने के प्रयास को रेखांकित किया। एक ऐसा शहर जो परंपरा को आधुनिक खेल दृष्टिकोण के साथ मिलाता है, गुरुग्राम ने कबड्डी को अपनी मुख्य मूल्यों से जुड़े रहते हुए परिचित सीमाओं से परे ले जाने के लीग के विजन को दिखाया। फैंस की प्रतिक्रिया ने लीग के पहले सीजन से पहले केसीएल और उसकी टीमों में बढ़ती दिलचस्पी को दिखाया। केसीएल ट्रॉफी टूर लीग की तैयारी में एक प्रमुख पहल है।

मेदवेदेव ने दो सेट से पिछड़ने के बाद जीत हासिल की



मेलबर्न, वार्ता। दानिल मेदवेदेव ने शुक्रवार को दो सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बनाई। उन्होंने पांच सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में हंगरी के फैबियन मारोजसन को हराया। पूर्व वर्ल्ड नम्बर 1 ने तीन घंटे 43 मिनट तक चले मुकाबले में 6.7(5), 4.6, 7.5, 6.0, 6.3 से जीत हासिल की। उन्होंने दो सेट से पिछड़ने के बाद अपने करियर की पांचवीं वापसी की और मेलबर्न पार्क में यह उनकी चौथी ऐसी वापसी थी।

मेदवेदेव बाहर होने के कगार पर थे, लेकिन तीसरे सेट में 5-5 से निर्णायक ब्रेक मिलने से पहले, इस पल ने मैच का रुख बदल दिया। वहां से, 11वें सीड वाले ने लगातार नौ गेम जीतकर कंट्रोल हासिल किया और आखिरकार मैच अपने नाम कर लिया। मेदवेदेव ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा कि वह बहुत अच्छा खेला, और मैं ऐसा था, 'अगर मैं हार गया, तो हार गया', लेकिन मैं बस कोशिश करूंगा, मैं बस लड़ूंगा।मैंने थोड़ा और करने की कोशिश की क्योंकि वह मुझे हर तरफ घुमा रहा था।

यह काम कर गया, मैंने बेहतर खेलना शुरू कर दिया, इसलिए मैं इससे खुश हूं। तीन बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट ने 2026 सीजन की शुरुआत जबरदस्त फॉर्म में की है, और अपनी जीत का सिलसिला आठ मैचों तक बढ़ा दिया है, जिसमें इस महीने की शुरुआत में ब्रिस्बेन में एटीपी 250 इवेंट में टाइटल जीतना भी शामिल है। मेदवेदेव का अगला मुकाबला अमेरिकी लर्नर टिएन से होगा, जिन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को 7.6(9), 6.4, 6.2 से हराकर आगे बढ़े। टिएन ने पिछले साल के ऑस्ट्रेलियन ओपन में पांच सेट के दूसरे राउंड के मुकाबले में मेदवेदेव को चौंका दिया था और अभी उनके हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 2.1 की बढ़त है, जिससे एक रीमैच का बेसब्री से इंतज़ार है।

अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेंगी इंडिया अंडर-19

बुलावायो, वार्त। शनिवार को इंडिया अंडर19 और न्यूज़ीलैंड अंडर19 के बीच होने वाला ग्रुप-स्टेज का मुकाबला सिर्फ क्रिकेट से कहीं ज्यादा होने वाला है। यह मुकाबला स्किल, हिम्मत और अनप्रेडिक्टेबल होने वाला है।

इंडिया अंडर 19 का मुक. ाबला न्यूज़ीलैंड की टीम से है जो बारिश से बाधित मैचों के कारण मोमेंटम पाने के लिए संघर्ष कर रही है। इंडिया अंडर19 अपने दोनों ग्रुप मैच पहले ही जीत चुका है और अपना दबदबा बनाए रखना चाहता है। आयुष म्हात्रे की लीडरशिप वाली युवा टीम में टैक्टिकल स्किल के साथ वैभव सूर्यवंशी और अभिज्ञान कुंडू जैसे खिलाड़ियों की इंडिविजुअल काबिलियत का मेल है। उनके इन-फॉर्म बॉलर, जिनमें हेनिल पटेल और खिलन पटेल शामिल हैं, एक खतरनाक बढ़त देते हैं, जिससे इंडिया मैच में फेवरेट बन जाता है।

दूसरी ओर, न्यूज़ीलैंड अंडर19 अपने पिछले मैचों में भारी बारिश के कारण बहुत कम मैच एक्सपीरियंस के साथ इस मुकाबले में उतरेगा। उनके टॉप-ऑर्डर बैट्समैन और टॉम जोन्स और कैलम सैमसन जैसे खास बॉलर, इंडिया के मजबूत अटैक को संभालने और क्वींस स्पोर्ट्स क्लब की बॉलर-फ्रेंडली और अनप्रेडिक्टेबल पिच पर एडजस्ट करने की दोहरी चुनौती का सामना कर रहे हैं। इस ड्रामा को और बढ़ाने वाली बात यह है कि आंधी-तूफान और लगातार बारिश खेल में रुकावट डाल सकती है, जिससे मैच का रोमांच बढ़ जाएगा और फैंस सोच में पड़ जाएंगे कि मैच पूरी तरह से होगा या एक हाई-इंटेंसिटी, छोटा मुक. ाबला बनकर रह जाएगा। खेल का दबदबा, मौसम का ड्रामा और कुछ लोगों के दमदार प्रदर्शन का यह मेल इस मैच को जरूर देखने लायक बनाता है।

गॉफ लगातार चौथी बार चौथे राउंड में

मेलबर्न, वार्ता। शुक्रवार दोपहर को मार्गरेट कोर्ट एरिना में फैंस ने दानिल मेदवेदेव को दो सेट से पिछड़ने के बाद एक शानदार वापसी करते देखा, उसके बाद उन्हें महिलाओं के वर्ग में एक और मैच देखने को मिला जो पूरे समय तक चला, क्योंकि गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद अपनी साथी अमेरिकी खिलाड़ी हेले बैपटिस्ट को 1 घंटे और 50 मिनट में 3.6, 6.0, 6.3 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बनाई।

यह जीत, उनके 77वें ग्रैंड स्लैम मैच की जीत, उनके 100वें ग्रैंड स्लैम मैच में आई। गॉफ ओपन एरा में 22 साल की उम्र से पहले अपने 100वें महिला सिंगल्स ग्रैंड स्लैम मेन-ड्रॉ मैच में खेलने वाली नौवीं खिलाड़ी हैं, जो इन दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गई हैं: मैरी जो फर्नांडीज, स्टेफी ग्राफ, मार्टिना लहगिस, गैब्रिएला सबा. तिनी, अरांशा सांचेज विकारियो, मारिया शारापोवा, सेरेना विलियम्स, वीनस विलियम्स। सक्रिय खिलाड़ियों में से केवल वीनस विलियम्स (85) और इगा स्वियाटेक (83) ने अपने पहले 100 ग्रैंड स्लैम मैचों में ज्यादा जीत हासिल की हैं।

जोविक ने पाओलिनी को हराकर बड़ा उलटफेर किया

मेलबर्न, वार्ता। टॉप 100 में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी, 18 साल की इवा जोविक ने टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए नम्बर 7 सीड जैस्मीन पाओलिनी को तीसरे राउंड में 6.2, 7.6(3) से हरा दिया। इस नतीजे के साथ नम्बर 29 सीड जोविक सिर्फ अपने छठे प्रयास में पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट के दूसरे हफ्ते में पहुंचीं। यह चार मुलाकातों में किसी टॉप 10 खिलाड़ी के खिलाफ उनकी पहली जीत भी है।

इस टीनएजर की पिछली तीन हार में से दो पाओलिनी के खिलाफ थीं, पिछले साल इंडियन वेल्स और यूएस ओपन में। जोविक ने अपने ऑन-कोर्ट इंटरव्यू में कहा कि मैं यह जीत काफी समय से चाहती थी। कुछ मुश्किल हार मिली थीं। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने उस बाधा को पार किया और आज यह जीत हासिल की। एक ओवर-प्रेसिंग पाओलिनी के खिलाफ 37 मिनट के पहले सेट में हावी रहने के बाद - इटैलियन खिलाड़ी ने पहले सेट में 13 अनफोर्स्ड एरर और सिर्फ चार विनर्स लगाए - जोविक को दूसरे सेट में कड़ी मेहनत करनी पड़ी। दो बार की मेजर फाइनलिस्ट पाओलिनी ने अपनी रणनीति बदली, जो. विक के बैकहैंड पर ऊंची गेंदें फेंकीं और रैलियों को लंबा खींचा।

जोविक ने 5-4 और 6-5 पर दो बार मैच के लिए सर्व किया, लेकिन मैच खत्म नहीं कर पाईं। लेकिन इन झटकों के बावजूद, यह युवा खिलाड़ी थी जिसने एक शानदार टाईब्रेक में बढ़त बनाई, लाइन के नीचे शानदार टाइलमग वाले बैकहैंड से बढ़त हासिल की और एक बोल्ड रिटर्न विनर के साथ मैच पॉइंट पर पहुंची - जो मैच का उनका 20वां विनर था। जोविक ने कहा कि मैंने मैच में पहले जो कर रही थी, उस पर फोकस करने की कोशिश की।काफी आक्रामक होकर खेलना और गेम को कंट्रोल करना। मुझे लगता है कि जब मैं मैच के लिए सर्व कर रही थी, तो मैं थोड़ी ज्यादा पैसिव हो गई थी - इसलिए मैंने खुद से कहा कि खुलकर खेलो और इससे टाईब्रेक में मदद मिली। इस नतीजे से जोविक की तेज़ी से तरक्की जारी है, जो पिछले साल इस समय नम्बर 191 रैंक पर थीं। उन्होंने पिछले सितंबर में गुआडालाजारा में डब्ल्यूटीए टूर पर अपना पहला टाइटल जीता था, और ऑकलैंड सेमीफाइनल और होबार्ट फाइनल में पहुंचकर 2026 की शानदार शुरुआत की। इस साल उनका रिकॉर्ड पहले ही 10-2 है, और उन्हें चौथे राउंड में यूलिया पुतिनत्सेवा के खिलाफ इसे और आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा जिन्होंने तुर्की की ज़ेनेप सोनमेज के खिलाफ दूसरे सेट में 6-5 पर मैच सर्व करने में नाकाम रहने के बाद वापसी की, और 2 घंटे और 34 मिनट में 6.3, 6.7(3), 6.3 से जीत हासिल की।

बुमराह के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 वर्ष पूरे

नई दिल्ली, वार्ता। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शुक्रवार को क्रिकेट के सबसे ऊंचे लेवल पर एक दशक पूरा होने का जश्न मनाया, जिसमें उन्होंने एक जोशीले युवा फैन से खेल के सबसे असरदार गेंदबाज़ों में से एक बनने के अपने सफर के बारे में बताया। एक इंस्टाग्राम पोस्ट में, बुमराह ने लिखा कि उस बच्चे के सपने को जीने के 10 साल, जिसे उस खेल से प्यार हो गया जिसने उसे ऐसा महसूस कराया जैसा इस दुनिया में कुछ भी नहीं करा सकता, उन्होंने आगे कहा कि सोच और सोच के खिलाफ जाने का उनका सफर परिवार और विश्वास के सपोर्ट से जारी है।

बुमराह ने जनवरी 2016 में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था, जहां वह टी20 सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे। पिछले एक दशक में, दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने दुनिया भर के क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में सबसे असरदार गेंदबाज़ों में से एक का नाम कमाया है। वह टेस्ट, वनडे और टी20 में आईसीसी मेन्स प्लेयर रैंकिंग में नम्बर 1 रैंकिंग हासिल करने वाले पहले बॉलर हैं, और तीनों फॉर्मेट में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बॉलर हैं। बुमराह घरेलू क्रिकेट में गुजरात और इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस को रिप्रेजेंट करते हैं। भारतीय तेज गेंदबाजों में, वह सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट और दूसरे सबसे तेज 100 वनडे विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 2024 टी20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई, जहां 4-17 की इकॉनमी रेट से 15 विकेट लेने के बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। बुमराह 2016 में एक कैलेंडर साल में टी20 में 28 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर भी थे। उन्होंने 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू किया और तब से लीडरशिप की जिम्मेदारी संभाली है, दिसंबर 2023 से भारत के टेस्ट वाइस-कैप्टन के तौर पर काम कर रहे हैं और रेगुलर कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में तीन मौकों पर टीम को लीड किया है। उनके करियर की उपलब्धियों में 2018 और 2024 में आईसीसी मेन्स टेस्ट टीम ऑफ द ईयर, 2017 और 2018 में आईसीसी मेन्स वनडे टीम ऑफ द ईयर और 2024 में आईसीसी मेन्स टी20 टीम ऑफ द ईयर में चुना जाना शामिल है।

हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण टी-20 विश्व कप से बाहर हुए एडम मिल्ने

आकलैंड, वार्ता। न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने एसए 20 के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण 2026 टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं।

उनकी जगह टीम में काइल जेमीसन को शामिल किया गया है। मिल्ने को यह चोट पिछले रविवार सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए खेलते हुए एमआई केप टाउन के खिलाफ लगी थी। स्कैन में मांसपेशियों में लखचाव की बात सामने आई। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 16-27 की औसत और 7-61 की इकॉनमी से 11 विकेट लिए थे। न्यूज़ीलैंड के प्रमुख कोच रॉब वॉल्टर ने कहा कि हम सभी एडम के लिए बेहद निराश हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के लिए ख+ुद को तैयार करने में काफी मेहनत की थी और ईस्टर्न केप सनराइजर्स के लिए अपने आठ मैचों में वह अपनी बेहतरीन फॉर्म में लौटते हुए दिख रहे थे। उनके लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण समय है और हम उनके जल्द ठीक होने की कामना करते हैं। जेमीसन इस समय भारत दौरे पर टीम का हिस्सा हैं। उन्हें विश्व कप के ट्रैवलिंग रिजर्व से मुख्य दल में शामिल किया गया है। 31 जनवरी तक दल में बिना रोकटोक बदलाव किए जा सकते हैं, उसके बाद किसी भी बदलाव के लिए आईसीसी की मंजूरी जरूरी होगी। वॉल्टर ने कहा कि यह हमारे लिए अच्छी बात है कि काइल पहले से ही भारत में हमारे साथ हैं।

वह हमारे तेज गेंदबाज़ी समूह का अहम हिस्सा हैं और इस दौरे पर उन्होंने प्रभाव डाला है। वह मेहनती खिलाड़ी हैं और उनके पास अच्छे कौशल और अनुभव हैं, जो टूर्नामेंट में उनके काम आएंगे। जेमीसन ने पिछले साल पीठ की चोट से उबरकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी। इस महीने की शुरुआत में भारत के खिलाफ पहले वनडे में 41 रन देकर 4 विकेट लेकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। न्यूज़ीलैंड पहले ही यह घोषणा कर चुका है कि मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्यूसन टी20 विश्व कप के दौरान पितृत्व अवकाश लेकर कुछ समय के लिए टीम से बाहर हो सकते हैं। टूर्नामेंट से पहले न्यूज़ीलैंड दल में एक और ट्रैवलिंग रिजर्व जोड़ा जाएगा। कीवी टीम अपना अभियान 8 फरवरी को चेन्नई में अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू करेगी।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय में दो दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज द्वारा नॉर्दर्न रीजनल सेंटर: इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च के सहयोग से ''प्रोमोटिंग इंडियाज एजुकेशनल हेरिटेज: चेलैंजेस एंड पॉसिबलिटीज इन एचीविंग द गोल ऑफ डेवलप्ड इंडिया/2047'' विषय पर दो दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार का शुभारम्भ एनआईओएस, नई दिल्ली की पूर्व निदेशिका व गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के स्कूल ऑफ एजुकेशन की प्रोफेसर डॉ. सरोज शर्मा एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने सेमिनार के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं दीं। कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने कहा कि भारतीय प्राचीन शिक्षा पद्धति अत्यंत समृद्ध रही है तथा इसके प्रति युवाओं को जागरूक करने की अत्यंत आवश्यकता है, ताकि वे अपनी इस समृद्धशाली विरासत को आगे बढ़ा सकें। सेमिनार की मुख्य अतिथि प्रो. शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि 'भारतीय ज्ञान' का समृद्धशाली इतिहास रहा है, इसके आगे कोई भी देश टिकता नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान तलवार से नहीं, बल्कि बौद्धिक क्षमताओं से है। युवाओं को भारतीय प्राचीन ज्ञान परम्परा से अवगत कराने और उसके प्रति अभिरुचि जागृत करना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारतीय वेदों पर पश्चिमी देशों

में शोध हो रहा है, जिसमें वेदों में वर्णित महत्वपूर्ण अंशों को परिष्कृत करके वे नए आविष्कार को अपने नाम नया करने का प्रयास कर रहे हैं। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने मुख्य अतिथि प्रो. शर्मा को बुके एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। स्कूल के निदेशक व सेमिनार के अध्यक्ष डॉ. मोहन लाल 'आर्य' ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि नॉर्दर्न रीजनल सेंटर इण्डियन काउंसिल फॉर सोशल साइंस रिसर्च, नई दिल्ली के अत्यंत आभारी हैं, जिनके सहयोग से या नेशनल सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दो दिनों तक चलने वाले इस सेमिनार में देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षाविद, शिक्षक, और शोधार्थी अपने विचार और शोध अध्ययन से जुड़े शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। जो कि 2047 में विकसित भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। वहीं पत्रका. रिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष व सेमिनार के संयोजक डॉ. राजेश कुमार शुक्ल ने सेमिनार की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि सेमिनार में अब तक विभिन्न राज्यों के 80 से अधिक शिक्षकों और शोधार्थियों के शोध पत्र व शोध सार प्राप्त हो चुके हैं। डॉ. शुक्ल ने बताया कि दो दिनों तक चलने वाले इस नेशनल सेमिनार के पहले दिन शुक्रवार को उद्घाटन सत्र के अलावा 1 प्लेनरी सेशन , 2 टेक्निकल सेशन तथा दूसरे दिन शनिवार को 1 प्लेनरी सेशन तथा 3 टेक्निकल सेशन का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को आयोजित किए गए तकनीकी सत्रों में स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने सेशन की अध्यक्षता की, जबकि शिक्षा विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राजकुमारी सिंह सह अध्यक्षा रहीं। दूसरे तकनीकी सत्र में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह सह अध्यक्ष रहे।

सत्र के दौरान आईएफटीएम विश्वविद्यालय के अलावा देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षकों और शोधार्थियों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। अधिष्ठाता छात्र कल्याण व सेमिनार के सह संयोजक डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सेमिनार के माध्यम से भारत को 2047 तक विकसित बनाने की दिशा में नए-नए विचारों का आदान प्रदान होगा। सेमिनार के दौरान सभी अतिथियों द्वारा 'सोवेनियर' का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन समिति के सभी सदस्यों के अलावा सभी फैकल्टी मेंबर्स की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के निदेशक, शिक्षक, विभागाध्यक्ष, शिक्षक व शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

दो महिलाओं की तहरीर से तीन पर एफआईआर

कांठ(शाह टाइम्स) पुलिस ने दो महिलाओं की शिकायत पर तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है पहला मामला बेगमपुर गांव की समीना पत्नी कासिम का है उसका कहना था कि वह घर पर अकेली थी दो अज्ञात व्यक्ति दोपहर बाद आए और धर्मेंद्र के घर का पता पूछने लगे पता बताने दरवाजे पर आई तो दोनों ने घर में घुसने की कोशिश की विरोध किया तो मारपीट धक्का मुक्की करनी शुरू कर दी जिसमें उसके चोट आई और कानों के कुंडल गिर गए। शोर मचाने पर लोग इकट्ठा हुए उन्हें देखकर दोनों जान से मारने की धमकी देकर भाग गए पुलिस ने महिला की तहरीर पर शिकायत दर्ज की है। दूसरा मामला क्षेत्र के गांव का है जहां की महिला का कहना है कि 21 जनवरी को करीब 3:00 बजे उसकी पुत्री को अफजल पुत्र नफीस निवासी मोहल्ला बंदूक चियां थाना धामपुर बहला फुसला कर भगा ले गया। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करते हुए जांच शुरू की है।

एक नजर

राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा पर मनाया दीप उत्सव

चन्दौसी। जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर चन्दौसी द्वारा नगर के रामबाग रोड स्थित अयोध्या धाम मंदिर पर भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य दीप उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभु श्रीराम के मधुर भजनों के साथ दीप प्रज्ज्वलन किया गया।

ग्रुप अध्यक्ष नीतू रस्तोगी ने कहा कि हिंदू धर्म के पर्व हर्षोल्लास से मनाने से समाज में जागरूकता आती है। सचिव शालिनी शर्मा ने राम प्राण-प्रतिष्ठा को दीपावली की तरह मनाने का आह्वान किया। कोषाध्यक्ष शोभा शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन का महत्व बताया। अंत में आरती कर प्रसाद वित. रित किया गया। इस अवसर पर ग्रुप की सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं।

बसंत पंचमी पर किया हवन पूजन

सुरजन नगर। सुरजन नगर में शिव मंदिर झंडा चौक पर शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान से महिला मंडल समिति द्वारावसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार को शांतिकुंज परिवार के सदस्य पीले वस्त्र पीली वस्तुओं के ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर होने वाले यज्ञ में ग्रामीणों देश की सुख समृद्धि व क्षेत्र की खुशी के लिए यज्ञ में आहुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राम शर्मा आचार्य, हिम्मत गायत्री शक्ति स्वरूप माता भगवती , विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप कामना कर रहा क्या प्रज्वलित कर किया गया। महिला मंडल समिति की रवि कांति व शैलजा बिश्नोई ने यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ के बाद रवि कांति ने बताया बसंत पंचमी पर प्रकृति में नव जीवन का संचार होता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी ऋतुराज बसंत का बहुत बड़ा महत्व है इस समय प्रकृति में बदलाव आता है बदलाव के साथ-साथ ग्रीष्म ऋतु के साथ पेड़ पौधों पर नव पल्लव का आगमन होता है। इसकी छत से नवजीवन का संचार होता है। बहन जी इंद्र रेखा, मास्टर वीरेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह ,राजकुमार सिंह, नोबाहरसिंह अवनीश कुमार ,जॉली चौहान आदि उपस्थित रहे।

ट्रांसफॉर्मर में लगी आग टला बड़ा हादसा

सुरजन नगर। कस्बे के बस स्टैंड के समीप रखे एक विद्युत ट्रांसफॉर्मर में अचानक भीषण आग लग गई। ट्रांसफॉर्मर से आग की लपटें उठती देख राहगीरों और स्थानीय निवासियों में हड़कंप मच गया। हैरत की बात यह रही कि ट्रांसफॉर्मर धू-धू कर जल रहा था।

लेकिन इसके बावजूद गांव की बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से चालू थी, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद विद्युत विभाग के जे ई को सूचना देने के लिए कई बार फोन किया गया लेकिन किसी भी जे ई ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। विभाग की इस लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। गनीमत रही कि समय रहते कोई अप्रिय घटना नहीं घटी।

नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर बच्चों ने किया नमन

कांठ (शाह टाइम्स) आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाने वाले आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आज मान नगर के प्राथमिक विद्यालय में प्रधान अध्यापिका भुवनेश कुमारी एवं बच्चों ने उनके चित्र पर माल्यापर्ण करके नमन किया। भुवनेश कुमारी ने

बच्चों को बताया कि सुभाष चंद्र बोस की जयंती के साथ-साथ आज बसंत पंचमी भी है जो की विद्या और कला की देवा माता सरस्वती को समर्पित होती है। उन्होंने बताया कि माना जाता है इस दिन माता सरस्वती का जन्म हुआ था बसंत पंचमी के दिन माता सरस्वती की पूजा की जाती है। बसंत पंचमी बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है जो प्रकृति के पुनर्जन्म और नवजीवन का समय है माता सरस्वती कला और संगीत की देवी भी है इसलिए इस दिन कला और संगीत के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि बसंत पंचमी के दिन लोग पीले रंग के कपड़े पहनते हैं मां सरस्वती की पूजा करते हैं ज्ञान और विद्या से संबंधित पुस्तकों और वस्तुओं की पूजा करते हैं संगीत और कला के कार्यक्रम आयोजित होते हैं और यह दिन बच्चों को पढ़ाई शुरू करने के लिए भी प्रेरित करने के रूप में माना जाता है।

लोक मंगल, राष्ट्र और समाज की कामना के लिए बसंतोत्सव पर वृहद यज्ञ में ब्राह्मण समाज ने दी आहुतियां

कांठ(शाह टाइम्स)। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा पंजीकृत के तत्वावधान में शुक्रवार को वाणी की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के प्रकटोत्सव और ऋतुराज बसंत के आगमन पर एक वृहद यज्ञ का आयोजन किया गया यहां लोक मंगल, राष्ट्र और समाज की उन्नति, एक जुटता के लिए यज्ञ में आहुतियां लगाकर कामना की गई। बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष युवक एकत्र हुए प्रसाद आदि का वितरण करते हुए अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।

शुक्रवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में मोहल्ला बिशनपुरा स्थित स्वर्गीय पंडित श्री बाबूराम जी शर्मा क्षेत्रीय ब्राह्मण धर्मशाला में वाणी की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के प्रकटोत्सव और ऋतुराज बसंत की आगमन को श्रेष्ठ माने जाने वाले पावन पर्व बसंत पंचमी पर्व को परंपरा के साथ ब्राह्मण समाज ने एकत्र होकर मनाया।

यहां आयोजित बृहद यज्ञ से पूर्व वैदिक मंत्रोचार के साथ भगवान श्री गणपति मां गौरी कलश पूजन नवग्रह सप्तघृतमातृका षोडश्मातृका समस्त लोकपाल और मां भगवती सरस्वती देवी की प्रधान पूजा की गई। पूजन कार्य शिक्षक निशिकांत पाठक ने संपन्न कराया, जबकि यजमान के रूप में शिक्षक विनय कुमार शर्मा और उनकी पत्नी प्रकृति गौड़ रही। राकेश शर्मा एडवोकेट और राजेश कौशिक ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। आयोजित वृहद यज्ञ में आहुतियां लगाकर लोक मंगल, राष्ट्र और समाज की उन्नति की कामना की गई। बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष युवक एकत्र हुए आरती, प्रसाद आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजक अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा ने कहा कि बसंत पंचमी का पावन पर्व ऋतुराज बसंत के आगमन और बुद्धि विवेक ज्ञान प्रदान करने वाली, शब्दों को आधार देने वाली मां सरस्वती देवी का प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय महाराज मनु जिनके वंशज होने के कारण मनुष्य जाति को इस धरा पर जाना गया उन्होंने चार वर्ण के रूप में समाज को वर्णित किया इसमें ब्राह्मण समाज को सबसे श्रेष्ठ इसलिए माना गया क्योंकि बुद्धि विवेक ज्ञान से ब्राह्मण समाज ने अन्य सभी को बिना किसी भेदभाव के पठन-पाठन कराया, इसलिए ब्राह्मण समाज वाणी की अधिष्ठात्री देवी की प्रसन्नता के लिए यज्ञ आदि का आयोजन कर उसे धार देने का काम करते हैं।

माता सरस्वती के जन्मदिवस व सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर शिशु मंदिर में हवन का आयोजन

कांठ (शाह टाइम्स)। माता सरस्वती के जन्म दिवस एवं सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सरस्वती शिशु मंदिर में यज्ञ का आयोजन

किया गया जिसके यजमान डॉ मुकुल कुमार बिश्नोई व उनकी धर्मपत्नि चेतना बिश्नोई रहे। यज्ञ में मौजूद मास्टर भोपाल सिंह चौहान श्रीमती तारावती तथा विद्यालय के अभिभावक एवं बच्चों ने उपस्थित होकर हवन में आहुति दी नव बसंत पर मां सरस्वती का पूजन कर संपूर्ण विश्व के लिए मंगल कामना की गई। इस मौके पर अध्यक्ष डॉ ओमराज सिंह बिश्नोई प्रबंधक प्रेम कुमार भार्गव सुनील कुमार बिश्नोई अभय बिश्नोई आदि उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य है सत्यपाल सिंह ने सुभाष जयंती तथा बसंत पंचमी के बारे में प्रकाश डालते हुए सब का आभार व्यक्त किया।

समझौते के लिए पहल न करना बना चर्चा का विषय, विरोध प्रदर्शन जारी

कांठ(शाह टाइम्स) तहसील बार में चल रहे विवाद में समझौते के लिए प्रयास न किया जाना भी चर्चा का विषय बना रहा अधिवक्ताओं ने रोजाना की तरह ही विरोध प्रदर्शन किया और अधिकारी आंख मूंद कर सब कुछ देखते रहे आखिर इस अंदेखी का मकसद क्या है लोग समझ नहीं पा रहे हैं। बतादे की दो सप्ताह पहले प्राइवेट कर्मचारी से अधिवक्ता के बीच हुई कहासुनी के बाद नतीजा हड़ताल के रूप में निकलकर सामने आया था अधिकारियों ने चुप्पी नहीं तोड़ी तो अधिवक्ताओं ने विरोध जताते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया तहसील में हाय हाय के नारे लगने लगे लेकिन इसके बावजूद भी तहसील स्तर से समस्या समाधान के लिए कोई पहल नहीं की गई जिसे लेकर निरंतर आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

अधिवक्ता रोजाना तहसीलदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी कर रहे हैं।

मगर अधिकारियों की चुप्पी लोगों की समझ में नहीं आ रही है। आज भी रोजाना की तरह विरोध प्रदर्शन किए गए। इस मौके पर एडवोकेट शमशाद अहमद राजीव बिश्नोई कपिल कुमार दीपक कुमार विश्नोई डॉक्टर विनीत नैन सुगम पवार अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा संजीव बिश्नोई चरण सिंह ढाका यशवीर सिंह कपिल कुमार यादव शीशराम सिंह मोहम्मद अयूब विजयबीर सिंह सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

सुभाष जयंती पर दयानंद इंटर कॉलेज व सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रमों का आयोजन

कांठ(शाह टाइम्स) सुभाष चंद्र बोस् की जयंती पर क्षेत्र के दयानंद इंटर कॉलेज एवं सेंटपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ममता बिश्नोई ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की और तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर देश को आजाद करने में अहम भूमिका निभाई।

इस दिन बसंत पंचमी पर्व भी धूमधाम से मनाया गया और ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। दूसरी और महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और स्कूल में हवन का आयोजन हुआ प्रधानाचार्य मदन सिंह ने कहा कि यज्ञ करना मनुष्य का सर्वश्रेष्ठ कर्म है। यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और व्यक्ति के मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारत माता के

सच्चे सपूत थे उन्होंने देश को आजाद करने के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया और आजादी की लड़ाई में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

डिप्टी जगन्नाथ सिंह सरस्वती विद्या मंदिर में बसंतोत्सव और नवीन भवन लोकार्पण

मुरादाबाद। डिप्टी जगन्नाथ सिंह सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटघर, मुरादाबाद में आज बसंतोत्सव सरस्वती पूजन एवं नवीन भवन लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एमएलसी डॉ जयपाल व्यस्त एवं कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने संयुक्त रूप से नव निर्मित भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कुंदरकी विधायक ने उपस्थित विद्यार्थियों बसंत पंचमी की शुभकामनायें देते हुए कहा कि मां सरस्वती को ज्ञान, बुद्धि और विवेक की देवी बताया।

उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को अपनाने का संदेश दिया। वसंत पंचमी जैसे पर्व समाज में एकता, सद्भावना और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं। विद्या मंदिर जैसे संस्थान भारतीय संस्कृति और मूल्यों को संरक्षित करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर का उद्देश्य केवल पुस्तकीय शिक्षा देना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार, नैतिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति के

प्रति सम्मान की भावना विकसित करना भी है। ऐसे आयोजनों से बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। भविष्य में भी इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों को निरंतर आयोजित किया जाते रहें , ताकि विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ा जा सके। इस अवसर पर छात्राओं ने सरस्वती वंदना और प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किए, जिन्होंने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थितजनों ने एक-दूसरे को वसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं और मां सरस्वती के जयघोष के साथ आयोजन का समापन हुआ। इस अवसर पर गौसेवा आयोग सदस्य दीपक गोयल, दिनेश सिशोदिया, राजेश रस्तौगी, दीपक बाबू , राहुल सिंह , अभिनव सिंह, अनुमेश कुमार सिंह, शिव कुमार सिंह, गोविन्द राम गुप्ता, विपिन गुप्ता, देवेश सिंह, सुनील कुमार सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कन्फेक्शनरी दुकान में लगी आग से पांच लाख का सामान जलकर राख

मूंढापांडे। क्षेत्र के लखनऊ दिल्ली नेशनल हाईवे पर मनकरा मोड़ के पास स्थित कन्फेक्शनरी कैंटीन में बृहस्पतिवार रात सिलेंडर गैस लिकेज होने से आग भड़क गई जिससे लाखों का सामान जलकर राख हो गया, मिलक सिहोराबाजे निवासी शहाबुद्दीन मनकरा मोड़ के पास कन्फेक्शनरी कैंटीन है वह रात साढ़े सात बजे गैस पर कॉफी बना रहे थे,इसी दौरान सिलेंडर से गैस लिकेज हो जाने से आग लग गई,आग की लपटें ऊंची उठने लगी तो एकत्र हुए लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया लेकिन इतने में सब जलकर राख हो आग से फ्रीज आदि सामान जल गया है पुलिस गई फायर बिग्रेड गाड़ी पहुंची तब तक आग पर काबू पा लिया, एसएचओ मोहित चौधरी ने बताया कि कैंटीन में गैस लिकेज से आग लग गई थी।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 24 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

पाक की हरकत

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज आता दिखाई नहीं दे रहा है और वह बराबर भारत को परेशान कर रहा है। रक्षा सूत्रों की मानें, तो पाक भारत के खिलाफ एक खतरनाक और सस्ता युद्ध मॉडल अपना रहा है। इस मॉडल के चलते पाकिस्तान की तरफ से 800 से ज्यादा ड्रोन भारतीय सीमा में भेजे गए। इन ड्रॉन्स को लॉ लेवल ड्रॉन वॉर फेयर का नाम दिया गया है। यह ड्रोन कम ऊंचाई पर उड़ते हैं, जिसके चलते ये ड्रोन रडार को चकमा दे सकते हैं। अधिकतर ड्रोन राजस्थान और पंजाब में देखने की बात सामने आई है, जहां तक बात भारतीय सुरक्षा बलों की है, उन्होंने सक्रियता दिखाते हुए 800 में से 240 ड्रोन मार गिराए हैं। ड्रोन्स का अलग-अलग ब्यौरा भी सामने आया है, जो बताता है कि 5 ड्रोन में हथियार व युद्ध से जुड़ा सामान मिला है। 160 ड्रोनों से सामान गिराया गया है। वहीं 72 ड्रोन नशीले पदार्थ लेकर आए थे। जनवरी महीने की ही बात करें, तो अब तक इस तरह की 12 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। सूत्र बताते हैं कि ज्यादातर ड्रोन सर्विलांस करने आए थे और उनका मकसद भारतीय सेना के कार्य और उनका पैटर्न पता लगाना था। कहा तो यह भी जा रहा है कि इस तरह का पैटर्न पाकिस्तान आतंकवादियों की घुसपैठ के रास्ते खोजने के लिए अपनाता है। भारत ने सैन्य संचालन महानिदेशक स्तर पर हॉटलाइन पर होने वाली वार्ता में अपनी आपत्ति दर्ज कराई है, लेकिन पाकिस्तान इन आपत्तियों पर कोई ध्यान देता दिखाई नहीं दे रहा है, अच्छी बात यही है कि पाक पर भरोसा न करते हुए भारत अपनी तरफ से तैयारी करता दिखाई दे रहा है और इस संदर्भ में भारतीय सेना और वायु सेना काउंटर ड्रोन सिस्टम खरीद रही है। डीआरडीओ से भी तैयार सिस्टम खरीदे जा रहे हैं। जो पाक सीमा और एलओसी पर तैनात किए जाएंगे। राजस्थान-पंजाब बॉर्डर के अलावा जम्मू कश्मीर में पिछले हफ्ते एलओसी के पास पाक ड्रोन देखे गए हैं। मतलब साफ है कि पाक से इस समय बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है। 800 ड्रोन आने की घटनाएं कोई मामूली घटना नहीं है। ना ही यह छुटपुट घटनाओं की श्रेणी में आती है। इससे पता चलता है कि पाक भारत की खुफिया जानकारी बराबर जुटा रहा है। जिससे उसका इरादा खतरनाक हो रहा है। जम्मू कश्मीर में जिस तरह आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं, उससे भी पता चलता है कि वह अपने नापाक मंसूबों से पीछे नहीं हटने जा रहा। यह भी तब है जब ऑपरेशन सिंदूर के चलते वह भारत के हाथों बुरी तरह पिट चुका है, लेकिन लगता यही है कि उसने हालात से कोई सबक नहीं सीखा और वह बराबर भारत को उकसा रहा है। असल में उसके उकसाने के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ भी कम नहीं है। यही वे ताकते हैं जो नहीं चाहतीं कि भारत पाक के बीच में किसी तरह शांति का रास्ता खोजा जाए। ऐसे में भारत को बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है।

शंकराचार्य के साथ दुर्व्यवहार अपराध

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वहां की सरकार ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को स्नान से वंचित करके घोर अपराध और पाप किया है। उन्होंने शंकराचार्य से प्रयागराज में शुक्रवार को मुलाकात करने के बाद कहा कि शंकराचार्य को स्नान से वंचित कर उत्तर प्रदेश की सरकार ने घोर अपराध और पाप किया है। उससे भी बड़ी अपमानजनक बात यह है शंकराचार्य से शंकराचार्य होने का प्रमाण मांगा जा रहा है। जो लोग आज तक अपना डिग्री नहीं दिखा पाये वह शंकराचार्य से शंकराचार्य होने का प्रमाण मांग रहे है, मौनी अमावस्या के दिन पुलिस से विवाद के बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में माघ मेले में शिविर के बाहर बैठे है।

-संजय सिंह, नेता आप

नेपाल चुनाव परिणाम पर पड़ोसी देशों की नजर

अधिवेशन में 54 प्रतिशत से कहीं ज्यादा केंद्रीय समिति के सदस्यों की भागीदारी थी लिहाजा देउबा के निष्कासन के फरमान को न केवल नजर अंदाज कर दिया, सर्वसम्मति से गगन थापा को पार्टी का नया सभापति चुन लिया गया। इस तरह नेपाली कांग्रेस अब गगन थापा के नेतृत्व वाली पार्टी हो गई है। इस चुनाव में देउबा को टिकट भी नहीं मिला।

यशोदा श्रीवास्तव

जेन जी आंदोलन में भारी नुकसान के बाद सत्ता में आई अंतरिम सरकार के वादे के मुताबिक नेपाल वक्त से पहले चुनाव की दहलीज पर है। प्रधानमंत्री उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश सुशीला कार्की ने सत्ता संभालते ही छः महीने के भीतर चुनाव कराकर सत्ता सीन पार्टी को सरकार की कमान सौंप देने का वादा किया था। सुशीला कार्की के वादे के अनुसार पांच मार्च को नेपाल प्रतिनिधि सभा का चुनाव तय है। नामांकन की तिथि समाप्त हो चुकी है। राजनी. तिक दल और उनके प्रत्याशी अपने अपने क्षेत्रों में प्रचार और जनसंपर्क में जुटे गए हैं।

चुनाव आयोग के अनुसार प्रतिनिधि सभा के 165 सीटों के लिए नेपाल के मान्यता प्राप्त 68 राजनीतिक दलों के अलावा और स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में भी सैकड़ों उम्मीदवार मैदान में हैं। निर्दल उम्मीदवारों में कई नामचीन चेहरे भी हैं जो अपने दलों से टिकट न पाने की वजह से निर्दल ही चुनाव लड़ने को मजबूर हुए। भारी उथल पुथल के बीच नेपाल में होने जा रहे इस चुनाव पर दुनिया की नजर है खासकर उन देशों की जो नेपाल के पड़ोसी राष्ट्र हैं जैसे भारत,चीन, पाकिस्तान आदि। नेपाल में हाल के दिनों में अमे. रिका की भी दिलचस्पी बढ़ी है इसलिए उसे भी नेपाल के चुनाव परिणाम की उत्सुकता है।

नेपाल का यह चुनाव वाकई कई मायनों में दिलचस्प और महत्वपूर्ण है। नेपाली कांग्रेस जो नेपाल की सबसे पुरानी पार्टी है और इसका राजशाही के जमाने से ही लोकतंत्र की लड़ाई का इतिहास रहा है,अब परिवर्तित नेपाली कांग्रेस हो गई है। इस पार्टी को कोइराला परिवार के प्रभुत्व वाली पार्टी कहा जाता था जिसका भारत से नजदीकियां रही है। 2021में सांगठनिक चुनाव में इस पार्टी से कोइराला परिवार का वर्चस्व टूट गया। सभापति के चुनाव में शेर बहादुर देउबा कोइराला परिवार के शेखर कोइराला को पराजित कर पार्टी के सभापति (अध्यक्ष) पद पर काबिज हुए थे। देउबा पश्चिम नेपाल के डेडुल्धुरा क्षेत्र से 1991 से सांसद चुने जाते रहे और नेपाल के पांच बार प्रधानमंत्री रहे। पिछले महीने जेन जी आंदोलन में देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा को काफी प्रताड़ना सहनी पड़ी थी। इस आंदोलन के बाद नेपाली कांग्रेस की छवि सबसे कमजोर नेतृत्व वाली पार्टी के रूप उभर कर सामने आई। तभी से देउबा पर विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन बुलाने की मांग जोर पकड़ रही थी। देउबा जानते थे कि अधिवेशन का मतलब सभापति पद से उनकी छुट्टी करना है, इसलिए वे अधिवेशन के पक्ष में नहीं थे, लेकिन जैसा कि नेपाली कांग्रेस के विधान में है कि पार्टी के केंद्रीय समिति के 54 प्रतिशत सदस्य यदि चाहें तो अधिवेशन कभी भी बुलाया जा सकता है। इसी विधान के तहत पार्टी के दो महामंत्री गगन थापा और विश्व प्रकाश शर्मा ने अधिवेशन आहुति की जो चार दिन तक चला। इस बीच देउबा न केवल अधिवेशन को अवैधानिक करार देने में जुटे रहे, गगन थापा, विश्व प्रकाश शर्मा और सह महामंत्री फरकुल्लाह मंसूर को पार्टी से निष्कासित करने का फरमान जारी कर दिया। अधिवेशन में 54 प्रतिशत से कहीं ज्यादा केंद्रीय समिति के सदस्यों की भागीदारी थी लिहा. जा देउबा के निष्कासन के फरमान को न केवल नजर अंदाज कर दिया, सर्वसम्मति से गगन थापा को पार्टी का नया सभापति चुन लिया गया। इस तरह नेपाली कांग्रेस अब गगन थापा के नेतृत्व वाली पार्टी हो गई है। इस चुनाव में देउबा को टिकट भी नहीं मिला। नए नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस ने इनकी जगह पर किसी अन्य को टिकट दे दिया है। देउबा के चुनाव न लड़ने से डेडुल्धुरा चुनाव क्षेत्र जो सुर्खियों में रहा करता था,इस बार चुनावी परिदृश्य से गायब है। देउबा के शानदार राजनीतिक सफर का अंत इतना क्रूरतम होगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था।

इस चुनाव में चार खास चुनाव क्षेत्रों की चर्चा जोरों पर है। झापा क्षेत्र संख्या पांच जहां से पूर्व पीएम व एमाले अध्यक्ष केपी शर्मा ओली चुनाव मैदान में हैं। ओली अपनी पार्टी के घोषित पीएम का चेहरा हैं। इसी चुनाव क्षेत्र से काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से चुनाव मैदान में हैं। वालेन शाह भी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की ओर से पीएम के लिए घोषित चेहरा हैं। इस चुनाव क्षेत्र में 35 बनाम 74 का नारा सुर्खियों में है। वालेन शाह पूर्व में इंजीनियर रहे हैं बाद में मशहूर रैपर हुए। युवाओं में खासा लोकप्रिय हैं। काठमांडू नगर निगम के मेयर का चुनाव निर्दल लड़ कर जीते थे। उन्होंने प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ने के लिए मेयर पद से इस्तीफा दे दिया। इनकी उम्र 35 वर्ष है और ओली की 74 वर्ष इसलिए इस चुनाव क्षेत्र की लड़ाई 35 बनाम 74 के बीच है। गोरखा क्षेत्र संख्या एक की भी चर्चा खूब है। यहां से शोसल मीडियाष्हामी नेपालष्के जरिए युवाओं में पैठ बनाए सुडान गुरूंग राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। सुडान पिछले दिनों सुर्खियों में तब आए जब उनकी शिनाख्त जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में उभरी। हालांकि इस आंदोलन ने ओली सरकार के तख्तापलट के साथ नेपाल को दर्द भी बहुत दिया। इसके बाद सुर्खियों में है सर्लाही का क्षेत्र संख्या चार।

यहां से नेपाली कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष गगन थापा चुनाव मैदान में हैं। गगन थापा भी नेपाली कांग्रेस की तरफ से पीएम का चेहरा हैं। गगन थापा के अनुसार उनकी पार्टी बिना किसी गठबंधन के सरकार बनाएगी। यदि ऐसा हो पाया तो नेपाल की राजनीति में चमत्कार होगा। तीसरे नंबर पर जिस चुनाव क्षेत्र की चर्चा है वह है रुकुम क्षेत्र संख्या एक। यहां से माओवादी केंद्र के अध्यक्ष व पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड चुनाव मैदान में हैं। प्रचंड का भी दावा सरकार बनाने का है। प्रचंड नेपाल में राजशाही के खिलाफ जनयुद्ध के नायक के रूप में देखे जाते हैं। इस बार प्रचंड के चुनाव क्षेत्र में चुनावी मुक. ाबला बड़ा रोचक होने जा रहा है क्योंकि जनयुद्ध में अपने मां बाप को गंवा देने वाले प्रचंड के करीबी रहे युवा नेता संदीप पुन प्रचंड के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। 35 वर्षीय संदीप पुन प्रचंड के नेतृत्व वाले माओवादी केंद्र के छात्र संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे हैं। संदीप पुन प्रगतिशील लोकतांत्रिक पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। इस चुनाव में जो सबसे बड़ी बात है वह यह कि जितनी बड़ी पार्टियां हैं, इस बार बिना किसी गठबंधन के साथ अकेले चुनाव मैदान में हैं। 2008 में हुए संविधान सभा के चुनाव बाद यह पहला अवसर है जब बड़ी राजनीतिक पार्टियां अकेले चुनाव लड़ रही है और सभी को अपनी सरकार आने का भरोसा है। पूर्व गृह मंत्री रवि लामी छाने की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी जिसका उदय पिछले चुनाव में धूमकेतु की तरह हुआ था,इस बार नेपाल के सभी क्षेत्रों में चुनाव लड़ रही है। इतना ही नहीं जिस तेजी से इस पार्टी ने मधेश के जिलों में अपना प्रभाव बढ़ाया है और ढेर सारे बड़े नेता इस पार्टी से जुड़े हैं उससे चुनाव परिणाम में बड़े उलटफेर की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। रवि लामी छाने खुद भी चितवन दो से चुनाव लड़ रहे हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को नेपाली कांग्रेस के बागी उम्मीदवारों से लाभान्वित होने की उम्मीद है। भारत सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले के क्षेत्र संख्या एक से भारत में नेपाल के राजदूत रहे नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीप कुमार उपाध्याय के बेटे आशीष शर्मा का टिकट कटना यहां के दो तीन क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है। प्रतिनिधि सभा के उच्च सदन के 110 सीटें समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत भरी जाएगी, जिसके लिए राजनी. तिक दलों ने अपने उम्मीदवारों की सूची चुनाव आयोग को पहले ही सौंप दी है। चुनाव में मिले मतों के प्रतिशत के आधार पर उच्च सदन में किस राजनीतिक दल के कितने सदस्य नामित किए जा सकते हैं,यह तय होता है। उच्च सदन के प्रति. निधियों का नाम राजनीतिक दलें अपने हिसाब से करती हैं। अभी जैसा कि नेपाल का चुनावी परिदृश्य दिख रहा है,उस हिसाब से किसी पार्टी के पक्ष में राय जाहिर करना जल्दबाजी होगी। नेपाल चुनाव में दिलचस्पी रखने वाले देश विदेश के विश्लेषक भी यह तय कर पाने की स्थिति में नहीं हैं कि नेपाल के चुनाव परिणाम का सीन क्या होगा?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

जबड़े ने सुलझाई गिबन की गुत्थी

शोधकर्ताओं का कहना है कि भारत में मिला जीवाश्म कैपी रगनेगेरेंसिस प्रजाति का है जो दक्षिण एशियाई प्राइमेट्स के विलुप्त हो चुके समूह का है, और वह वर्तमान कपियों का करीबी सम्बंधी नहीं था। वर्तमान प्राइमेट्स के पूर्व में किए गए डीएनए विश्लेषण से पता चलता है कि हाइलोबैटिड्स अफीका में अन्य कपियों से लगभग 2. 2 करोड़ से 1.7 करोड़ वर्ष पूर्व अलग हो गए थे। लेकिन यह अभी एक रहस्य ही है गिबन के पूर्वज युरेशिया कब पहुंचे। एशिया में वाई. शाओयुआन के साक्ष्य मिलने और अफीका या उसके आसपास के क्षेत्रों में हाइलोबैडिट्स की उत्पत्ति के बीच लगभग एक करोड़ वर्ष का अंतर है। आनुवंशिक साक्ष्य यह भी इंगित करते हैं कि वर्तमान गिबन प्रजातियों के साझा पूर्वज लगभग 80 लाख वर्ष पूर्व पृथ्वी पर रहते थे।

गिबन छोटे शरीर और लंबी बाहों वाले, पेड़ों पर छलांग लगाने वाले कपि हैं जो उत्तरपूर्वी भारत, पूर्वी बांग्लादेश और दक्षिणपूर्वी चीन से लेकर इंडोनेशिया के कई द्वीपों में पाए जाते हैं, लेकिन इनके उद्विकास की कहानी को समझना वैज्ञानिकों के लिए मुश्किल रहा है। अब दक्षिण-पश्चिमी चीन के एक गांव के पास मिले एक जीवाश्म से बात कुछ पकड़ में आई है। इस जीवाश्म में ऊपरी जबड़े का हिस्सा और सात अलग-अलग दांत हैं। इससे इस पूर्व निष्कर्ष की पुष्टि हुई है कि सबसे पहले ज्ञात गिबन लगभग 70 से 80 लाख साल पहले इस इलाके में रहते थे।



चीन के कुनमिंग नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम ऑफ जूलॉजी के पुरा-मानवविज्ञानी ज्युपिंग जी और उनके साथियों का कहना है कि यह जीवाश्म और इस क्षेत्र व इसके पास के क्षेत्र से मिले 14 दांत युआनमोपिथेकस शाओयुआन नामक एक प्राचीन हाइलोबैटिड प्रजाति के हैं। हाइलोबैटिड्स कपियों का एक कुल है जिसमें वर्तमान गिबन्स की लगभग 20 प्रजातियां और पूर्वोत्तर भारत से इण्डोनेशिया तक के उष्णकटिबंधीय जंगलों में पाए जाने वाले सियामांग गिबन शामिल हैं। 2006 में वाई. शाओयुआन के बारे में पता चलने के बाद जी और उनके दल का मानना था कि यह एक प्राचीन गिबन है। लेकिन इसकी पुष्टि के लिए अतिरिद्र जीवाश्मों की आवश्यकता थी। लगभग एक दशक पूर्व एक स्थानीय निवासी को वाई. शाओयुआन का ऊपरी जबड़े का हिस्सा मिला था। इस जबड़े में चार दांत और दाढ़ का कुछ हिस्सा था। इसकी मदद से शोधकर्ता यह समझ सके थे कि यह एक शिशु गिबन का जबड़ा है जो 2 वर्ष की उम्र के पूर्व ही मर गया था। आधुनिक कपियों और प्राचीन प्राइमेट्स के जीवाश्मों की तुलना करने पर पाया गया कि वाई. शाओयुआन सबसे प्राचीन ज्ञात गिबन है। ये नतीजे दो साल पूर्व की एक रिपोर्ट को झुठलाते हैं जो कहती है कि उत्तरी भारत में हाइलोबैडिट कुल की लगभग 1.3 करोड़ वर्ष पुरानी दाढ़ मिली थी। शोधकर्ताओं का कहना है कि भारत में मिला जीवाश्म कैपी रगनेगेरेंसिस प्रजाति का है जो दक्षिण एशियाई प्राइमेट्स के विलुप्त हो चुके समूह का है, और वह वर्तमान कपियों का करीबी सम्बंधी नहीं था। वर्तमान प्राइमेट्स के पूर्व में किए गए डीएनए विश्लेषण से पता चलता है कि हाइलोबैटिड्स अफीका में अन्य कपियों से लगभग 2.2 करोड़ से 1.7 करोड़ वर्ष पूर्व अलग हो गए थे। लेकिन यह अभी एक रहस्य ही है गिबन के पूर्वज युरेशिया कब पहुंचे। एशिया में वाई. शाओयुआन के साक्ष्य मिलने और अफीका या उसके आसपास के क्षेत्रों में हाइलोबैडिट्स की उत्पत्ति के बीच लगभग एक करोड़ वर्ष का अंतर है।

आनुवंशिक साक्ष्य यह भी इंगित करते हैं कि वर्तमान गिबन प्रजातियों के साझा पूर्वज लगभग 80 लाख वर्ष पूर्व पृथ्वी पर रहते थे, इसी समय वाई. शाओयुआन भी पृथ्वी पर निवास करते थे। तो हो सकता है कि इसके बाद के सभी गिबन्स के पूर्वज वाई. शाओयुआन हों, या यह भी हो सकता है कि आधुनिक गिबन के पूर्वज और वाई. शाओयुआन निकट सम्बंधी हों। जर्नल ऑफ ह्यूमन इवॉल्यूशन में शोधकर्ता बताते हैं कि दांत की चबाने वाली सतह पर बने उभार और गढ्डों के निशान और दांतों व जबड़े की अन्य विशेषताएं काफी हद तक वर्तमान गिबन की तरह हैं। इसके अलावा वाई. शाओयुआन के अश्मीभूत दांत की कुछ विशेषताएं आधुनिक गिबन के दांतों की विशेषताओं की पूर्ववर्ती लगती हैं। दाढ़ के आकार के आधार पर शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वाई. शाओयुआन का वजन लगभग छह किलोग्राम था, यह भी आधुनिक गिबन्स के समान है। इनके दाढ़ की संरचना इंगित करती है कि यह भी वर्तमान गिबन की तरह मुख्यतः फल खाता था। बहरहाल के. रगनेगेरेंसिस के विकास की कहानी अभी अस्पष्ट ही है क्योंकि इसका केवल एक ही दांत मिला है, जिसके आधार पर पुख्ता तौर पर कुछ कहना मुश्किल है।

...स्रोत फीचर्स

बालिकाओं के साथ हैवानियत के बढ़ते मामले चिंताजनक

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष

श्वेता गोयल

वर्ष 2008 से प्रतिवर्ष 24 जनवरी को 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया जाता है, जो पूरी तरह लड़कियों को समर्पित है। प्रत्एक बालिका को मानवीय अधिकार मिलना सुनिश्चित करने, समाज में बालिकाओं के अधिकारों को लेकर जागरूकता पैदा करने तथा उन्हें नया अवसर मुहैया कराने के उद्देश्य से 2008 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा इस दिवस की शुरूआत की गई थी।

दरअसल बालिकाओं को शिक्षा, कानूनी अधिकार और सम्मान जैसे मामलों में असमानता का शिकार होना पड़ता है और ऐसे मामलों को दुनिया के समक्ष लाना, लोगों के बीच बराबरी का अहसास पैदा करना, लड़कियों के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता पैदा करना ही इस दिवस का अहम उद्देश्य है। लैंगिक भेदभाव तो सदियों से एक बहुत बड़ी समस्या है, इसीलिए राष्ट्रीय बालिका दिवस के माध्यम से लोगों में लैंगिक असमानता को लेकर जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया जाता है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में बालिकाओं के कल्याण के लिए सरकारों द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरूआत की गई है, बालिका विवाह और लिंग परीक्षण पर रोक जैसे कानून लागू हैं और बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसा महत्वपूर्ण अभियान चलाया जा रहा है लेकिन छोटी-छोटी बालिकाओं पर अत्याचारों का सिलसिला निर्बाध रूप से जारी है। संयुक्त राष्ट्र महिला के आंकड़ों के अनुसार विश्वभर में 15-19 आयु वर्ग की करीब डेढ़ करोड़ किशोर बालि. काएं अपने जीवन में कभी न कभी यौन उत्पीड़न का शिकार होती हैं। अगर पिछले कुछ दिनों के मामलों पर नजर डालें तो बालिकाओं के शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न की काफी वीभत्स तस्वीर सामने आती है। देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार सामने आते ऐसे मामलों की लंबी फेहरिस्त है। आए दिन अबोध बालिकाओं के साथ हैवानियत के निरन्तर सामने आते ऐसे मामलों से इंसानियत भी शर्मसार हो रही है। चिंताजनक स्थिति यह है कि अक्सर ऐसे ज्यादातर मामलों में पुलिस का गैरजिम्मेदाराना और लापरवाही भरा रवैया सामने आता रहा है। निर्भया कांड के बाद कानूनों में सख्ती और महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने के बाद भी अगर इस तरह के मामले थमने का नाम नहीं ले रही तो इसका स्पष्ट कारण यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं होती, जिसके वे हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं। हैदराबाद की बेटी दिशा का मामला हो या उन्नाव पीड़िता का अथवा हाथरस या बुलंदशहर की बेटियों का, लगातार सामने आते ऐसे तमाम मामलों से स्पष्ट है कि केवल कानून कड़े कर देने से ही बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने वाले नहीं हैं। यह विडम्बना ही है कि हम नवरात्र जैसे पर्वों पर बालिका पूजन करने का ढ़ोंग करते हैं लेकिन देवी स्वरूपा उन्हीं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं करते। बेहद चिंताजनक स्थिति है कि भारत में प्रतिवर्ष 3-7 लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिए जाते हैं। हालांकि आज कई बालिकाएं भी विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ रही हैं लेकिन उसके बावजूद शिक्षा, कानूनी अधिकार और सम्मान जैसे मामलों में उन्हें 21वीं सदी में भी असमानता की शिकार होना पड़ता है। तमाम जागरूकताओं के बावजूद समाज में लैंगिक भेदभाव आज भी बरकरार है। बहुत से मामलों में बालिकाओं के नजदीकी लोग ही उनका शोषण करते हैं। सरकारों द्वारा भले ही 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाओं का गणेश कर दिया गया है लेकिन जब कुछ मामलों में कानून के रक्षक ही बालिकाओं के शोषण के मामले में भक्षक की भूमिका में सामने आते हैं तो ऐसी योजनाएं औचित्यहीन प्रतीत होने लगती हैं। बालिकाएं आज स्वयं को कहीं भी सुरक्षित नहीं समझती, इसलिए केवल कागजों में बालिकाओं के कल्याण के लिए नई-नई योजनाएं बनाते रहने से तब तक कुछ हासिल नहीं होने वाला, जब तक कि समाज बालिकाओं को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध होने की गारंटी न दे। बहरहाल, राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सरकार के साथ समाज भी अगर लिंगभेद को खत्म करने तथा देश में ऐसा वातावरण निर्मित करने का संकल्प ले, जहां बालिकाएं स्वयं को हर जगह सुरक्षित महसूस करें, तभी ऐसे दिवस मनाए जाने की कुछ सार्थकता होगी। जरूरत इस बात की है कि बालिकाओं के साथ दरिंदगी करने वालों के लिए बेहद कड़े कानून बनें, ऐसे मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन हो और ऐसे मामलों की जांच में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों तथा अन्य अधिकारियों को कड़े दंड का प्रावधान हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस परेड के लिए बारिश से प्रभावित पूर्वाभ्यास के दौरान उपस्थित लोग प्लास्टिक की चादरों के नीचे शरण लेते हुए।

ऑस्ट्रेलिया में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या करने वाले की तलाश जारी

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स की पुलिस घरेलू हिसा से जुड़ी गोलीबारी में तीन लोगों की हत्या करने वाले आरोपी की तलाश कर रही है। स्थानीय समयानुसार, गुरुवार की शाम करीब 4:20 बजे हुई गोलीबा. री के बाद पुलिस 37 वर्षीय संदिग्ध जूलियन इनग्राम को तलाश कर रही है। गुरुवार को पुलिस के साथ-साथ उसकी तलाश के लिए हेलीकॉप्टरों को भी तैनात किया गया था। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि एक वाहन में 25 वर्षीय महिला और 32 वर्षीय पुरुष की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

ट्रम्प के गाजा पीस बोर्ड को लेकर घिरे पाक पीएम

विपक्ष बोला: ट्रम्प को खुश करने के लिए इससे जुड़े शहबाज, यह अमीरों का एक क्लब

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को दावोस में अमे. रिका के 'बोर्ड ऑफ पीस' के चार्टर पर साइन किए हैं। इस बोर्ड को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अगुवाई में गाजा में शांति कायम करने और फिर से बसाने के लिए बनाया गया है। पाकिस्तानी मीडिया डान के मुताबिक ऐसा करके शहबाज शरीफ अपने ही घर में घिर गए हैं।

पाकिस्तान में विपक्षी पार्टियों ने उनके फैसले का विरोध किया है और इसे पाकिस्तान के लिहाज से गलत बताया है। प्रसिद्ध पत्राकार और लेखक जाहिद हुसैन ने कहा कि पाकिस्तान ने जल्दबाजी में यह कदम उठाया है। हुसैन ने कहा कि पीएम को दूसरों के फैसलों का इंतजार करना चाहिए था। उन्होंने इसे ट्रम्प की जोखिम भरी नीति का हिस्सा बताया और कहा कि यह बोर्ड यूनाइटेड नेशन (यूएन) के जैसा एक संगठन बन रहा है, जो वैश्विक व्यवस्था के

■ पाकिस्तान में विपक्षी पार्टियों ने उनके फैसले का विरोध किया है और इसे पाकिस्तान के लिहाज से गलत बताया

लिए खतरा है। हुसैन ने कहा कि यह बस एक अमीरों का क्लब बन रहा है। लेखक हुसैन ने चिंता जताई कि पाकिस्तान ट्रम्प की गुड बुक्स में रहने के लिए उनकी नीतियों का पालन कर रहा है। एक जिम्मेदार देश की विदेश नीति ऐसी नहीं होती। बोर्ड में इजरायल और अब्राहम समझौते करने वाले देश शामिल हैं, लेकिन फिलिस्तीनियों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। उन्होंने इसे विनाशकारी कदम' करार दिया। उन्होंने पूछा कि क्या पाकिस्तान हमास को हथियार छोड़ने पर मजबूर करने के लिए तैयार है। उन्होंने आशंका जताई कि अमेरिकी जनरल के नेतृत्व में गाजा में फोर्स तैनात हो सकता है और पाकिस्तानी सैनिकों को फिलिस्तीनी प्रतिरोध से लड़ना पड़ सकता है। संसद में विपक्षी नेता अल्लामा राजा नासिर अब्बास ने एक्स पर पोस्ट कर इसे नैतिक रूप से गलत और अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि यह बोर्ड फलस्तीनियों से उनका अधिकार छीन रहा है। यह फलस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार को कमजोर करेगा और यूएन को हाशिए पर धकेलने की कोशिश है। पाकिस्तान, जो कश्मीर जैसे मुद्दों पर यूएन के प्रस्तावों पर जोर देता है, इस तरह की पहल में शामिल होकर अपनी विश्वसनीयता खो रहा है। तहरीक-ए-तहफ्फुज के नेता मुस्तफा नवाज खोखर ने बिना संसद या सार्वजनिक बहस के इस बोर्ड में शामिल होना सरकार की मनमानी को दिखाता है। उन्होंने इसे औपनिवेशिक परियोजना (किसी शक्तिशाली देश का दूसरे देश पर कब्जा) बताया और कहा कि बोर्ड का चार्टर ट्रम्प को अत्यधिक शक्तियां देता है। खोखर के मुताबिक, बोर्ड के सदस्य को ट्रम्प शामिल या हटा जा सकते हैं और उनके पास वीटो का अधिकार भी होगा। खोखर ने सवाल उठाया कि अगर यह बोर्ड ईरान जैसे किसी देश के खिलाफ कार्रवाई का फैसला करता है, तो पाकिस्तान क्या करेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान खुद को ऐसे खतरनाक जिम्मेदारियों से बांध रहा है।

संक्षिप्त समाचार

यूक्रेन ने पांच उप-रक्षा मंत्रियों को हटाया

कीव। यूक्रेन ने पांच उप-रक्षा मंत्रियों को हटया है। रक्षा मंत्री मिखाइलो फेडोरोव ने गुरुवार को टेलीग्राम पर यह जानकारी दी। फेडोरोव ने कहा कि यह फेरबदल यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और दुश्मन तथा उसकी अर्थव्यवस्था के खिलाफ 'एसिमिट्रिक' एवं साइबर हमलों को मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा है। रक्षा मंत्री के अनुसार कैबिनेट ने अनातोली क्लोचको, ओलेक्सांद्र कोज़ेंको, मायकोला शेवत्सोव, वलोडिमिर ज़वेरुखा और हन्ना ग्वोज्दियार को उनके पदों से हटा दिया है।

न्यूज़ीलैंड के उत्तरी द्वीप में भूस्खलन से चीनी नागरिक की मौत

वेलिंगटन। न्यूज़ीलैंड में उत्तरी द्वीप के पश्चिमी बे ऑफ़ प्लेंटी में भूस्खलन में एक चीनी नागरिक की मौत हो गई है। न्यूज़ीलैंड में चीनी दूतावास ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। न्यूज़ीलैंड के बे ऑफ़ प्लेंटी इलाके में माउंट माउंगानुई के बेस पर एक हॉलिडे पार्क में गुरुवार को हुए बड़े भूस्खलन के बाद बच्चों समेत कई लोग लापता हैं। भारी बारिश और बाढ़ ने इस द्वीप के कुछ हिस्सों को तबाह कर दिया है, जिससे लोगों के घरों में बिजली बंद हो गई और द्वीप के पूर्वी तट पर कुछ इलाके अलग-थलग पड़ गए हैं।

विमानन में सहयोग बढ़ाएंगे भारत-यूरोपीय संघ

दावोस। भारत और यूरा. पीय संघ ने विमानन के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए नियामकों के बीच सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धाता जताई है तथा ढांचागत विकास के लिए एक कार्ययोजना तैयार की है। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने गुरुवार को दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के वैश्विक आर्थिक शिखर सम्मेलन के दौरान यूरोपीय संघ के परिवहन आयुक्त अपोस्टोलोस ज़िज़िकोस्टास से मुलाकात की।

ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनकर फैमिली बिजनेस बढ़ाया

एक साल में संपत्ति 12800 करोड़ बढ़ी, भारत में 8 प्रोजेक्ट चल रहे

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को दावोस में दावा किया कि वे अमेरिका को फिर से महान और अमीर बना रहे हैं। उन्होंने अपनी नीतियों और टैरिफ के कारण 16.48 लाख करोड़ रुपये के निवेश आने का दावा किया। वहीं 20 जनवरी को आई न्यूयार्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, टैरिफ वॉर का बोझ अमेरिकी उपभोक्ताओं पर पड़ा। इस दौरान ट्रम्प की निजी संपत्ति में जबरदस्त इजाफा हुआ है।

जनवरी 2025 में दोबारा व्हाइट हाउस लौटने के बाद पिछले एक साल में ट्रम्प की संपत्ति कम से कम करीब 12810 करोड़ रुपये बढ़ी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि असली कमाई इससे ज्यादा भी हो सकती है, क्योंकि कई मुनाफे सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। वाल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में 8 ट्रम्प-ब्रांडेड प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं या प्लान्ड हैं, जिनमें रेसिडेंशियल टावर्स, कमर्शियल स्पेस और अन्य शामिल हैं।

डोनाल्ड ट्रम्प का महंगा और प्रसिद्ध आवास फ्लोरिडा के पाम बीच में स्थित मार-ए-लागो क्लब और एस्टेट है। यह संपत्ति एक ऐतिहासिक धरोहर है और 2019 से उनका मुख्य निवास स्थान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने राष्ट्रपति के पद की शक्ति का इस्तेमाल कर खुद और परिवार को फायदा पहुंचाया। ट्रम्प विदेशी सरकारों और कंपनियों से ऐसे सौदे कर रहे हैं जिनसे उनके परिवार को पैसा मिल रहा है। ट्रम्प की कमाई का बड़ा हिस्सा विदेशी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स से आया है। ट्रम्प आर्गनाइजेशन 20 से ज्यादा विदेशी प्रोजेक्ट्स चला रहा है।

■ असली कमाई इससे ज्यादा भी हो सकती है, क्योंकि कई मुनाफे सार्वजनिक नहीं किए गए हैं
■ संपत्ति एक ऐतिहासिक धरोहर है और 2019 से उनका मुख्य निवास स्थान है

ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी टीम ने बड़े पैमाने पर चंदा भी जुटाया

न्यूयार्क टाइम्स की जांच में सामने आया है कि चुनाव के बाद ट्रम्प और उनके करीबियों ने करीब 2 अरब डॉलर (18 हजार करोड़ रुपये) अलग-अलग फंड और योजनाओं के लिए इकट्ठा किए। यह रकम उनके इलेक्शन कैंपेन के लिए जुटाई गई राशि से भी ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी कागजात, फंडिंग रिकॉर्ड और कई लोगों से बातचीत करके पता लगा कि कम से कम 346 बड़े दानदाता ऐसे हैं, जिनमें से हर एक ने 2.5 लाख डॉलर या उससे ज्यादा का चंदा दिया। इन लोगों से ही करीब 50 करोड़ डॉलर से ज्यादा की रकम आई। इनमें से लगभग 200 दानदाता ऐसे हैं, जिन्हें या जिनके कारोबार को ट्रम्प सरकार के फैसलों से फायदा मिला। इनमें सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसे 6 भारतवंशी बिजनेसमैन शामिल हैं। हालांकि रिपोर्ट यह भी कहती है कि यह साबित करना मुश्किल है कि किसी ने पैसा दिया।

उन्होंने 'ट्रम्प' नाम को लाइसेंस देकर करीब 210 करोड़ रुपये कमाए, जिसमें ओमान में लग्जरी होटल और सऊदी अरब में गोल्फ कोर्स शामिल हैं। भारत में पहला ट्रम्प-ब्रांडेड कमर्शियल प्रोजेक्ट ट्रम्प वर्ल्ड सेंटर पुणे में बन रहा है। इससे ट्रम्प को 289 मिलियन डॉलर से ज्यादा की कमाई होने का अनुमान है। गुड़गांव में रेसिडेंशियल और होटल प्रोजेक्ट्स लिस्टेड हैं। दिलचस्प बात यह है कि कुछ महीने पहले ट्रम्प ने भारत को डेड इकानमी कहा था। वियतनाम पर पिछले साल अमेरिका ने 46 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया था। टैरिफ कम करने के बदले ट्रम्प आर्गनाइजेशन को हनोई में 1.5 बिलियन डॉलर का गोल्फ प्रोजेक्ट शुरू करने की मंजूरी मिली और टैरिफ घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट को मंजूरी देने के लिए स्थानीय कानूनों को भी दरकिनार किया गया। इसी तरह, इंडोनेशिया में अक्टूबर 2025 में एक वायरल वीडियो में राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो को ट्रम्प के बेटे एरिक से मिलने की बात करते सुना गया। एरिक ट्रम्प परिवार का बिजनेस संभाल रहे हैं। इंडोनेशिया में मार्च में पहला ट्रम्प-ब्रांडेड गोल्फ क्लब खुला। वहां एक और प्रापर्टी और बाली में एक रिसार्ट भी ट्रम्प आर्गनाइजेशन की वेबसाइट पर लिस्टेड हैं। ट्रम्प आर्गनाइजेशन वियतनाम के हनोई में गोल्फ प्रोजेक्ट शुरू करने की तैयारी कर रहा है। ट्रम्प की सबसे बड़ी कमाई क्रिप्टोकरेंसी से हुई है। पिछले साल उनकी फैमिली से जुड़ी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल कंपनी और एक मीम काइन से कम से कम 867 मिलियन डॉलर आए। 2025 में यूएई की एक फर्म ने ट्रम्प की कंपनी में 2 बिलियन डॉलर डाले, जो विश्व लिबर्टी फाइनेंशियल मानी जाती है। कुछ हफ्तों बाद ट्रम्प ने यूएई को सेमीकंडक्टर चिप्स बेचने की मंजूरी दी। ट्रम्प और उनके बेटों के पास वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल में 5 बिलियन डॉलर से ज्यादा के स्टेक हैं, जो परिवार की सबसे बड़ी संपत्ति बन गई है। पाकिस्तान के साथ भी एक बड़ा क्रिप्टो डील हुआ है, जो 17000 करोड़ रुपये का बताया जा रहा है। इसके अलावा, ट्रम्प और मेलानिया ने फिल्ममेकिंग से भी कमाई की। अमेजन ने मेलानिया के आने वाले डाक्यूमेंट्री 'मेलानिया' के राईट के लिए 28 मिलियन डॉलर दिए। साथ ही, टेक और मीडिया कंपनियों जैसे एक्स, मेटा, यूट्यूब और पैरामाउंट ने ट्रम्प के खिलाफ मुकदमों को सेटल करने के लिए कुल 90.5 मिलियन डॉलर दिए। यूट्यूब ने ट्रम्प के चैनल सस्पेंड करने पर 24.5 मिलियन डॉलर, जबकि पैरामाउंट ने कमला हैरिस के इंटरव्यू एडिट मामले में 16 मिलियन डॉलर चुकाए।

कनाडा और अमेरिका के रिश्तों में तल्खी उजागर

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि प्रस्तावित 'बोर्ड ऑफ पीस' (शांति बोर्ड) ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को दिया गया निमंत्रण वापस ले लिया है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट से इस निर्णय की जानक. ारी दी। प्रधानमंत्री कार्नी को संबो. धित एक संक्षिप्त पत्र के रूप में लिखे संदेश में ट्रम्प ने बिना कोई विशेष कारण बताए स्पष्ट किया कि कनाडा के इस निकाय में शामिल होने के निमंत्रण को रद्द माना जाए। यह घटनाक्रम दोनों देशों के बीच गहराते कूटनीतिक मतभेदों की ओर इशारा कर रहा है।

यह कदम दोनों नेताओं के बीच इस सप्ताह हुई सार्वजनिक बयानबाजी और तीखी नोकझोंक के बाद उठाया गया है। इससे पहले गुरुवार को कार्नी ने ट्रंप के उस विवादास्पद दावे को सिरे से खारिज कर दिया था, जिसमें कहा गया था कि कनाडा अपने अस्तित्व के लिए अमेरिका पर निर्भर है। स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच से लौटने के बाद कार्नी ने क्यूबेक सिटी में कहा था कि कनाडा और अमेरिका के बीच आर्थिक और सुरक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय साझेदारी है, लेकिन कनाडा अमेरिका के कारण जीवित नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि

■ राष्ट्रपति ट्रम्प ने 'बोर्ड ऑफ पीस' से मार्क कार्नी का निमंत्रण वापस लिया

कनाडा अपनी विशिष्ट पहचान और नागरिकों के कारण फल-फूल रहा है। दावोस शिखर सम्मेलन के दौरान कार्नी ने वैश्विक व्यवस्था में आने वाली 'दरार' के प्रति आगाह किया था और प्रमुख शक्तियों द्वारा टैरिफ (शुल्क) तथा आर्थिक दबाव के उपयोग की खुलकर आलोचना की थी। उन्होंने ग्रीनलैंड और डेनमार्क के प्रति भी अपना समर्थन व्यक्त किया था, जिसे अमेरिकी नीतियों के विरोध के रूप में देखा गया। इसके विपरीत, ट्रम्प ने उसी मंच से बोलते हुए दावा किया था कि कनाडा अमे. रिका की वजह से ही जीवित है। दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति और कनाडाई प्रधानमंत्री के बीच कोई द्विपक्षीय मुलाकात भी नहीं हुई थी, जिससे तनाव की स्थिति पहले ही स्पष्ट हो गई थी। व्हाइट हाउस में दोबारा वापसी के बाद से ट्रम्प ने कनाडा के साथ व्यापारिक और राजनीतिक मोर्चे पर कड़ा रुख अपना रखा है। उन्होंने कनाडा पर व्यापक व्यापारिक शुल्क लगा दिए हैं और बार-बार यह सुझाव देकर विवाद पैदा किया है कि कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बन जाना चाहिए।

अमेरिका ने वर्ल्ड हेल्थ आर्गनाइजेशन छोड़ा

वाशिंगटन। अमेरिका आज आधिकारिक तौर पर वर्ल्ड हेल्थ आर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) से बाहर हो गया। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि हम डब्ल्यूएचओ में दोबारा शामिल होने की कोई योजना नहीं बना रहे हैं। अमेरिका अब देशों के साथ सीधे संपर्क करके रोग निगरानी और दूसरे प्राथमिकताओं पर काम करेगा।

अमेरिका पर डब्ल्यूएचओ की करीब 2 हजार 380 करोड़ रुपये से ज्यादा की फीस बकाया है। हालांकि, ट्रम्प प्रशासन का कहना है कहा कि वे कोई भुगतान नहीं करेंगे क्योंकि डब्ल्यूएचओ को पहले ही जरूरत से ज्यादा दिया गया है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस फैसले से अमेरिका के साथ-साथ दुनिया के हेल्थ सिस्टम

■ डब्ल्यूएचओ का दो हजार 380 करोड़ बकाया, अमेरिका बोला: भुगतान नहीं करेंगे, जरूरत से ज्यादा दे चुके

पर असर पड़ सकता है। इसे अमे. रिकी कानून के खिलाफ भी माना जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2025 में राष्ट्रपति बनने के पहले ही दिन डब्ल्यूएचओ से बाहर होने का फैसला किया था। गुरुवार को अमे. रिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि डब्ल्यूएचओ बीमारियों को रोकने, संभालने और जानकारी शेयर करने में नाकाम रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) यूनाइटेड नेशन की एक खास एजेंसी है, जो वैश्विक स्वास्थ्य से जुड़े मामलों पर काम करती है।

हिटलर के बाद सबसे ताकतवर सेना बना रहा जर्मनी

युवाओं को 2.5 लाख महीने का ऑफर, ट्रम्प का धोखा और पुतिन से डर इसकी वजह

बर्लिन। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी ने लंबे समय तक सैन्य ताकत से दूरी बनाए रखी, लेकिन अब उसने सेना पर खर्च बढ़ा दिया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुता. बिक जर्मन सरकार यूरोप की सबसे ताकतवर सेना बनाने के मिशन पर निकल चुकी है। युवाओं को सेना में लाने के लिए करीब 2.5 लाख महीने तक का ऑफर दिया जा रहा है। रूस के बढ़ते खतरे और ट्रम्प के दौर में अमेरिका से टूटते भरोसे ने जर्मनी को यह एहसास दिला दिया है कि अब अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी उसे खुद ही उठानी होगी। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज मई 2025 में एक सैन्य समारोह में सैनिकों का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचे थे। रिपोर्ट के मुताबिक इस साल की शुरुआत से ही जर्मनी में 18 साल के लड़कों को एक

जरूरी फार्म भेजा जा रहा है। इसमें उनसे पूछा जा रहा है कि वे सेना में जाने के लिए शारीरिक और मान. सिक रूप से कितने सक्षम हैं। यह नियम पिछले महीने पास हुए एक नए कानून के बाद लागू किया गया है। वहां पर सेना में भर्ती होना स्वैच्छिक (इच्छा से) है, लेकिन नया कानून सरकार को यह अधिकार देता है कि अगर जरूरत पड़ी तो जरूरी सैन्य सेवा भी लागू की जा सकती है। सरकार का मकसद यूरोप की सबसे ताकतवर सेना बनाना है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार होगा। जर्मन सेना (बुंडेसवेयर) में पिछले साल नवम्बर तक एक्टिव आर्मी की संख्या 1 लाख 84 हजार थी। मई से नवम्बर 2025 के बीच इसमें 25000 का इजाफा किया गया। मई में ही चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने संसद से कहा था कि जर्मन सेना को 'यूरोप की सबसे मजबूत सेना' बनना होगा। बुंडेसवेयर के सैन्य इतिहासकार टीमो ग्राफ ने अल जजीरा से कहा कि बहुत लंबे समय के बाद सेना इतनी बड़ी हुई है।

इंसानों को संघर्ष छोड़, एकता के साथ होना चाहिए: सुनीता विलियम्स

कोझिकोड। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने इंसानों से संघर्षों पर पुनर्विचार करने और एकता का रास्ता अपनाने का आग्रह किया। सुविलियम्स ने केरल के कोझिकोड में आयोजित 'केरल लिटरेचर फेस्टिवल' (केएलएफ) में पृथ्वी पर जीवन के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे अंतरिक्ष से देखने पर पृथ्वी पर राष्ट्रों की सीमाएं गायब हो जाती हैं और पृथ्वी एक साझा घर के रूप में दिखाई देता है। अंतरिक्ष यात्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक-दूसरे से लड़ने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि अंतरिक्ष से देखने पर पृथ्वी एक साझा घर की तरह दिखती है।

जेलेंस्की बोले: पुतिन के पास पैसा खत्म, तो जंग भी खत्म

अगर अमेरिका रूसी तेल टैंकर रोक सकता है, तो यूरोप क्यों नहीं

दावोस। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अगर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास पैसा खत्म हो जाएगा तो यूक्रेन जंग भी खत्म हो जाएगी। उन्होंने गुरुवार को यह बात स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनामिक फोरम में कही। उन्होंने कहा कि जब अमेरिका रूसी तेल टैंकर रोक सकता है और तेल जब्त कर सकता है तो यूरोप क्यों नहीं करता। यूरोप के तटों से होकर जाने वाला यही तेल यूक्रेन के खिलाफ जंग को पैसा दे रहा है। अगर पुतिन के पास पैसा नहीं बचेगा तो यूरोप में कोई युद्ध नहीं बचेगा।

जेलेंस्की ने कहा कि यही रवैया पहले ईरान के साथ भी देखा गया। वहां लोग आजादी के लिए सड़कों पर उतरे लेकिन आंदोलनों को खून में डुबो दिया गया और दुनिया चुप रही। उन्होंने यूरोप को याद दिलाया कि रूस की संपत्तियां फीज तो की गईं, लेकिन जब उन्हीं पैसों से यूक्रेन की रक्षा की बात आई तो फैसला रोक दिया गया।

■ जेलेंस्की ने संघर्ष विराम को लेकर कहा कि अमेरिका के साथ अभी तक कोई पक्का समझौता नहीं हुआ है

जेलेंस्की ने कहा कि रूस के खिलाफ 'वार क्राइम ट्रिब्यूनल' बनाने को लेकर सिर्फ बैठकें हुई नतीजा कुछ भी नहीं निकला। उन्होंने सीधे पूछा कि क्या यह समय की कमी है या राजनीतिक हिम्मत की। जेलेंस्की ने माना कि सुरक्षा गारंटी पर बातें हो रही हैं और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने जो वादे किए हैं उसके लिए वे आभारी हैं, लेकिन हर बार बात अटक जाती है। आखिर में कहा जाता है कि ट्रम्प का सहारा चाहिए। जेलेंस्की ने संघर्ष विराम को लेकर कहा कि अमेरिका के साथ अभी तक कोई पक्का समझौता नहीं हुआ है। जेलेंस्की ने संघर्ष विराम को लेकर कहा कि अमेरिका के साथ अभी तक कोई पक्का समझौता नहीं हुआ है। जेलेंस्की ने कहा कि यूरोप को अब अपनी सुरक्षा खुद करनी होगी। नाटो पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि यह संगठन सिर्फ इस भरोसे पर टिका है कि अमेरिका जरूरत पड़ने पर आगे आएगा, लेकिन अगर अमेरिका नहीं आया तो क्या होगा। उन्होंने कहा कि यूरोप को आत्मरक्षा करना सीखना होगा। वो ग्रीनलैंड में 14 या 40 सैनिक भेजकर क्या हासिल करना चाहता है? इससे पुतिन को क्या मैसेज जाता है, चीन को क्या मैसेज जाता है और शायद सबसे जरूरी बात, इससे डेनमार्क को क्या मैसेज जाता है ,उन्होंने कहा कि यूक्रेन को ठंडे इलाकों में लड़ने का असली अनुभव है और वह ग्रीनलैंड की रक्षा कर सकता है लेकिन वह नाटो का सदस्य नहीं है। ईरान और बेलारूस का जिक्र करते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि जब आजादी के लिए लड़ने वालों की मदद नहीं की जाती तो उसके नतीजे लौटकर आते हैं। बेलारूस में रूस ने मिसाइलें तैनात कर दीं और मिसाइलें सिर्फ दिखावे के लिए नहीं होतीं। जेलेंस्की ने कहा कि ग्रीनलैंड के मामले में भी यूरोप वही गलती कर रहा है और यह सोचकर बैठा है कि कोई और आकर समस्या सुलझा देगा जबकि इस बीच रूस की युद्ध मशीन लगातार चल रही है।